इकाई 1. मनोविकृत विज्ञान का परिचय एवं एवं ऐतिहासिक परिपेक्ष्य (Introduction & Historical perspective of Psychopathology)

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 असामान्य मनोविज्ञान का अर्थ
1.4 असामान्य मनोविज्ञान से सम्बन्धित प्रत्यय
1.5 असामान्य मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
1.6 पूर्व वैज्ञानिक काल (पुरातन समय से लेकर 1800 तक)
1.7 असामान्य मनोविज्ञान का उद्भव (1801 से 1950 तक)
1.8 आज का असामान्य मनोविज्ञान (1651 से लेकर आज तक)
1.9 सारांश
1.10 शब्दावली
1.11 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न
1.12 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
1.13 निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

प्रकृति ने मनुष्य को अनके गुणों से सँवारा है। इन्हीं गुणों में से एक गुण जिज्ञासा का भी है। इस गुण के कारण मनुष्य अपने बारे में तथा दूसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करता है। और इसी कोशिश में अलग-अलग विज्ञानों का जन्म हुआ। इन्हीं में से एक मुख्य विज्ञान है, मनोविज्ञान । जब व्यक्ति ने अपने व्यवहारों को तथा दूसरों के व्यवहारों को वातावरण के परिप्रेक्ष्य में समझने की कोशिश की तो मनोविज्ञान का जन्म हुआ। फिर इसकी कई शाखाएँ विकसित हो गई जिनमें सामान्य मनोविज्ञान, बाल मनोविज्ञान, असामान्य मनोविज्ञान, प्रयोगात्मक मनोविज्ञान, समाज मनोविज्ञान, नैदानिक मनोविज्ञान, शिक्षा मनोविज्ञान और व्यावहारिक मनोविज्ञान आदि मुख्य हैं ।

असामान्य मनोविज्ञान की एक ऐसी शाखा है जिसमें व्यक्तियों के असामान्य व्यवहारों एवं मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करते हैं तथा इसकी विषय वस्तु मुख्यतः कुसमायोजित व्यवहारों एवं विघटित व्यक्तित्व का अध्ययन करने एवं उपचार के तरीकों से समबन्धित है।

असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की एक बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी शाखा है इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के असामान्य व्यवहारों तथा मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करना है और आजकल इसे मनोविकृत्ति विज्ञान कहा जाता है। आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिन्दगी में आज मनोविज्ञान की यह शाखा आपरिहार्य बनती जा रही है। इसकी जानकारी स्वयं के लिए तो उपयोगी है ही साथ ही दूसरों की भी सहायता करके उसे स्वस्थ मानसिक जीवन व्यतीत करने में हम उसकी मद्द कर सकते हैं|

1.2 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप-

- असामान्य मनोविज्ञान के बारे में बता सकेंगे।
- असामान्य मनोविज्ञान से सम्बन्धित प्रत्ययों (concepts) के बारे में जान सकेगें|
- असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास के बारे में बता सकेंगे|
- आज के असामान्य मनोविज्ञान के बारे में बता सकेंगे|

1.3 असामान्य मनोविज्ञान का अर्थ

सम्भवतः एबनार्मल (Abnormal) शब्द की उत्पत्ति (Ano+Melos = Not Regular) अर्थात जो नियमित नहीं है| अतः असामान्य व्यवहार वह व्यवहार है जो नियमित नहीं है। इस प्रकार असामान्य शब्द का शाब्दिक अर्थ है- सामान्य से दूर हटा हुआ व्यवहार। उक्त दोनों शब्दों का शाब्दिक अर्थ मौलिक रूप से एक समान है। किस्कर के अनुसार,वे "मानव व्यवहार एवं अनुभूतियाँ जो साधारणतः अनोखे, असाधारण या पृथक है, असामान्य समझे जाते हैं"

दूसरे शब्दों में ''असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसमें असामान्य व्यवहार एवं असामान्य व्यक्तित्व का अध्ययन किया जाता है"| यह असामान्य व्यवहार असमायोजित (maladjusted)व्यवहार होता है,जो व्यक्ति और समूह दोनो के लिए हानिकारक है। असामान्य व्यवहार का अध्ययन सामान्य मनोविज्ञान की विधियों प्रत्यय, नियमों और खोजों के आधार पर ही किया जाता है।'' असामान्य मनोविज्ञान में अनेक प्रकार की असमानताओं का अध्ययन किया जाता है जैसे- मनोविक्षिप्तता (psychosis), मनस्ताप (psycho-neurosis), मनोदैहिक विकार(psychosomatic disorder), मानसिक दुर्बलता(mental retardation), अपराध, मद्यपान (alcoholism), सामाजिक व्याधियों (social disorder) से सम्बन्धित व्यवहारों को अध्ययन किया जाता है।

रीगर (1998) के अनुसार- "असामान्य व्यवहार ऐसा व्यवहार होता है जो सामाजिक रूप से दुखदायी एवं विकृति संज्ञान के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है क्योंकि ऐसे व्यवहार से व्यक्ति को सामान्य समायोजन में कठिनाई होती है। इसलिए इसका स्वरूप कुसमायोजी भी होता है।"

बारलो या डूरंड (1999) ने असामान्य व्यवहार की काफी विस्तृत परिभाषा दी । इनके अनुसार "असामान्य व्यवहार व्यक्ति के भीतर मनोवैज्ञानिक दुष्क्रियता की स्थिति होती है जो कार्यों में व्यथा या हानि से जुड़ा होता है तथा एक ऐसी अनुक्रिया होती है जो प्रतिनिधिक या सांस्कृतिक रूप से प्रत्याशिप नहीं होती है।"

असामान्य व्यवहार को विभिन्न विशेषताओं (कसौटियों) के आधार पर परिभाषित करने की कोशिश की गई है।

(क) सांख्यिकीय बारम्बारता (statistical frequency) की कसौटी- इस कटौती के अनुसार वे सभी व्यवहार असामान्य है जो सांख्यिकीय रूप से अबारम्बार होते हैं अर्थात वे

सभी व्यवहार असामान्य होते हैं जो सांख्यिकीय औसत से विचलित(deviated) होते हैं |जो व्यवहार उस औसत में आते हैं, वे सामान्य कहलाते हैं और जो उससे भिन्न होते हैं उसे असामान्य कहा जाता है| जैसे- जिन व्यक्तियों की बुद्धि-लब्धि(I.Q.) 70 से कम होती है। उनकी बुद्धि इतनी कम समझी जाती है कि उस व्यक्ति को मानसिक रूप से मंद होने की संज्ञा दी जाती है |अतः इस कसौटी के अनुसार व्यक्ति के औसत निष्पादन(performance) को ही सामान्य कहा जायेगा और जो इस निष्पादन से विचलित होता है उसे असामान्य कहा जायेगा।

इस कसौटी का मुख्य दोष यह है कि न केवल औसत से कम बुद्धि लब्धि वाले बल्कि औसत से ऊपर 140 से 160 से अधिक बुद्धि लब्धि वाले भी असामान्य कहलायेगे जो गलत होगा। इस कसौटी का कोई स्वष्ट मूल्य नहीं है। अतः यह कसौटी मनोवैज्ञानिकों को स्पष्ट निर्देश नहीं देती है कि कौन से अबारम्बार का उसे अध्ययन करना चाहिए।

(ख) मानक अतिक्रमण (norms violation)की कसौटी- हर व्यक्ति एक समाज में रहता है /सका अपना मानक होता है कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति मानक के अनुकूल व्यवहार करता है उसे सामान्य और जो व्यक्ति मानक के विपरीत व्यवहार करता है उसे असामान्य कहा जाता है। जैसे -कुछ समाज के मानक ऐसे हैं जिनमें अपने ही चचेरे-फुफेरे भाई बहन में शादी को सामान्य समझा जाता है जबकि कुछ समाज में ऐसे व्यवहार को असामान्य समझा जाता है। अतः इस तरह का व्यवहार इस परिस्थिति में मानक अतिक्रमण नहीं कहलायेगा।

जबकि दूसरी परिस्थिति में मानक अतिक्रमण कहलायेगा और उसे असामान्य व्यवहार कहा जायेगा।

इस कसौटी का मुख्य दोष यह है कि एक ही व्यवहार एक समाज या संस्कृति में सामान्य हो सकता है परन्तु वही व्यवहार दूसरे समाज में असामान्य हो सकता हे। अतः इस कसौटी के अनुरूप असामान्य व्यवहार की कोई परिभाषा देना संभव नहीं है।

(ग) व्यक्तिगत व्यथा(individual distress) की कसौटी- अर्थात यदि व्यक्ति का व्यवहार ऐसा है जिससे उसमें अधिक तकलीफ तथा यातना उत्पन्न होती है तो उसे असामान्य व्यवहार कहा जायेगा। चिन्ता(anxiety), विषाद(depression) से ग्रस्त व्यक्तियों को अधिक यातना सहनी पड़ती है। अतः इनके व्यवहार को इस कसौटी के अनुरूप निश्चित रूप से असामान्य व्यवहार कहा जाता है। पहली दो कसौटियों की तुलना में यह अधिक उदारवादी(liberal) है क्योंकि इसमें लोग अपनी सामान्यता की परख स्वयं करते हैं न कि समाज या कोई विशेषज्ञ। एक यही कसौटी ऐसी है जिसका प्रयोग कम गंम्भीर मानसिक विकृतियों(mental disorders) की पहचान करने में किया जाता है। अधिकतर लोग जो मनश्चिकित्सा के लिए आते हैं वे असामान्य नहीं होते हैं बल्कि वे इसलिए आते हैं क्योंकि वे अपनी जिंदगी के व्यवहार से काफी तंग आ चुके होते हैं।

कुछ विकृतियाँ ऐसी होती हैं जो व्यक्ति में कोई व्यथा, चिन्ता या यातना उत्पन्न नहीं करती हैं। जैसे- मनोविकारी रूप तरह तरह के समाज विरोधी व्यवहार करते हैं परन्तु न तो उनमें

कोई चिन्ता उत्पन्न होती है और न ही कोई दोष भाव |अतः ऐसे व्यवहार को असामान्य व्यवहार नहीं कहा जा सकता है।

(घ) अयोग्यता(inefficiency) की कसौटी- यदि कोई व्यक्ति अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने में अयोग्यता के कारण असमर्थ रहता है तो उसके इस व्यवहार को असामान्य व्यवहार कहा जायेगा। जैसे- यदि कोई पानी के जहाज से कहीं जाने में इतना डरता है कि वह पदोन्नति(promotion) को भी त्याग देता है तो इस तरह की अयोग्यता को असामान्य व्यवहार माना जायेगा। अनेक शाधों द्वारा यह पता चला है कि असामान्य व्यवहार का एक महत्वपूर्ण तत्व दुष्क्रिया(dysfunction) है जैसे- यदि कोई व्यक्ति अच्छा तैरना जानता है और वह पानी में जाने से काफी डरता है तो ऐसे दुष्क्रियात्मक व्यवहार को असामान्य व्यवहार कहा जायेगा।

अयोग्यता एक ऐसी कसौटी है कि जो कुछ व्यवहार के लिए सही है न कि सभी तरह के व्यवहार के लिए। जैसे पुलिस सेवा में भर्ती के लिए निर्धारित शारीरिक ऊंचाई का किसी व्यक्ति में न होना यह एक ऐसी अयोग्यता है जिसे असामान्य व्यवहार में नहीं रखा जा सकता है।

(ङ) अप्रत्याशा(unexpected) की कसौटी- डेविसन तथा नील (1996) ने इस कसौटी को असामान्य व्यवहार का एक महत्वपूर्ण तत्व माना और वास्तव में असामान्य व्यवहार पर्यावरणीय तनाव उत्पन्न करने वाले उद्दीपक के प्रति एक तरह की अप्रत्याशित अनुक्रिया होती है। उदाहरण के लिए जब व्यक्ति आर्थिक सम्पन्नता के बावजूद भी अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में लगातार चिन्तित रहता है और जब यह चिन्ता सामान्य से अधिक बढ जाती है तो उस व्यक्ति में चिन्ता रोग उत्पन्न हो जाते हैं लेकिन सभी तरह के अप्रत्याशित व्यवहार को असामान्य व्यवहार नहीं कहा जा सकता है। जैसे- रास्ते में जाते समय अचानक सांप देखकर चिल्लाना एक अप्रत्याशित व्यवहार है परन्तु इसे हम असामान्यता की श्रेणी में नहीं रख सकते हैं।

अतः असामान्य व्यवहार को समझने के लिए कई कसौटियों या दृष्टिकोण को समझना आवश्यक है। असामान्य व्यवहार वह व्यवहार है जो-

i. जो सामाजिक मानकों से विचलित या भिन्न है।
ii. जो व्यक्ति को कष्ट या तकलीफ में डालता है।
iii. जो समायोजन में कठिनाई उत्पन्न करता हो।
iv. जो व्यक्ति के साथ-साथ समूह और समाज के लिए भी समस्याऐं या संकट उत्पन्न करता हो।

असामान्य मनोविज्ञान या मनोविकृत्ति को समझने के लिए असामान्य व्यवहार की विशेषताओं को समझना अत्यन्त आवश्यक है--

1) असामान्य व्यवहार करने वाले व्यक्ति का समायोजन काफी खराब हो जाता है। व्यक्ति को जीवन की विभिन्न परिस्थितियों के साथ समायोजन करना काफी मुश्किल हो जाता है जबकि सामान्य व्यक्ति का समायोजन अच्छा होता है।

2) जो व्यक्ति मानसिक बीमारियों से ग्रसित होते हैं उन व्यक्तियों में मानसिक संतुलन का अभाव रहता है। पल-पल में उनके मन के विचार बदलते रहते हैं| ये अपने विचार- भाव का ठीक ढंग से प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।
3) असामान्य व्यक्तियों का व्यवहार समाज विरोधी होता है| वे समाज के नियमें परम्पराओं को अधिक महत्व नहीं देते है इसलिए वे चोरी, डकैती , हत्या, लूटपाट, बलात्कार जैसे अपराध करने में नहीं घबराते हैं| सामाजिक नियमों का उल्लंघन उनके लिए एक साधारण बात होती है।
4) असामान्य लोगों में असुरक्षा, डर की भावना अधिक मात्रा में पाई जाती है| उन्हें अन्य से हमेशा नुकसान का खतरा बना रहता है।
5) जो व्यक्ति मानसिक विकृतियों (बीमारियों) से ग्रसित होते हैं, उनके व्यवहार में प्रायः सूझ की कमी पाई जाती है। ऐसे व्यक्ति उचित अनुचित, अच्छे, बुरे में अन्तर नहीं कर पाते हैं।
6) मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों में आत्म सम्मान का अभाव पाया जाता है| उनमें स्वयं के प्रति अच्छी भावनाओं का अभाव पाया जाता है। उनमें स्वयं के प्रति हीनता का भाव रहता है जैसे- वे दुनिया का सबसे खराब व्यक्ति है। उससे कोई काम नहीं हो सकता आदि।
7) असामान्य व्यक्तियों को अपने किसी भी कार्य पर कोई पश्चाताप(remorse) नहीं होता है। वे यह मानने को बिल्कुल तैयार नहीं होते हैं कि उन्होंने कोई गलती की है।
8) व्यक्तियों में संवेगात्मक स्थिरता(emotional stability) का अभाव पाया जाता है| उनमें तनाव(stress), असंवेदनशीलता(insensitivity) अधिक देखने को मिलती है।
9) मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों में स्वयं को उचित रूप से समझ सकने की क्षमता का अभाव उत्पन्न हो जाता है। वह किसी भी समस्या या प्रश्न के बारे में ठीक से समझ या सोच नहीं पाता है।
10) असामान्य व्यक्तियों में पूर्व अनुभव से लाभ उठाने की योग्यता का भी अभाव पाया जाता है। क्योंकि उसमें व्यावहारिक अस्थिरता व असन्तुलन पाया जाता है।

1.4 असामान्य मनोविज्ञान से सम्बन्धित प्रत्यय

अनेक ऐसे प्रत्यय है जिसका प्रयोग असामान्य मनोविज्ञान के लिए या उनके स्थान पर किया जाता है जैसे-

- **नैदानिक मनोविज्ञान(clinical psychology)**- नैदानिक मनोविज्ञान का सम्बन्ध मानसिक रोगों का वर्णन, वर्गीकरण, निदान तथा पूर्वानुमान से होता है। यह असामान्य मनोविज्ञान का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसका मुख्य उद्देश्य असामान्य व्यवहार का अध्ययन मूल्यांकन उपचार एवं रोकथाम है।
- **मनोरोग विज्ञान(psychiatry)**- मनोरोग विज्ञान को चिकित्सा विज्ञान की शाखा माना जाता है। यह नैदानिक मनोविज्ञान से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित है। इसमें अन्तर सिर्फ इतना है कि मनोचिकित्सक असामान्य व्यवहार की पहचान एवं उपचार चिकित्साशास्त्र के समप्रत्यों के आधार पर न कर व्यावहारिक आधार पर करते हैं।

- **मनोचिकित्सकीय समाजिक कार्य(psychiatric social work)-** यह भी असामान्य मनोविज्ञान से सम्बन्धित विज्ञान है, इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक परिवेश(social environment) का विश्लेषण तथा पारिवारिक परिवेश(family environment) एवं सामुदायिक परिवेश(communal environment) में व्यक्ति को समायोजन स्थापित करने में सहायता प्रदान करना है।
- मनोविकृति विज्ञान**(psychopathology)**- मनोविकृति विज्ञान के अन्तर्गत असामान्य व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

1.5 असामान्य मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

असामान्य व्यवहार का अध्ययन कोई नया विषय नहीं है बल्कि इसका एक लम्बा और रोचक इतिहास है। अति प्राचीन काल में यद्यपि असामान्य व्यवहार की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख मनोवैज्ञानिकों के पास नहीं है। उस समय से लेकर आज तक का असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास को फिस्कर ने तीन मुख्य भागों में बाँटा है-

1. पूर्व वैज्ञानिक काल(pre-scientific era)
2. असामान्य मनोविज्ञान का आधुनिक उद्भव(modern emergence)
3. आज का असामान्य मनोविज्ञान

1.6 पूर्व वैज्ञानिक काल (पुरातन समय से लेकर 1800 तक)

पूर्व काल की शुरूआत पुराने लोगों द्वारा असामान्य व्यवहार के अध्ययन से होती है और 18वीं शताब्दी तक किये गये सभी अध्ययनों को इसमें शामिल किया गया है। इस काल में मानसिक रोगियों एवं उनके उपचार के बारे में चिकित्सकों एवं लोगों के विचारों में एक अजीब उतार- चढा़व आया। इस पूर्व वैज्ञानिक काल में चार भागों में बाँटा गया है।

1) **पाषाण युग(stone age)-** प्राचीनकाल में ग्रीक, चीन तथा मिस्र आदि देशों के लोगों का कहना था कि जब व्यक्ति के प्रति ईश्वर की कृपा दृष्टि समाप्त हो जाती है तो ईश्वर की ओर से अभिशाप या दण्ड के रूप में व्यक्ति में असामान्य व्यवहार विकसित हो जाता है। प्राचीनकाल मानसिक बीमारियों के प्रति लोगों का विचार इस जीववाद से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था इस विचारधारा के अनुसार संसार की प्रत्येक वस्तु जैसे- हवा, पानी, पेड़-पौधे आदि के भीतर कोई अलौकिक जीव होता है, और इन सभी वस्तुओं में गति इस लिए होती है क्योंकि उसके भीतर देवता (अलौकिक शक्ति) का वास होता है। जीववाद के अनुसार व्यक्ति द्वारा असामान्य व्यवहार प्रदर्शित करने का मूल कारण उसमें किसी आत्मा या भूत-प्रेत का प्रवेश कर जाना है। अर्थात जब किसी व्यक्ति के शरीर पर किसी बुरी आत्मा का अधिकार हो जाता है तो व्यक्ति मानसिक रोग से ग्रस्त हो जाता है। इस समय उपचार की दो विधियाँ प्रचलित थी- अपदूत निसारन, ट्रीफाईनेशन।

अपदूत निसारत विधि में विभिन्न तकनीकों के सहारे बुरी आत्मा को बाहर निकाला जाता था। इसमें प्रार्थना,जादू-टोना, शोरगुल, झाड़-फूंक, कोड़े लगाना, भूखे रखना आदि प्रविधियाँ शामिल हैं । उस समय के चिकित्सकों को विश्वास था कि इन सभी प्रविधियों को अपनाने से मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति का शरीर इतना कष्टदायक या दुःखद हो जायेगा कि बुरी आत्मा उसके शरीर को छोड़कर चली जाऐगी और व्यक्ति स्वस्थ हो जायेगा| बाद में इस विधि की लोक प्रियता ग्रीस, चीन, मिस्र के देशों के पुजारियों में जो उस समय(मानसिक रोगों के) चिकित्सक थे, उनमें काफी बढ़ गई।

ट्रीफाइनेशन विधि, जिसमें मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति को नुकीले पत्थरों से मारकर व्यक्ति की खोपडी़ में छेद कर बुरी आत्मा को बाहर निकल जायेगी और व्यक्ति स्वस्थ हो जायेगा।

2) **प्रारम्भिक दर्शन-** आज से लेकर लगभग 2500 वर्ष पहले मानसिक रोगी तथा असामान्य व्यवहार के सम्बन्ध में एक विवेकी और वैज्ञानिक विचारधारा का जन्म हुआ। इसका श्रेय ग्रीक चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को जाता है। मानसिक रोगों के सम्बन्ध में हिप्पोक्रट्स ने एक क्रान्तिकारी विचारधारा व्यक्त करते हुए कहा है कि मानसिक या शारीरिक रोगों की उत्पत्ति कुछ स्वाभाविक कारणों से होती है न कि शरीर के भी कुछ बुरी आत्मा के प्रवेश कर जाने से । इन प्रारम्भिक एवं चिकित्सकीय विचारधाराओं को निम्न में बाँटा गया है-

हिप्पोक्रेटस के अनुसार शारीरिक या मानसिक रोगों की उत्पत्ति कुछ स्वाभाविक कारणों से होती है और ऐसे रोगियों को मानवीय देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया। इनके अनुसार सभी बौद्धिक क्रियाओं का केन्द्रीय भाग मस्तिष्क होताहैं और इस तरह मानसिक बीमारियों का मूल कारण मस्तिष्कीय मनोविकृति है। उनका मानना है कि मस्तिष्क में आघात होने पर व्यक्ति में संवेदी तथा पेशीय कार्यों से सम्बन्धित बीमारियाँ उत्पन्न हो सकती है। साथ ही पर्यावरणीय कारकों को भी इससे जोडा़ और कहा कि ऐसे मानसिक रोगियों को एक स्वच्छ वातावरण में रखा जाना चाहिए ताकि उन्हें रोग से जल्द से जल्द छुटकारा मिल सके।

कुछ खास बीमारियों जैसे हिस्टीरिया के बारे में बताया कि यह बीमारी सिर्फ लड़कियों में होती है। यद्यपि हिप्पोक्रेट्स के विचारों की मान्यता आजकल नहीं रह गई है फिर भी उनके विचार उस समय इतने क्रान्तिकारी थे कि मानसिक रोग के सम्बन्ध में दुष्ट-आत्मा-संबंधी विचार समाप्त हो गए और उसी जगह इन रोगों के सम्बन्ध में एक स्वस्थ विवेकी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की शुरूआत हो गई।

<u>प्लेटो एवं अरस्तु का योगदान-</u>

प्लेटो का विचार है कि मानसिक रोगी अपने अपराधजन्य क्रियाओं के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं होते हैं। अतः उन्हें सामान्य अपराधियों की तरह दण्डित नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि उनके प्रति माननीय दृष्किोण अपनाने, उनके सगे-संबंधियों द्वारा उन पर निगरानी रखे जाने की आवश्यकता तथा मानवीय ढंग से व्यवहार करने की आवश्यकता पर जारे दिया। प्लेटो ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'रिपब्लिक' में बौद्धिक एवं अन्य क्षमताओं सम्बद्ध वैयक्तिक भिन्नता के महत्व पर विशेष बल दिया और बताया कि व्यक्ति का व्यवहार एवं चिन्तर सामाजिक

कारकों द्वारा काफी हद तक निर्धारित होते हैं। इन सभी आधुनिक विचारों के बसवजुद भी प्लेटो का विचार थाकि मानसिक रोग तथा असामान्य व्यवहार अंशतः दैविक कारकों द्वारा भी होता है।

उत्तर ग्रीक एसं रोमनवासिसयों का योगदान-

हिप्पोक्रेटस के बाद ग्रीक एवं रोमन चिकित्सा मानसिक रोगियों एवं असामान्य व्यवहारों के अध्ययन मं उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करते रहे। इनमें मुख्यतः मिश्र के चिकित्सा विज्ञान में काफी प्रगति हुई और यहाँ के अनेक मन्दिरों एवं गिरिजाघरों को प्रथम दर्जे के आरोग्यशाला में बदल दिया गया। जहाँ के सुखद मनोरम एवं आनन्ददायक वातावरण में मानसिक रोगियों को रखने को विशेष प्रावधान किया गया। कुछ रोमन चिकित्सकों, एस्कलेपियड्स ने सबसे पहले तीव्र एवं गम्भीर (चिरकालिक) मानसिक रोगों के बीच अन्तर स्पष्ट किया तथा भ्रम-विभ्रम तथा व्यामोह के बीच अन्तर किया। सिसेरों ऐसे ही पहले चिकित्सक थे जिन्होंने बताया कि शारीरिक रोगों की उत्पत्ति में सांवेगिक कारकों की भूमिका अधिक होती है। बाद में ऐरेटियस ने बताया कि उन्माद तथा विषाद एक ही बीमारी की दो मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति है। इनके अनुसार जो लोग चिड़चिड़े होते हैं, आक्रोशी होते है, उनमें उन्माद और जो लोग सुस्त व गम्भीर प्रकृति के होते हैं उनमें विषाद जैसे मानसिक रोग होने की सम्भावना अधिक होती है। गेलेन ऐसे चिकित्सक थे जिन्होंने मानसिक रोग को मूलतः दो भागों में बाँटा-शारीरिक कारण और मानसिक कारण। मानसिक कारणों में क्षतिग्रस्त हो जाना, अधिक नशा करना, भय, आर्थिक मन्दता तथा प्रेम में निराशा आदि मुख्य है।।

जब ग्रीस एवं रोम सभ्यता का सूर्य अस्त होने लगा था तो इन देशों के दार्शनिकों एवं चिकित्सकों द्वारा मानसिक एवं असामान्य व्यवहार के बारे मे बताए गस विचार प्रभावहीन होने लगे और फिर लोगों ने मानसिक रोग को कराण दुष्ट आत्मा का शरीर में प्रवेश कर जाना एवं दैवीय प्रकोप माना। इसे मनोविज्ञान के इतिहास में अन्धकार का युग कहा जाता है।

इस्लामिक देशों के ग्रीक विचारों की मान्यता इस समय कुछ इस्लामिक देशों में असप्ताल के ग्रीक चिकित्सकों की विचारों का प्रभाव पड़ा और बगदाद में पहला मानसिक अस्पताल खोला गया। इन मानसिक अस्पतालों में रोगियों के साथ मानवीय व्यवहार करने तथा उपचार के मानवीय ढंगपर अधिक बल दिया गया। इस्लामिक चिकित्सा विज्ञान के सबसे प्रमुख चिकित्सक एविसिना थे। जिन्हे चिकित्सकों का राजकुमान कहा जाता है, इन्होनें अपनी पुस्तक 'दि कैनन ऑफ मेडिसिन' में कुछ मानसिक रोगों जैसे हिस्ट्रिया, मिरगी, उन्माद आदि का वर्णन किया और इससे मानवीय उपचार को बड़ावा मिला।

3) **मध्य युग-** प्रारम्भिक दार्शनिक और मध्य युग मानसिक रोगियों के चिार लगभग एक जैसे थे। ग्रीस एवं रोमन सभ्यता के सूर्यास्त होने के बाद मध्य युग के प्रारम्भ तक लोग मानसिक रोगियों में सिी शैतानी आत्मा या ईश्वरीय प्रकोप का प्रवेश मानते रहे। मध्य युग के उत्तरार्द्ध में असामान्य व्यवहार में एक नई प्रवृत्ति देखी गई वह भी सामूहिक पागलपन की प्रवृत्ति। यह बीमारी यूरोप के बड़े भाग में फैल गई। सामूहिक पागलपन की महामारी में जैसे ही किसी व्यक्ति में हिस्टीरिया के लक्षण दिखाई देते थे। देखते ही देखते अन्य लोग भी इससे प्रभावित होने लगते थे और सभी अपने घरों से बाहर आकर उछलना, रोना एक-दूसरे के कपड़े फाड़ना

आदि शुरू कर देते थे। बाद में फिर वही पुराना तरीका जैसे प्रार्थना, झाड़, फूंक कोड़े से पिटाई, भूखा रहना आदि अपनायो जाने लगे। इस युग के अन्त तक लोगों का ईश्वर विश्वास काफी सुदृढ़ हो गया। इनके अनुसार दुष्ट आत्मा का आधिपत्य दो तरह से होता हे। पहला यह कि जिसमें व्यक्ति को अने पापों के कारण ईश्वर के अभिशाप के रूप में कोई दुष्ट आत्मा व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरूद्ध उसे पकड़ लेता है और शारीर मं प्रवेश कर उसमें मानसिक रोग उत्पन्न करता है। अपनी इच्छानुसार दुष्ट आत्मा से दोस्ती कर लेता है और असामान्य व्यवहार करने लगता है। और व्यक्ति शैतान के साथ मिलकर उसकी अलौकिक शक्ति प्राप्त कर भयानक सामाजिक उपद्रव करता है। इस तरह के रोगियों को जादूगर या डाइन समझा जाने लगा। इनका उपचार करने के लिए इन्हें कठोर शारीरिक दण्ड यिा जाता था। फलस्वरूप मध्य युग में असामान्य व्यवहार एवं मानसिक रोग के क्षेत्र में एक तरह से अधंकार ही रहा। न तो मानसिक रोगियों के उपचार को कोई तरीका निकाला गया और न ही कोई मानवीय मनोवृत्ति अपनाई गई।

15वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में लोगों का विश्वास काफी सृदृढ़ हो गया कि दृष्ट आत्मा का आधिपत्य दो प्रकार का होता है-एक अधिपत्य वह होता है जिसमें व्यक्ति के अपने पापों को उसकी इच्छा के विरूद्ध उसे पकड़ लेता है और शरीर में प्रवेश कर उसमें मानसिक रोग उत्पन्न करता है या उसे पागल बना देता है। तथा दूसरा अधिपत्य वह होता है व्यक्ति अपनी इच्छानुसार दुष्ट आत्मा से दोस्ती कर लेता है और असामान्य एवं असंगत व्यवहार करने लगता है। इस दूसरे तरह के व्यवहार में व्यक्ति शैतान के साथ मिलकर उसकी अलौकिक शक्ति प्राप्त करता है। इस तरह के मानसिक रोगियों को जादूगरनी या डाइन समझा जाने लगा। 15वीं शताब्दी के अनत तक इन दोनों तरह के मानसिक रोगियों में इस तरह का अन्तर समाप्त हो गया। और सभी मानसिक रोगियों को जादूगर या डाइन समझा जाने लगा। फलतः उनका व्यवहार भी कठोर से कठोर शारीरिक दण्ड देकर जैसे उन्हे कोड़े मारकर, उनके कुछ अंगों को जलाकर किया जाना था।

मध्य युग में मानसिक रोग एवं असामान्य व्यवहार के अध्ययन के क्षेत्र में एक तरह से अधंकार ही अधंकार रहा। इस युग में उपचार का कोई भी वैज्ञानिक तरीका नहीं निकल पाया और न ही इन मानसिक रोगियों के प्रति कोई मानवीय तरीका या मनोवृत्ति ही अपनाई गई।

4) **मानवीय दृष्टिकोण-** 16वी शताब्दी के प्रारम्भ में ही मानसिक रोगियों के प्रति अमानवीय व्यवहार के विरूद्ध आवाज उठने लगी थी और कहा जाने लगा कि यह एक बीमारी है और इसका उपचार मानवीय ढंग से किया जाना चाहिए। इस दृष्टिकोण के अन्तर्गत जिन चिकत्सकों ने अपना योगदान दिया उनका नाम असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिया गया- असामान्य रोगियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने वाले प्रमुख चिकित्सक पारासेल्सस जोहान वेयर रेजिनाल्उ स्काँट फिलिप पिनेल आदि मुख्य है। इन लोगों ने जब भिन्न जगहों पर रखें गए ऐसे मानसिक रोगियों की दशा देखी तथा उन पर किए गए शारीरिक अत्याचार का गहन रूप से निरीक्षण किया और स्पष्ट किया कि मानसिक रोग किसी बुरी आत्मा के प्रभाव के कारण नहीं होता है बल्कि यह एक प्रकार का रोग है। प्रारम्भ में लोगों ने इनका मजाक उडाया लेकिन मानवीय उपचार के बाद जब परिणाम अच्छे निकल

तथा रोगी ठीक होने लगे तो सभी लोगों ने मानवीय उपचार का स्वागत किया और उनाक साथ देने लगे।

स्पष्ट है कि असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास में उतार-चढाव आया। प्रारम्भ में लोगों ने असामान्य व्यवहार की व्याख्या जीववाद द्वारा की जिसमें मानकिसक रोग का कारण बुरी आत्मा व दैवीय प्रकोप माना। बाद में हिप्पोक्रेटस के अनुसार मानसिक रोग कुछ स्वाभाविक कारणों से होता है। मध्य युग के अन्तक असामान्य व्यवहार के प्रति मानवता का दृष्टिकोण अपनाया।

इस दृष्टिकोण के अन्तर्गत चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया है उनाक नाम असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है-

1) असामान्य के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने वाले एक प्रमुख चिकित्सक पारासेल्सस (1490-1541) जो स्पैनिश चिकित्सक थे इन्होंने सभी तरह के मानसिक रोगियों एवं सांवेगिक रूप से क्षुब्ध व्यक्तियों के मानवीय उपचार पर बल दिया था। इनका मानना था, कि मध्ययुग का नृत्य उन्माद किसी दूष्ट आत्मा के शरीर में प्रेवश के कारण नहीं होता था, बल्कि या एक तरह का रोग है जिसका उपचार मानवीय ढंग से होना चाहिए था।
2) जोहान वेयर (1515-1588)- जो एक जर्मन चिकित्सक थे ने भिन्न-भिन्न जगह पर कैदी के रूप में रखे गए मानसिक रोगियों की दशा देखी तथा उन पर किये गये शारीरिक अत्याचार का गहन रूप से अध्ययन किया और बताया कि उनका सही उपचार सिर्फ मानवीय तरीके से हो सकता है।
3) मानसिक रोगियों के प्रति सही अर्थ में मानवता का दृष्टिकोण एक फ्रेंच चिकित्सक फिलिप पिनेल(1745-1826) जिन्हें आधुनिक मनोरोग विज्ञान का जनक भी कहा जाता है के सक्रीय प्रयासों से प्रारम्भ हुआ। पिनेल को जब पेरिस के मानसिक अस्पताल ला विस्टरे का प्रभारी बनाया पर ग्रहण करते ही उन्होंने सबसे पहले अस्पताल के मानसिक रोगियों को जंजीरों से मुक्त कराया और उनके साथ मानवीय व्यवहार करने के आदेश दिये। उन्हें हवा व रोशनी से युक्त कमरे में रखा जाए, फलस्वरूप मानसिक रोगियों द्वारा पहले की जा रही शोरगुल व उत्तेजना के काफी कमी आ गई और उन्होंने उपचार में सहयोग करना प्रारम्भ कर दिया। और काफी उत्साहजनक परिणाम सामने आये। इस तर फ्रॉस संसार का पहला देश बन गया जहाँ मानसिक रोगियों के साथ मानवीय व्यवहार कर उनका उपचार किया जाने लगा और इसका प्रभाव संसार के अन्य देशों में भी पड़ा।

1.7 असामान्य मनोविज्ञान का उद्भव (1801 से 1950 तक)

पिनेल तथा टर्क द्वारा की गई मानवीय उपचार विधियों ने असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास में पूरे संसार में हलचल मचा दी। अमेरिका में इस हलचल की अभिव्यक्ति बेम्जामिन रश के कार्यों द्वारा होती है। इन्होंने पेन्सिलवेनिया अस्पताल में 1783 में कार्य शुरू किया और 1976 में मानसिक रोगियों के उपचार करने के ख्याल से एक अलग रोगी कक्ष बनवाया। जहां उनके मनोरंजन के तरह-तरह के साधान रख गए ताकि रूचिकर कार्यों को करने की ओर वे प्रेरित हों और उनके साथ अधिक से अधिक मानवीय व्यवहार पर बल दिया।

अमेरिका में 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में एक विशेष आन्दोदलन की शुरूआत एक महिला स्कूल शिक्षिका डोरथिया डिक्स (1802-1887) के सराहनीय प्रयासों से हुआ। दृष्टिकोण अपनाने की बात की जिनके अथक प्रयासों से मानसिक अस्पतालों में रखे गए रोगियों के साथ किये जाने वाले अमानवीय व्यवहार में कमी आई और मानवीय व्यवहारों में वृद्धि हुई। इन्होंने अपने जीवनकाल में 32 मानसिक अस्पताल खुलवाये और मानसिक रोगियों से सम्बन्धित सराहनीय एवं मानवतापूर्ण कार्य करने के लिए अमेरिका सरकार ने डिक्स को 1901 में पूरे इतिहास में मानवता का सबसे उत्तम उदाहरण बताया।

अमेरिका के अतिरिक्त (1800-1950) में फ्रांस जर्मनी, तथा आस्ट्रीया में भी असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में महत्पूर्ण कार्य किये। जिसमें फ्रान्स के मेसमर का नाम उल्लेखनीय है। इनके बहुमूल्य प्रयासों एवं कार्यो के परिणामस्वरूप मनोस्नायुविकृति को असामान्य मनोविज्ञान में एक अलेग एवं विशेष रोग माना जाने लगा। बाद में पेरिस के एक अस्पताल के प्रतिभाशाली तंत्रिका विज्ञानी शार्को थे। जिन्होंने हिस्टीरिया जैसे मानसिक रोग का उपचार सम्मोहन द्वारा सफलता पूर्वक किया। इन्होंने मानसिक रोगों का मुख्य मस्तिष्कीय अघात को माना। असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में शार्को का सबसे महत्वपूर्ण योगदान पेरिस के एक मशहूर शिक्षक के रूप में रहा जिनका मुख्य कार्य छात्रों को (जो बाद में मनोविज्ञान एव मनोरोग विज्ञान में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हुए) प्रशिक्षित करना था। उनके छात्रों में दो छात्र ऐसे थे जिनके प्रति हम आभारी है- सिगमण्ड फायड (1856-1939) तथा पाइरे जेनेट।

फ्रांस के अलावा जर्मनी में भी असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं जिसमें विलिहेम्स ग्रिसिंगर और इमिल फ्रेपलिन का नाम उल्लेखनीय है। इन दानों चिकित्सकों ने मानसिक रोगों का एक दैहिक आधार मानते हुए इस बात पर बल डाला कि मानसिक बीमारी भी किसी अंग विशेष में विकृति होने पर शारीरिक बीमारी होती है उसी तरह से मानसिक बीमारी भी किसी अंग विशेष में विकृति के फलस्वरूप होती है।

विलिहेल्म ग्रिसिगर ने 1845 में अपनी पुस्तक दृढ़तापूर्वक कि मानसिक रोगों का मुख्य कारण दैहिक होता है इन्होंने भिन्न भिन्न लक्षणों के आधार पर मानसिक रोगों को अलग-अलग भागो में बाँटा और इनके लक्षणों तथा उत्पत्ति के कारणों का विस्तृत उल्लेख किया। इन्होंने उत्साह-विषाद मनोविकृति जैसे मानसिक रोगों को बताया जो आज भी इन्हीं के नाम जाना जाता हें

19 वीं शताब्दी में आस्ट्रीया में सिगमण्ड फ्रायड जो एक महत्वपूर्ण तंत्रिका विज्ञानी तथा मनोरोग विज्ञानी थे ने महत्वपूर्ण कार्य किया फ्रायड पहले ऐसे मनोरोग विज्ञानी थे जिन्होने मानसिक रोगों के कारणों की व्याख्या में दैहिक कारकों के महत्व को कम एवं मनोवैज्ञानिक कारकों को अधिक महत्व दिया। असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में फ्रायड का योगदान मुक्त साहचर्य विधि अचेतन स्वप्न- विश्लेषण मनोलैगिंक सिद्धान्त मनोरचनाएं प्रमुख हैं इनके अनुसार सम्मोहित अवस्था में रोगी बिना किसी हिचकिचाहट के अपने संवेगों सघर्षों एव भावनाओ को प्रकट करता है। उन्होंने अपने अनुभवों एवं रोगियों के निरीक्षण के आधार पर यह भी बतलाया कि अधिकतर मानसिक संघर्ष तथा चिन्ता का स्रोत अचेतन होता है। ऐसे मानसिक संघर्ष दुश्चिन्ता एवं दःखद अभिप्रेरकों एवं संवेगों को व्याक्ति अपने चेतन से हटाकर अचेतन में दमित कर देता है इसे

फ्रायड ने दमन की संज्ञा दी। इसके बाद फ्रायड की ख्याति संसार के चारों ओर फैलने लगी और दूर-दराज से लोग शिक्षा प्राप्त करने यहाँ आने लगे। इनके शिष्यों में कार्ल युग और अल्फ्रेड एडलर का नाम उल्लेखनीय है। बाद में इन लोगों ने फ्रायड से अपना सम्बन्ध तोड़कर स्वतंत्र रूप से एक नये मनोविज्ञान की शुरूवात की । कार्ल युग ने मनोविज्ञान का नाम विश्लेशाणात्मक मनोविज्ञान और एल्फ्रेड ने वैयक्तिक मनोविज्ञान रखा। जब फ्रायड 53 वर्ष के थे तो स्टेनले हॉल 1909 में अमेरिका क्लार्क विश्वविद्यालय में 20वी वर्षगांठ पर उन्हें भाग लेने के लिए बुलाया गया। जाहां उन्होंने मनोविश्लेषण पर कई व्याख्यान दिये और अमेरिकन मनोवैज्ञानिकों पर उनके व्याख्यानों का काफी प्रभाव पड़ा। लगभग 83 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हुई।

असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में स्विटजरलैण्ड के एडॉल्फ मेयर ने मानसिक रोगियों पर मनो जैविक दृष्टिकोण की विचारधारा को जन्म दिया। इनके अनुसार असामान्य व्यवहार शारीरिक और मानसिक दोनो कारणों से होता है और इनका उपचार मानसिक तथा दैहिक दानो आधारों पर किया जाना चाहिए। मेयर मनोजैविक सिद्धान्त के अनुसार मानसिक रोग की उत्पत्ति में व्यक्ति का सामाजिक वातावरण एक महत्वपूर्ण कारक होता है। इनके अनुसार मानसिक रोगियों का उयुक्त चिकित्सा तभी सम्भव है जब उसके जैविक पदार्थो जैसे-हारमोन्स, विटामिन, को संतुलित करते हुए उसके घरेलू वातावरण के अन्तर पारस्परिक सम्बन्धों को भी सुधारा जाए। मेयर के लिए मानसिक रोगियों का उपचार रोगी इन दोनो के सौहार्दपूर्ण एवं अच्छे सम्बन्धों पर निर्भर करता है। उपचार के इस तरह की प्रविधि का उपयोग आज भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

मेयर का विचार था कि असमान्यता को समझने के लिए एक सम्पूर्ण दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। अर्थात असामान्यता का अध्ययन जैविक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक तीनों दृष्टिकोणों से करना आवश्यक है।

1.8 आज का असामान्य मनोविज्ञान (1651 से लेकर आज तक)

1900 से 1950 तक मानसिक अस्पताल ही मानसिक रोगियों के उपचार का मात्र सहारा बना रहा। लेकिन धीरे-धीरे मानसिक अस्पतालों द्वारा फिर वहीं व्यवहार अपनाया जाने लगा। फलस्वरूप उनका मानसिक रोग कम हाने के बजाए बड़ाता चला गया। कुछ लोग इस दौरान मर भी जाते थे किश्कर (1985) ने ऐसे मानसिक अस्पतालों का वर्णन करते हुए कहा है कि मानसिक रोगियों को इन अस्पतालों में एक छोटे से कमरे में रखा जाता था। कमरे में धूप, हवा ने के बारबर थी। उन्हे आधा पेट खाना दिया जाता था। अस्पताल के अधिकारियों द्वारा उनके साथ गाली-गलौज तथा लड़कियों के साथ देह व्यापार कराना आदि सामान्य था। फलतः मानसिक अस्पताल में रोगियों को रखने के प्रति लोगों की मनोवृत्ति खराब हो गई। आजकल अमेरिका में इन मानसिक अस्पतालों की जग सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों ने ले लिया है। इन केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य रोगियों का अमानवीय ढंगसे उत्तम उपचार करना है। इन केन्द्रों द्वारा मुख्यतः पाँच तरह की सेवाएं दी जाती है।

- चौबीस घंटा आपतकालीन सेवा
- अल्पकालीन अस्पताली सेवा
- अंशकालिक अस्पताली सेवा

- वाह्य रोगियों की देखभाल
- प्रशिक्षण एवं परामर्श कार्यक्रम

अमेरिका व कनाडा में आजकल सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक नवीन रूप संकटकालीन हस्तक्षेप केन्द्र भी कहा जाता है विकसित हुआ। इन केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य मानसिक रोगियों को सहायता पहुंचाना है। आजकल हॉट लाइन दूरभाश केन्द्र द्वारा चिकित्सक रात या दिन के किसी भी समय मात्र दूरभाश से सूचना प्राप्त कर मानसिक रोगियों का उपचार करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस तरह का दूरभाश केन्द्र सबसे पहले अमेरिका में लॉस एंजिल्स के चिल्ड्रन हॉस्पिटल में शुरू किया गया और इसकी सफलता से प्रभावति होकर अमेरिका के बड़े-बड़े शहरों एवं विश्वद्यालयों के कैम्पस में इस तरह की आपातकालीन सेवा प्रदान करने के लिए ये केन्द्र खोले गये। और विश्व के अन्य देशों में भी इस तरह के केन्द्र खोले जा रहे हैं।

1.9 सारांश

असामान्य मनोविज्ञान की एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी शाखा है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के असामान्य व्यवहारों तथा मानसिक प्रकिक्रयाओं का वस्तुनिष्ठ ढंगसे अध्ययन करना है। आजकल इसे मनोविकृति विज्ञान भी कहा जाने लगा है। जैसे-जैसे हम विभिन्न क्षेत्रों में अधिकाधिक सफलत हासिल करते जा रहे हैं वैसे-वैसे पहले की अपेक्षा आज हम तनाव, चिन्ता असंतोष कुसमाचोजन तथाअन्य अनके मानसिक विकारों से अधिक प्रभावति हो रहे हैं। स्वयं कोलमैन के शब्दों में-सत्रहवीं शताब्दी ज्ञान की अटठारहवीं शताब्दी तर्क की, उन्नीसवीं शताब्दी प्रगति की और बीसवीं शताब्दी चिन्ता का युग है।

जे0जी0 फ्राजर ने बड़े ही रोचक ढंग से मानव के बौद्धिक उत्पादन के अतिहास के सम्बन्ध में एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तु किया। इनके अनुसार आज के बुद्धिमान व्यक्ति के इतिहास की तुलना एक ऐसे कपड़े से की जा सकती है जिसकी बुनाई तीनों रंगों के धागों के माध्यम से हुई है। काला लाल व सफेद धाग। काल धागा जादू, लाल धागा धर्म व सफेद धागा विज्ञान का प्रतीक है। इस तरह इतिहास अनके घटनाओं की एक श्रृंखला है और यह बात असामान्य मनोविज्ञान के लिए बिल्कुल सत्य है। आज इस आधुनिक या वैज्ञानिक युग से पहले असामान्यता को जादू-टोने या देवी-देवताओं के प्रकोव के रूप में समझा जाता था। मानसिक विकृतियों का इतिहास मानव इतिहास के साथ ही जुड़ा हैं। अतः असामान्य मनोविज्ञान को समझने के लिए हमे उस पृष्ठभूमि को भी समझना पड़ेगा जिसके द्वारा असामान्य मनोविज्ञान को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से योगदान प्राप्त हुआ है।

1.10 शब्दावली

- **परिप्रेक्ष्य:** संदर्भ
- **कुसमायोजित:** दोषपूर्ण सामान्जस्य
- **संवेदी:** इन्द्रियों द्वारा अनुभूति
- **इस्लामिक देश:** मुश्लिम देश
- **उन्माद:** क्रियाओं का बढ़ना (उत्साह)
- **अपदूत:** बुंरी या दुष्ट आत्मा

- **अशंत: :** कुल मात्रा में
- **अलैकिक शक्ति:** देवी दवेता आदि
- **क्षतिग्रस्त:** दुघर्टनाग्रस्त
- **नैदानिक मनोविज्ञान:** मनोविज्ञान की वह शाखा जो मानसिक रोगों का निदान करते हैं।
- **मनोवैज्ञानिक दुष्क्रिया:** दुर्घनाग्रस्त

1. 11 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

- बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1. असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास में पूर्व वैज्ञानिक काल कब से कब तक रहा।
    a) पुरानत समय से 1200 ई0 तक
    b) पुरातन समय से 1800 ई0 तक
    c) पुरातन समय से 1600 ई0 तक
    d) पुरातन समय से 1400 ई0 तक
2. इस्लामिक चिकित्सक एविसिना की पुस्तक का क्या नाम था।
    a) दि कैनन ऑफ मेडिसिन
    b) दि एबनारमल बिहैवियर
    c) दि इन्टरप्रिटेशन आफ डीम
    d) दि ह्यूमन ट्रीटमेंन्ट
3. मनोविज्ञान के इतिहास में मध्ययुग को कहा जाता है।
    a) सामाजिक युग
    b) मानवीय युग
    c) अंधकार युग
    d) ऐतिहासिक युग
4. फ्रायड ने मानसिक रोगियों की चिकित्सा हेतु किस विधि का प्रतिपाद किया।
    a) विरेचन विधि
    b) मनोविश्लेषणात्मक विधि
    c) मनोवैज्ञानिक विधि
    d) व्यवहारात्मक विधि
5. मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान आन्दोलन की शुरूआत सबसे पहले किसने की।
    a) डोरथिया डिक्स ने
    b) फ्रायड ने
    c) युंग ने
    d) वाटसन ने

- सही गलत बताएये-

6. एबनार्मल शब्द की उत्पत्ति एनोमिलास शब्द से हुई है|
7. असामान्य मनोविज्ञान को आजकल मनोविकृति विज्ञान के नाम से जाना जाता है।
8. सॉप के देखकर चिल्लना असामान्यता की श्रेणी में आता है।

9. पाषाण युग में रोगियों के उपचार की दो मुख्य विधियाँ अपदूत निसारन विधि और ट्रीफाईनेशन विधि प्रचलित थी।
10. प्लेटों की प्रसिद्ध पुस्तक का नाम दि रिपब्लिक था|
11. इस्लामिक चिकित्सा विज्ञान के प्रमुख चिकित्सक का नाम अरस्तू था।
12. जोहान वेयर एक युनानी चिकित्सक थे।
13. फिलिप पिनेल को आधुनिक मनोरोग विज्ञान का जनक कहा जाता है।
14. फ्रायड के शिष्यों में कार्ल युंग और एडलर का नाम उल्लेखनीय हैं।
15. कार्ल युंग ने मनोविज्ञान का नाम वैयक्तिक मनोविज्ञान औा एडलर ने विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान रखा।

उत्तर: 1) पुरातन समय से 1800 ई0. तक 2) दि कैनन आफ मेडिसिन

3) अंधकार का युग 4) मनोविश्लेशणात्मक विधि 5) डोरयिया डिक्स ने

6) सही 7) सही 8) गलत 9) सही 10) सही 11) गलत

12) गलत 13) सही 14) सही 15) गलत

1.12 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- डॉ0 अरूण कुमार सिंह, आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान मोती लाल बनारसी दास प्रकाशन दिल्ली।
- डॉ0 आर0एन0 सिंह आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान प्रकाशन अग्रवाल पब्लिकेशन्स।
- डॉ0 मोहम्मद सुलेमान असामान्य मनोविज्ञान , प्रकाशन मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली।
- डॉ0 लाभ सिंह, डॉ गोविन्द तिवारी, असमान्य मनोविज्ञान , प्रकाशन विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा।

1.13 निबन्धात्मक प्रश्न

- अति लघु उत्तरीय प्रश्न (एक पंक्ति में उत्तर दीजिये)

1. एबनार्मल शब्द की उत्पत्ति कैसे हुई?
2. फ्रायड के गुरू का क्या नाम था?
3. मनोविश्लेषण विधि किसके नाम से जानी जाती है?
4. कांलयुग और एडलर किसके शिष्य थे?
5. स्टनले हॉल किस विश्वविद्यालय में कार्यरत थे?

- लघु उत्तरीय प्रश्न-

1. असामान्य मनोविज्ञान से आप क्या समझते हैं?
2. असामान्य मनोविज्ञान से सम्बन्धित प्रत्यय क्या हैं?
3. पूर्व वैज्ञानिक काल में मानसिक रोगियों का उपचार किस तरह किया जाता था।
4. असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में डोरथिया डिक्स के योगदान का वर्णन कीजिए?

5. अमेरिका में असामान्य रोगियों की देखभाल के लिए आजकल किस तरह के केन्द्रों की स्थापना की गई है?

दिर्घ उत्तरीय प्रश्न-

1. पूर्व वैज्ञानिक काल में असामान्य मनोविज्ञान के इतिहास का वर्णन कीजिये?
2. मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रारम्भिक दर्शन (प्लेटो और अरस्तू) का क्या योगदान है?
3. 1801 से 1950 (A.D.) तक असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र में होने वाले विकास का वर्णन कीजिये?

इकाई 2. सामान्य व असामान्य व्यवहार की विशेषताए (Characteristics of Normal & Abnormal behaviour)

2.1 प्रस्तावना
2.2 उद्देश्य
2.3 असामान्य मनोविज्ञान क्या है
2.4 सामान्य व्यवहार एवं व्यक्तित्व का अध्ययन
2.5 असामान्य व्यवहार की उत्पत्ति
2.6 सामान्य एवं असामान्य मनोविज्ञान में अन्तर
2.7 असामान्यता की विशेषताएँ
2.8 सारांश
2.9 शब्दावली
2.10 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न
2.11 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
2.12 निबन्धात्मक प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

असमान्य मनोविज्ञान की एक ऐसी शाखा है जिसमें असामान्य व्यवहार एवं मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है तथा इसकी विषय वस्तु मूल रूप से अभियोजित व्यवहारों, व्यक्तित्व, अशान्ति एवं विघटित व्यक्तित्व का अध्ययन करने एवं उपचार के तरीकों पर विचार से साम्बन्धित है।

पहले की तुलना में आज हम तनाव, चिन्ता , असंतोष, कमसमायोजन तथा अन्य मानसिक विकारों एवं समस्याओं से बहुत प्रभावित हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में अत्यधिक वृद्धि के बावजूद भी आज व्यक्ति स्वंय से खुद से प्रायः क्रम सन्तुष्ट है। वह जितने मानसिक विकारों से पीड़ित है उतना किसी अन्य चीजों से नहीं।

प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कोलमैन के अनुसार सत्रहवीं शताब्दी ज्ञान का युग रहीं है अटठारहवीं शताब्दी तर्क का युग, उन्नीसवीं शताब्दी प्रगति का युग और बीसवीं शताब्दी चिन्ता का युग है। अर्थात मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। इसका मुख्य कारण मनुष्य की बढ़ती हुई इच्छाएँ, आकांक्षाएँ है। जिसके कारण व्यक्ति मूल्यों और द्वंद्व में उलझता जा रहा है। फलस्वरूप हमारे सामने व्यावहारिक समायोजन की समस्या विकट रूप लेती जा रही है।

2.2 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप-

- असामान्य मनोविज्ञान के बारे में बता सकेंगे।
- असामान्य मनोविज्ञान किसे कहते हैं, के बारे में बता सकेंगे|
- सामान्य एवं असामान्य मनोविज्ञान के अन्तर के बारे में बता सकेंगे|
- असामान्यता की विशेषताओं के बोर में बता सकेंगे।
- सामान्यता एवं असामान्यता जे जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बता सकेंगे।

2.3 असामान्य मनोविज्ञान क्या है ?

सामन्यतः सामान्य और असामान्य शब्द को दो भागों में बाँटा गया है- सामान्य शब्द लैटिन भाषा के नॉरमा (Norma) शब्द से बना है, जिसका अर्थ है बढ़ई का स्केल जिस तरह से बढ़ई अपने स्केल का प्रयोग करके यह निश्चित करता है कि किस परिस्थिति में क्या सामान्य मापन होगा ठीक उसी अर्थ में (Normal) का शब्द का प्रयोग मानक के लिए किया जाता है।

Abnormal शब्द की उत्पत्ति Anomelos शब्द से हुई है (Ano+Melos=Not Regular) अर्थात जो नियमित नहीं है। अतः हम कह सकते है कि असामान्य व्यवहार वह व्यहार है जो अनियमित है। Abnormal शब्द का शाब्दिक अर्थ सामान्य से दूर हटा हुआ। अर्थात वह व्यवहार जो सामान्य से दूर हटा हुआ व्यवहार।

असामान्य शब्द का अर्थ जो समान्य नहीं है या असामान्य से भिन्न है। किस्कर के अनुसार वे मानव व्यवहार एवं अनुभूतियाँ जो साधारणतः अनोखे असाधारण या पृथक है असामान्य समझे जाते हैं। अतः असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसमें असामान्य व्यवहार या असामान्य व्यक्तित्व का अध्ययन किया जाता है। यह हानिकारक है। असामान्य व्यवहार का अध्ययन सामान्य मनोविज्ञान की विधियों, प्रत्यय, नियमों, खोजों, आदि के आधार पर ही किया जाता है। असामान्य मनोविज्ञान में अनके प्रकार की असामान्यताओं का अध्ययन जैसा - असामान्य प्रेरणात्मक क्रियाएँ, असामान्य मनोगत्यात्मक प्रक्रियाएँ, और असामान्य व्यक्ति जैसे- मानो विक्षिप्तता, चरित्र दोष, मानसिक दुर्बलता आदि व्यवहारों का अध्ययन किया जाता है।

असामान्य मनोविज्ञान में हम मनोविज्ञान की विषय सामग्री में निम्न चीजो को सम्मिलित करते हैं-

1. असामान्य व्यक्ति के पयोवरण का अध्ययन करते हैं। इसके अन्तर्गत असामान्य व्यक्ति के चारों ओर की परिस्थतियाँ, वस्तुए तथा उसकी वाहय एवं आन्तरिक स्थितियाँ आदि आती है।
2. व्यक्ति परिस्थितियों के प्रति जो मानसिक प्रतिक्रिया करता है उसे अनुभूति कहते हैं। असामान्य मनोविज्ञान मुख्य रूप से असामान्य अनुभेतियों का अध्ययन करता है।
3. जिन क्रियाओं का सम्बन्ध दोषपूर्ण समायोजन से होता है उसे असामान्य व्यवहार कहते हैं। ये व्यवहार आन्तरिक और वाह्य दोनों हो सकते हैं। असामान्य व्यवहारों को निम्न तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है।

   (क)वे व्यवहार के कुसमायोजन उत्पन्न करते हैं।

   (ख)वे व्यवहार जिनमें कुसमायोजन के लक्षण विद्यमान होतो हैं।

(ग) वे व्यवहार जो कुसमायोजन के परिणामस्वरूप ही होते हैं।

अतः असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जो मुख्यतः उप व्यक्तियों का अध्ययन करता है जो मानसिक रूप से विकृत होते हैं। उनके व्यवहार में इतनी अधिक भिन्नता होती है कि उन्हें सामान्य व्यक्ति की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। असामान्य मनोविज्ञान के मुख्यतः दो रूप होते हैं-सैद्धान्तिक और व्यावहारिक कौन सी विशेषताओं के कारण अमुक व्यक्ति असामान्य है या उसके कौन सा रोग है यह सैद्धान्तिक रूप है। परन्तु व्यावहारिक रूप से यह केवल विभिन्न मानसिक व शारीरिक रोगों का वर्णन मात्र ही नहीं कराता बल्कि यह भी बताता है कि इसका निदान कैसे हो, कौन-कौन सी अचारात्मक पद्धतियाँ को उपयोग किया जाए। व्यावहारिक शाखा के अन्तर्गत सामान्य व असामान्य दोनो प्रकार के व्यक्तियों को लाभ पहुँचता है। सामान्य व्यक्ति ये जान लेता है कि कौन-कौन सी विशेषताओं लक्षणों तथा कारणों से मानसिक अवरोध उत्पन्न या विकासित होता है। दूसरी और यह भी बताता है कि असामान्य व्यक्तियों या रोगियों के साथ अनुचित व्यवहार नहीं करना चाहिए। बल्कि उसके साथ ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिससे कि वह ठीक हो सकें। एक सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन बिता सकें।

एक सर्वेक्षण के अनुसार हमारे यहां मनस्ताप, मनोदैहिक, विकार मनोविक्षित्रता, चाररिलिक विकृति, नशा, मतिस्ष्कीय, विक्रति, मानसिक दुर्बलता के रोगियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है, क्योंकि आज विश्व के सभी देशों में बेकारी, घृणा, तनाव, संघर्ष, चिन्ता एवं दवाब जैसे मूल कारकों की मात्रा में कारकों में मात्रा में काफी वृद्धि हुई है। इस समय हमारे यहां वृक्षों की संख्या काफी है जिसमें से 20 लोग मानसिक बीमारियों से ग्रस्त है।

अतः आधुनिक युग में विकसित और विकाशील देशों में असामान्य व्यवहार के अध्ययनों पर विशेष बल दिया जा रहा है। कोलमैन के शब्दों में-आधुनिक युग ज्ञान की महान विवृद्धि और तीव्र सामाजिक परिवर्तन का युग है। असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन के द्वारा हम मानव जीवन की समस्याओं, दुख, दर्द, चिन्ता, तनाव आदि को कम करके मानव जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। आधुनिक युग में मनोविज्ञान का महत्व निम्न क्षेत्रों में है-

1. असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन के द्वारा व्यक्ति अपनी अपने दैनिक जीवन की समस्याओं का हल करना आसानी द्वारा व्यक्ति अपनी अपने दैनिक जीवन की समस्याओं का हल करना आसानी से सीख लेता है।
2. असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन द्वारा व्यक्ति यह आसानी से समझ लेता है कि किस तरह एक सामान्य व्यक्ति मानसिक रोगों से ग्रस्त हो जाता है तथा चेतन व अचेतन मन के द्वारा समस्याओं का समाधान किस तरह होता है।
3. असामान्य मनोविज्ञान के ज्ञान से माध्यम से मानसिक रोगों के लक्षण, कारण एवं उपचार तथा न निदान में सहायता मिलती हैं
4. असामान्य मनोविज्ञान का शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व है जिन छात्रों को किसी प्रकार का मानसिक रोग या दोष होता है होते हैं तो उनकी शिक्षा किस प्रकार की हो उनकी असामान्यता का उपचार जैसे हो, आदि को समझने में सहायता मिलती है।

5. अपराधियों एवं बाल-अपराधियों को सुधारने में असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन की विशेष आवश्यकता होती है। क्योंकि असामान्य मनोविज्ञान में हम समाज विरोधी व्यवहार या आचरण आदि का अध्ययन करते हैं।
6. असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन के द्वारा क्योंकि दूसरे व्यक्तियों के बारे में आसानी से समझ लेता है। उसके हाव-भव आदि के आधार पर व्यक्ति ये पता लगा लेता है कि वह कहीं किसी गलत कार्यों में रूचि तो नहीं ले रहा है।
7. इसके अध्ययन के द्वारा कानून को यह समझने में सहायता मिलती है कि वास्तविक अपराधी कौन है और वह अपराधी कही असामान्य तो नहीं है।
8. असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन के द्वारा व्यक्ति में आत्म विश्वास का जन्म होता है क्योंकि व्यक्ति यह जान लेता है कि कोई व्यक्ति असामान्य हो सकता है तथा उपचार के माध्यम से उसे सामान्य या समायोजित बनाया जा सकता है।
9. प्राचीन काल में ये विश्वास किया जाता था कि असामान्यता का कारण भूत-पिचाश या दैवी प्रकोप है। असामान्य मनोविज्ञान के अध्ययन के द्वार ये स्पष्ट हुआ कि ईश्वरीय प्रकोप या भूत-पिचाश असामान्यता का कारण न होकर बल्कि वंशानुक्रम मनोवैज्ञानिक कारक, समाजिक कारक, पारिवारिक कारण आदि होते है।।
10. युद्ध को रोकने के लिए व्यक्ति के मन पर विजय प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है। वास्तव में युद्ध के कुछ न कुछ मनोवैज्ञानिक कारक होते हैं। इन कारणों की जाँच और युद्ध की रोकथाम तथा शान्ति बनाये रखने में असामान्य मनोविज्ञान काफी उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होता है।

मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान है और व्यवहार के मुख्यतः दो रूप होते है। सामान्य और असामान्य मनोविज्ञान उन व्यक्तियों का अध्ययन करता है जिनके व्यवहार में सामान्य व्यक्ति की उपेक्षा कुछ विशेषताएं होती है। उनके व्यवहार में कुछ ऐसी क्रियाएं होती है जो सामान्य व्यक्ति में नहीं पाई जाती है। जैसे अगर एक नया व्यक्ति नये व्यक्तियों के समूह के समक्ष्ज्ञ नये विषयों पर भाषण देने में प्रथत बार डरता-कांपता है तब इस प्रकार का व्यक्ति सामान्य व्यक्ति कहलायेगा। लेकिन अगर कोई जाना-पहचाना व्यक्ति, जाने पहचाने विषय पर जाने पहचाने व्यक्तियों के सामने बोलने में हिचकिचाता है तो इस प्रकार के व्यक्ति को असामान्य कहेगें क्योंकि यह व्यक्ति अनेक बार बोल चुकने के बाद हिचकिचाहट का अनुभव कर राह है। अतः असामान्य मनोविज्ञान की प्रकृति समझने के लिए हमें सामान्य व असामान्य दोनों की तरह के व्यक्तियों के बारे में जानना आवश्यक है।

2.4 सामान्य व्यवहार एवं व्यक्तित्व का अध्ययन

सामान्य व्यक्ति कौन है सामान्य व्यक्ति वह है जो सामान्य रूप से अपनी क्रियाओं को करता हो अपने दैनिक क्रिया कलापों पर विचार पूर्णक निर्णय लेता हो तथा सामाजिक नियमों एवं मान्यताओं का एक सीमा तक पालन करता हो। अर्थात एक सामान्य व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक, वैयक्तिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक सभी प्रकार की परिस्थितियों के साथ समायोजन तथा सन्तुलन बनाये रखता है। असामान्य व्यवहार एवं व्यक्तित्व को समझने के लिए अति आवश्यक है कि पहले सामान्य व्यवहार एवं व्यक्ति के बारे में समझा जाए। सिमाँण्ड के अनुसार वह व्यक्ति सामान्य व्यथ्कत है तो भयावह आद्यातो और नैराश्य उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों पर विजय

पर विजय प्राप्त कर लेता है। सामान्य व्यवहार या आसामान्य व्यक्तित्व के लिए निम्न विशेषतओं का होना अत्यन्त आवश्क है-

1. सामान्य व्यक्ति में सुरक्षा की उपयुक्त भावना पाई जाती है वह अपने आपको न तो पूरी तरह सुरक्षित समझता है और नहीं पूरी तरह असुरक्षित। विभिन्न पारिवारिक परिस्थितियों में, सामाजिक औा व्यावसायिकक परिस्थितियों में वह अपने आपको उसी प्रकार सुरक्षित समझता है जिस तरह से समाज के अधिकांश व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित समझते हैं और उसे किसी प्रकार की कोई भी हानि हो सकती है, इस प्रकार की भावना सुरक्षा का अत्यधिक बड़ा हुआ रूप है जिसे असामान्य समझा जायेगा।
2. सामान्य व्यक्ति में उपयुक्त मात्रा में संवेगात्मकता पाई जाती है वह अपने संवेगों की अभिव्यक्त जहां जिस रूप में आवश्यक होती है करता है। वह न तो बहुत अधिक संवेगों की अभिव्यक्ति करता है और न ही बहुत कम उसकी संवेगात्मक अभिव्यक्ति समाज के अधिकांश व्यक्तियों की ही भांति होती है। सामान्य व्यक्ति दूसरों के सुख-दुःख में सामान्य ढंग से शामिल होता है।
3. सामान्य व्यक्ति स्वंय का मूल्यांकन उतना ही करता है जितना उकसी, शारीरिक और मानसिक योग्यताएं होती है उसकी जितनी योग्यताएं और उपलब्धियाँ होती है इनकी उपस्थिति का इतना ही अनुभव करता है। वह अपने अन्दर उन्ही इच्छाओं और योग्यताओं का अनुभव करता है जिनकी सामाजिक व व्यक्तिगत दृष्टि से भी उपयुक्त समझता है।
4. व्यक्ति अपनी योग्यताओं और सीमाओं से भली भांति परिचित होता है । वह अपनी आवश्यकताओं, इच्छाओं, प्रेरणाओं, भावनाओं, संवेगों, महत्वाकांक्षाओं, लक्ष्यों आदि को समझता है कि वह क्या कर सकता है और क्या नहीं। इसका उसे पूरा ज्ञान होता है।
5. सामान्य व्यक्ति का व्यक्तित्व संगठित होता है, अर्थात व्यक्तित्व के तीनों पक्षों झूट, इगो और सुपर इगो में प्र्याप्त मात्रा में संतुलन होता है। सामान्य व्यक्ति के व्यक्तित्व के यह तीनों पक्ष सहयोग से कार्य करते हैं इनके व्यक्तित्व में स्थिरता आई जाती है।
6. सामान्य व्यक्ति अपने समाज की परिस्थितियों और योग्यताओं के अनुसार अपने जीवन लक्ष्य अपने समाज की परिस्थितियों और योग्यताओं के अनुसार अपने जीवन लक्ष्य बनाता है अपने निर्धारत लक्ष्यों की पूर्ति के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है। और उसका जीवन लक्ष्य समाज के नियमों और मूल्यों के अनुसार होता है।
7. सामान्य व्यक्ति में पूर्व अनुभवों से लाभ उठाने की योग्यता होतीहै पहले की गई गलतियों को वह छोड़ता है और सुखद एवं लाभदायक अनुभवों से आगे लाभ उठाता है। सामान्य और असामान्य व्यक्ति स्पष्ट रूप से एक-दूसरे से भिनन होते है और यह विचार आज से लगभग सौ वर्ष पूर्व तक पहले तक भी प्रचलित था।
8. सामान्य व्यक्तियों में कानून की मर्यादा की रक्षा तथा सामाजिक परम्पराओं व मर्यादाओं के सम्मान का गुण विद्यमान होता है। ये सामाजिक उत्सवों में भाग लेते है व सामाजिक उपेरेशों को स्वीकाकर करते है। साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक जाति आदि के नियमों की अवहेलना नहीं करते हैं। सामान्य व्यक्तियों में असाधारण उत्तेजना, एकाकीपन, संदेहशीलता आदि गुण नहीं होते हैं। सामान्य व्यक्तियों में ये गुण औसत मात्रा में ही पाये जाते है। यदि ये गुण औसत से अधिक मात्रा में पाए जाते हैं उनमें असामान्यता दिखाई देने लगती है।

9. सामान्य व्यक्ति जीवन की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नौकरी, व्यापार आदि करता है तथा अपनी विभिन्न क्रियाओं को करते समय बुद्धि का सहारा लेता है। छोटी-छोटी कठिनाई यों या विफलताओं पर घबराता नहीं बल्कि साहस का परिचय देता है। ऐसे व्यक्तियों के जीवन में अनेक कठिनाई याँ आती है लेकिन वे अपना सन्तुलन नहीं खोते बल्कि उन्हें दूर करने का प्रयास भी करता है।

10. सामान्य व्यक्ति अपने व्यवहार को समय एवं परिस्थिति के अनुसार समायोजित करने का प्रयास करते हैं। दुःखद परिस्थिति में वह दुःख के भाव तथा सुखद परिस्थिति में वह सुख के भाव प्रकट करता है।

11. एक समान्य व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी क्रियाओं में सामाजिक, सांस्कृतिक या राजनैतिक, नियमों, परम्पराओं, नैतिक आदर्शों आदि का सही रूप में पालन कर रहा है या नहीं। वह प्रायः सही कार्यों को करता है तथा गलत कार्यों से बचने का प्रयास करता है।

12. ऐसा नहीं कि एक व्यक्ति गलत कार्य न करता हो वह जीवन में अनेक गलतियाँ करता है लेकिन यह अनुभव होते ही कि उससे वह काम गलत हो गया है वह पश्चाताप भी करने लगता है।

2.5 असामान्य व्यवहार की उत्पत्ति

किसी भी व्यक्ति में असामान्य नहीं होते, बल्कि इसका एक इतिहास होता है असामान्य व्यवहार करने पर स्पष्ट रूप से हमें तीन तरह की विचारधाराएं देखने को मिलती है।

1. जैविक विचारधारा
2. मनोसामाजिक विचारधारा
3. सामाजिक सांस्कृतिक विचारधारा

1) जैविक विचारधारा-

जैविक कारक से तात्पर्य उन सभी कारकों से होता है जो जन्म के समय या उससे पहले से ही व्यक्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मौजूद होते हैं और बाद में असामान्य व्यवहार की उत्पत्ति में किसी न किसी तरह से मदद करते हैं। जैविक कारकों का स्वरूप ही कुछ ऐसा होता है कि वह व्यक्ति के सभी पक्षों पर अपना प्रभाव डालता है इसलिए इन कारकों का सामान्य एवं असामान्य व्यवहार की उत्पत्ति में निम्न कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है-

i) **आनुवांशिक दोष-** माता से किसी प्रकार के दोष से यह स्वाभाविक है कि उनके बच्चों में यह असामान्यता उत्पन्न हो जाए। ये दोष दो प्रकार से हो सकते हैं।

a. गुणसूत्रीय असामान्यता b. दोषपूर्ण जीन्स

अनुवांशिकी के क्षेत्र में किए गये शोधों से यह स्पष्ट हुआ हैकि गुणसूत्र की संख्या या उसकी संरचना में असामान्यता होने से तरह - तरह के मानसिक विकृति या असामान्य व्यवहारों की उत्पत्ति होती है।

ii) **शरीरगणनात्मक कारक-** कुछ विशेष एवं दोषपूर्ण शरीरगठनात्मक कारकों से असामान्य व्यवहारों की उत्पत्ति देखी गई जैसे-शरीर गठन या डील- डौल, शारीरिक

विकलांगता या मूल प्रतिक्रिया प्रवृतियाँ आदि। शरीर गठनात्मक कारकों को तीन मुख्य भागों में बॉट सकते हैं-

1. शरीरगठन या डील- डौल
- फ्रायड के सिद्धान्त का स्वरूप कुछ ऐसा है जिसके माध्यम से मानव व्यवहार के बारे में ज्ञात तथ्यों को तार्किक रूप से मनोविश्लेषणात्मक ढॉचे में आसानी से ढाला जा सकता है।

अवगुण-

- फ्रायड का यह सिद्धान्त वैज्ञानिक नहीं है। क्योंकि अपने शोधो का फ्रायड ने क्रमबद्ध वर्णन नहीं किया है। अतः सही-सही प्राकल्पना तैयार करना मुश्किल है।
- फ्रायड ने अपने सिद्धान्त में सैक्सुअल ऊर्जा पर जरूरत से ज्यादा बल दिया।
- आधुनिक मनोवैज्ञानिको का मत है कि फ्रायड ने अपने सिद्धान्त को व्यक्तिगत प्रेक्षण पर आधारित किया है। इन आधुनिक मनोवैज्ञानिको ने आशंका व्यक्त की है कि ऐसी सीमित अनुभूतियों के आधार पर सामान्य व्यक्तित्व के सिद्धान्त का प्रतिपादन करना युक्ति सेगत नहीं है।
- सिगमण्ड फ्राययड एक ऐसे व्यक्ति थे जिनका अधिकतर समय मानसिक रोगियों की चिकित्सा में व्यतीत हुआ। इनका उद्देश्य सिर्फ रोगियों का उपचार करनरा ही नहीं बल्कि मानव व्यक्तित्व को समझने में पर्याप्त सुझ भी विकसित करना था नैदानिक दृष्टिाकोण से फ्रायड द्वारा पतिपादित व्यक्तित्व के मनोविश्लेषणत्मक सिद्धान्त को तीन तरह से प्रस्तुत किया है।

अपने अनुभव के आधार पर फ्रायड ने कुछ विशेष निष्कर्ष दिये -

1. विकास की विभिन्न अवस्थाये प्रदर्शित होती है। क्योंकि विकास अवस्था की अपनी कुछ विशेषताएँ य लक्षण होते है।
2. प्रत्येक विकास अवस्था में व्यवहार में उत्तरोत्तर सुधार होता है। और विकास के नवीन प्रतिमान प्रदर्शित होते है।
3. प्रत्येक बच्चे को विकास की सभी अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है।
4. विकासात्मक परिवर्तन अचानक नहीं होते बल्कि कमिक रूप से प्रदर्शित होते है जैसे - शैशवास्था बचपनावस्था, बाल्यावस्था और फिर योवनावस्था आदि।
5. सभी बालको में विकास की परिस्थितिया एक जैसी नहीं होती है। उनमें विकास सम्बन्धी अन्तर दिखाई देते है।

स्वप्न विश्लेषण -

इस विधि में फ्रायड ने सामान्यतः दो विधियों का प्रयोग किया है - साहचर्य तथा प्रतीक। साहचर्य विधि में स्वप्न देखने वाले से अपने स्वप्न का सम्बन्ध वस्तुओं घटनाओं या व्यक्तियें से ढूढने के लिए कहा जाता हैं ऐसे शब्द तार्किक हो या आतार्किक हो स्वप्न देखने वाले को बतलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अगर कोई स्वप्न देखने वाला अपने मन का साहचर्य बतलाने मे असमर्थ रहता है। तो दूसरी विधि स्वप्न प्रतीक की विधि अपनाई जाती है। जिसमें स्वप्न को व्यक्त विषय के पीछे छिपे अचेतन तत्वों को प्रतीक के सहारे समझने की कोशिश की जाती है।

दैनिक जीवन की भूलें -

व्यक्ति अपने दिन-पतिदिन की जिन्दगी में प्रायः करता है। इन भूलों में बोलने की भूल लिखने की भूल पहचानने की भूल, वस्तुओं को गलत स्थान पर रखना आदि मख्य सामान्रू व्यक्तियों के लिए इनका केाई अर्थ नहीं होता है। परन्तु फ्रायड के अनुसार ये अर्थहीन न होकर बल्कि एक गम्भीर मानसिक प्रक्रिया है। इसकी उत्पत्ति दो मानसिक विरोधी विचारो से होती है।

इन परस्पर विरोधी विचारों में एक का स्वरूप अचेतन होता है। परन्त इनमें से अचेतन इच्छाएँ अपनी प्रबलता के कारण अर्द्धचेतन की इच्छाओ का ध्यान नहीं रख पाती है। अतः दिन प्रतिदिन के जीवन में मानव व्यवहार जो ऊपर से अर्थहीन लगता है पर वास्तव में अर्थहीन नहीं होता है। उनसे भी व्यक्ति के अचेतन को समझने में मदद मिलती है।

फ्रायड के अनुसार ये भूले अनायास या बेकार नहीं होती है। बल्कि इनका विशेष कारण होता है। जो अचेतन में दमित होता है। अचेतन में दमित विरोधी विचार कामुक इच्छाएँ अतृप्त इच्छाएँ आकामक प्रवृत्तियॉ ही इन मूलो का कारण होती है। अचेतन में दमित ऐसी प्रवृत्तियॅ इन गलतियों या भूलो द्वारा चेतन मे अभिव्यक्त होती है।, ओर गलतियों को ही फ्रायड ने दैनिक जीवन की मनोवृत्तियॉ कहा है। फ्रायड ने अपनी पुस्तक 'साईकोपैथालॉजी आफ इवरी डे लाइफ' 1914 में इस तरह की मनोविकृत्तियों का वर्णन किया है। फ्रायड ने दैनिक जीवन में होने वाली अनेक ऐसी भूलो का वर्णन किया है।

i) बोलने की भूले- प्रायः दैनिक जीवन में व्यक्ति से बोलने की भूले हो जाया करती है। वह बोलना कुछ चाहता है। और बोल कुछ देता है और ऐसी गलतियों पर स्वयं व्यक्ति को भी आश्चर्य होता है। फ्रायड का मानना है कि ऐसी गलतियों के जन्म का स्रोत अचेतन होता है बोलने सम्बन्धी भूलो के उदाहरण हमें दैनिक जीवन में प्रायः देखने को मिलते है, जैसे- एक रोगी दवा के खर्च से काफी परेशान था, और वह अचानक ही बोल उठा कि हमें इतना भी बिल न देना, जिन्हें में निगल ना पाऊ।

ii) नामों को भूलना- प्रायः हम अपने दैनिक जीवन में परिचित व्यक्तियों वस्तुओं तथा स्थानों के नामें को स्थायी या अस्थायी तौर पर भूल जाते है। कई बार प्रयास करने पर उनके नाम याद नहीं आते है, परन्तु बाद में फिर अपने आप याद आ जाते है। उदाहरण के लिए- एक महिला अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए चिकित्सक के पास गयी, जब उसकी बेटी का नाम चिकित्सक ने पूछा तो उसे नाम बताने में माँ असमर्थ रही, क्योंकि वह थोड़ी देर के लिए उसका नाम भूल गयी थी। बातचीत के दौरान पता चला कि उस महिला को इस बेटी के जन्म पर भयानक तकलीफे उठानी पडी थी। अतः अचेतन में दमित अप्रिय एवं दुःखद अनुभव द्वारा उत्पन्न मानसिक संर्घषो से मुक्ति पाने हेतु अचेतन रूप से महिला अपनी बेटी का नाम भूल गई।

iii) लिखने की भूलें- इस तरह की भूल में व्यकित लिखना कुछ चाहता है। और लिख कुछ और देता है। लिखने की इस भूलों में इसके अलावा अन्य भूले जैसे- अधिक शब्द लिख देना, सही शब्द के बदले विपरीत शब्द लिख देना, किसी महत्वपूर्ण शब्द का छूट जाना, वाद के शब्दों को पहले लिख देना आदि सम्मिलित हेाता है। उदाहरण के लिए- एक नर्स को किसी डॉक्टर से प्रेम हो गया था परन्तु डॉक्टर द्वारा उसे नापसन्द किया जाने पर उसे डॉक्टर को भूलना पडा, काफी दिनो बार किसी कार्यवश उसे डॉक्टर को पत्र लिखना था, जिसमें उसने डॉक्टर के स्थान पर डियर लिखा था, इस भूल के माध्यम से नर्स ने डॉक्टर के प्रति अचेतन में संचित प्रेम प्रदर्शित किया।

iv) छपाई की भूले- प्रायः समाचार- पत्रों पुस्तकों, विज्ञापनों में इस तरह की भूले हमें देखने को मिलती है, और इन गलतियों से भी हमें अचेतन में दमित इच्छाओं एवं विचारो के संकेत मिले है। उदाहरण के लिए- एक बार लंदन के समाचार पत्र में छपा कि क्लोन प्रिस,

जबकि क्राउन प्रिंस छपना था, बाद में इस गलती का कारण ढूढने पर पता चला कि उस प्रेस के सभी कर्मचारियों के क्राउन प्रिंस के पति घृणा की भावना थी।

v) पहचानने की भूल- ऐसी भूले किसी वस्तु स्थान तथा व्यक्ति को पहचानने से सम्बन्धित होती है। प्रायः किसी अपरिचित व्यक्ति को हम परिचित व्यक्ति समझ बैठते है। तथा किसी परिचित व्यक्ति या वस्तु के उपस्थित रहने पर भी हम उसे देख नहीं पाते है। इसी तरह समाचार पत्र में किसी समाचार के रहते हुये उसे नहीं देख पाना तथा अपने बगल से किसी परिचित मित्र को गुजरते हुए न देख पाना कुद ऐसी पहचानने की भूले है। जिनके पीछे कोई न कोई अचेतन की दमित इच्छाएँ सक्रिय होती है।

vi) अनजाने से की गयी क्रियाए- प्रायः ऐसा होता है, कि हम चेतन रूप से जो करना चाहते है उसके बदले में हम कोई दूसरी क्रिया कर बैठते है। जैसे किसी व्यक्ति को हम सौ रूप्ये की जगह पॉच सौ का नोट देने लगते है। प्रायज् हम हस्ताक्षर करने के लिए पेन माँगते है, ओर फिर उसे अपनी जेब में रख कर चले जाते है। अनजाने में की गई इन सभी क्रियाओं के पीछे अचेतन की दमित इच्छाएँ प्रबल होती है।

vii) वस्तुओं को गलत स्थान पर रखना- प्रायः हम वस्तुओं जैसे चाभी, रूमाल, महत्वपूर्ण कागज डायरी आदि को इधर उधर रख देते है और जरूरत के समय उस चीज को ढूढने पर वेा हमें नहीं मिलती है। दैनिक जीवन की इन भूलो के पीछे भी अचेतन की दामित इच्छाएँ सक्रीय होती है। फ्रायड के अनुसार वस्तुओं को इधर-उधर रख कर उसके बारे में भूल जाने से यह संकेत मिलता है। कि व्यक्ति में उस वस्तु को अपने सामने से हटा देने की प्रवृत्ति अधिक होती है। क्योंकि ऐसा करने से उसकी किसी समस्या का समाधान हो जाता है।

viii) सांकेतिक क्रियाए- दैनिक जीवन में व्यक्ति कुछ सांकेतिक क्रियाए जैसे- पैर हिलाना, एक ही शब्द को बार- बार दोहराना चाभी के गुच्छे को बार-बार नचाना पैन्सिल का या कलम का उपरी हिस्सा चबाना आदि फ्रायड के अनुसार इस सांकेतिक क्रियाओं के द्वारा दमित इच्छाओ के संकेत मिलते है एक विवाहित महिला अंगूली से अंगूठी को बार-बार निकालती व पहनती थी फ्रायड द्वारा पूछने पर पता चला कि वह अपने पति को कुछ कारणों से तलाक देना चाहती थी। लेकिन सामाजिक एवं नैतिक कारणों से वह ऐसा करना उचित नहीं समझती है।

अतः हमारे दैनिक जीवन में होने वाली गलतियॉ या भूले जो बेकार या बेतुकर दिखाई देती है, वास्तव में ये निरर्थक नहीं होती है, बल्कि इन भूलों एवं गलतियों द्वारा अचेतन मन की अतृप्त इच्छाओं एवं विचारों की अभिव्यक्ति होती है। अतः मनोवैज्ञानिक दुष्टि|

मनोचिकित्सा- मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा का उद्देश्य अचेतन की इच्छाओं को चेतन में लाकर उसके अर्थ एवं महत्व को समझना रोगी को अहं मजबूत करना तथा उसके पराई की इच्छाओं को चेतन में लाने के लिए दो प्रविधियों का प्रयोग किया है।

i. स्वतंत्र साहचर्य
ii. स्वप्न विश्लेषण

स्वतंत्र साहचर्य में रोगी के किसी चेतन विचार को प्रारम्भ बिनदु मानकर उस पर उसे स्वतंत्र होकर बोलने या उससे सम्बन्धित संगत या असंगत बातों को बताने के लिए कहा जाता है। परन्तु यह प्रक्रिया आसान नहीं है। रोगी इसे सही अर्थो में करने में असमर्थ रहता है। इसलिए फ्रायड ने ऐसे रोगियों के लिए स्वप्न विश्लेषण पर बल दिया है। यहां अपने स्वप्नों को उपचार के दौरान बतलाते है।

5.8 सारांश

असमान्यता की व्याख्या के लिए जितने भी सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये है इनमें फ्रायड का मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त काफी चर्चित व विवादास्पद सिद्धान्त रहा है। मनोविश्लेषणात्मक वियारधारा ने असमान्य व्यवहार के अध्ययन एवं उपचार की प्रतिक्रियाओ को सर्वाधिक प्रभावित किया है। इनके इस सिद्धान्त के आधार पर अनेक सिद्धान्तों का प्रतिपादन हो चुका है कुछ मनोवैज्ञानिको ने फ्रायड के इस सिद्धान्त सुक्ष्म तर्कपूर्ण वैज्ञानिकता पूण्र तथा वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रगति प्रदान करने वाला बताया तो किसी ने फ्रायड के सिद्धान्त की आलोचना की

महत्वपूर्ण है।

5.9 शब्दावली

- **शैश्वावस्थ:** जन्म से दो सप्ताह की अवस्था
- **यौक्तिकरण:** तुलना करना
- **निष्कासन:** बाहर निकालना
- **साहचर्य:** जब हमारे मस्तिष्क में एक साथ दो विचार आते है और उन दोनो में एक तरह का सम्बन्ध होता है। जैसे A के बाद B का स्मरण हो जाता है।
- **परिवेश:** वातावरण
- **वांछित:** इच्छानुसार
- **कालिक:** समय

5.10 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

1. सिगमण्ड फ्रायड का जन्म सन् ..... में हुआ था।
2. फ्रायड ने ..... कामुकता पर विषेश बल दिया।
3. मूल प्रविृत्तियों का तात्पर्य जन्मजात ..... उत्तेजना से होता है।
4. प्रतिगमन का अर्थ ..... है।
5. गुदीय अवस्था दो से ..... वर्ष तक होती है।
6. जननेन्द्रिय अवस्था ..... वर्ष तक होती है।

7. स्वप्न विश्लेषण में साहचर्य तथा ..... दो विधियो का प्रयोग किया जाता।

- सत्य असत्य बताइये -

8. सिगमण्ड फ्रायड की मृत्यु 1909 में हुयी थी। (सत्य/ असत्य)
9. फ्रायड ने मन को तीन भागों में बॉटा है। (सत्य/ असत्य)
10. मूल प्रवृत्तियाँ चार प्रकार की होती है। (सत्य/ असत्य)
11. रक्षात्मक प्रक्रम व्यक्ति को सिर्फ वाहय तनाव से बचाता है। (सत्य/ असत्य)
12. अव्यक्तावस्था जो सुप्तावस्था भी कहते है। (सत्य/ असत्य)
13. जननेन्द्रिय अवस्था में व्यक्ति विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होता है। (सत्य/ असत्य)

5.11 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- डॉ0 अरूण कुमार सिंह उच्चतर सामान्य मनोविज्ञान प्रकाशन मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली।
- डॉ0 अरूण कुमार सिंहए उच्चतर नैदानिक मनोविज्ञान प्रकाशन, मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली।
- डॉ0 डी0एन0 श्रीवास्तव, आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान साहित्य प्रकाशन आगरा।
- डॉ0 आर0एन0 आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा।

5.12 निबन्धात्मक प्रश्न

1. मन शब्द से आप क्या समझते हैं?
2. चेतन, अचेतन और उर्द्धचेतन से आप क्या समझते हैं?
3. मूल प्रवृत्तियाँ कितने प्रकार की होती है?
4. मनोविश्लेषण शब्द का क्या अर्थ है?
5. व्यक्ति प्रायः अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में किस तरह की भूते करता है?
6. व्यवहार शब्द की व्याख्या कीजिये?
7. फ्रायड के मनोविश्लेषण सिद्धान्त की विस्तृत व्याख्या कीजिए

इकाई 6- संज्ञानात्मक-व्यवहार उपागम (Cognitive & Behavioural Approach)

इकाई संरचना

6 1.प्रस्तावना

6 2.उद्देश्य

6 3.संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण (सीबीटी) का इतिहास

6.4 संज्ञानात्मक व्यवहार दृष्टिकोण का ABC मॉडल

6.5 संज्ञानात्मक व्यवहार दृष्टिकोण की अवधारणाए

6.6 संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) मॉडल का मूल्यांकन

6.7 सारांक्ष

6.8 निबंधात्मक प्रश्न

6.9 शब्दकोष

6.10 सन्दर्भ ग्रंथ

6.1 प्रस्तावना

संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण (सीबीटी) एक चिकित्सीय ढांचा है जो विचारों, भावनाओं और व्यवहारों के बीच परस्पर क्रिया पर केंद्रित है। संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण संज्ञानात्मक सिद्धांत में निहित है, जो बताता है कि हमारे विचार हमारी भावनाओं और व्यवहारों को आकार देते हैं। यह सीखे गए व्यवहारों और पर्यावरणीय कारकों की भूमिका पर जोर देते हुए व्यवहार संबंधी सिद्धांतों को भी एकीकृत करता है। सीबीटी सहयोगात्मक है, जिसमें चिकित्सक और रोगी चिकित्सा के लिए विशिष्ट लक्ष्यों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए मिलकर काम करते हैं। ये लक्ष्य आम तौर पर ठोस और मापने योग्य होते हैं।

सीबीटी में स्वचालित विचारों की पहचान करना शामिल है - अचेतन या तत्काल विचार जो भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। रोगी उन नकारात्मक या तर्कहीन स्वचालित विचारों (automated thoughts) को पहचानना और चुनौती देना सीखते हैं जो संज्ञान को गलत रूप से प्रभावित करते हैं। एक बार स्वचालित विचारों की पहचान हो जाने पर, सीबीटी का लक्ष्य उन्हें पुनर्गठित करना या बदलना है। इसमें इन विचारों के पक्ष और विपक्ष में साक्ष्यों का मूल्यांकन करना, वैकल्पिक व्याख्याओं पर विचार करना और अधिक अनुकूली दृष्टिकोण अपनाना शामिल है।संज्ञानात्मक पुनर्गठन के अलावा, सीबीटी गलत व्यवहारों को संशोधित करने और स्वस्थ व्यवहारों को सुदृढ़ करने के लिए व्यवहारिक तकनीकों का उपयोग करता है। इसमें एक्सपोज़र थेरेपी, व्यवहार संबंधी प्रयोग या कौशल प्रशिक्षण शामिल हो सकते हैं।रोगी अक्सर नए कौशल का अभ्यास करने और सीखने को सुदृढ़ करने के लिए सत्रों के बीच होमवर्क असाइनमेंट में

परामर्शदाता द्वारा संलग्न किये जाते हैं। यह सक्रिय भागीदारी चिकित्सा की प्रभावशीलता को बढ़ाती है और दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा देती है।

सीबीटी सबसे अधिक अनुभवजन्य रूप से समर्थित उपचारों में से एक है, जिसमें कई अध्ययन अवसाद, चिंता विकारों और मादक द्रव्यों के सेवन सहित मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला में इसकी प्रभावशीलता का प्रदर्शन करते हैं। सीबीटी आम तौर पर समय-सीमित और संरचित होता है, जिसमें सत्रों की पूर्व निर्धारित संख्या के भीतर विशिष्ट उपचार लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह संरचित दृष्टिकोण दक्षता और प्रभावशीलता को अधिक करने में मदद करता है। सीबीटी रिलैप्स रोकथाम रणनीतियों पर जोर देता है, ग्राहकों को भविष्य की चुनौतियों और असफलताओं से स्वतंत्र रूप से निपटने के लिए कौशल प्रदान करता है। यह ग्राहकों को लंबी अवधि में चिकित्सा में प्राप्त लाभ को बनाए रखने का अधिकार देता है।

6.2 उद्देश्य

वर्तमान इकाई को पढ़ने के बाद अध्ययनकर्ता-

- संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक उपागम की प्रकृति को स्पष्ट रूप से समझ सकेंगे।
- संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक उपागम के इतिहास को स्पष्ट रूप से समझ सकेंगे।
- संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक उपागम की अवधारणाओं को समझ सकेंगे।
- संज्ञानात्मक व्यवहार चिकिसा के महत्व को समझ सकेंगे।

6.3 संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण (सीबीटी) का इतिहास

संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण (सीबीटी) के इतिहास का पता कई प्रमुख आंकड़ों और विकासों से लगाया जा सकता है:

व्यवहारवाद: सीबीटी की जड़ें व्यवहारवाद से जुडी हैँ, जो 20वीं सदी की शुरुआत में उभरा। इवान पावलोव, जॉन बी. वाटसन और बी.एफ. स्किनर जैसे व्यवहारवादियों ने मानव मनोविज्ञान को समझने में अवलोकन योग्य व्यवहार और सीखने के सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया। इसने बाद व्यवहारिक उपचारों की नींव रखी।

संज्ञानात्मक क्रांति: 1950 और 1960 के दशक में, सख्त व्यवहारवाद से हटकर संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया। इस संज्ञानात्मक क्रांति के अग्रदूतों, जैसे अल्बर्ट एलिस और आरोन बेक ने भावनाओं और व्यवहार को आकार देने में विचारों और विश्वासों की भूमिका पर प्रकाश डालकर व्यवहारवादी परिप्रेक्ष्य को चुनौती दी।

अल्बर्ट एलिस और रेशनल इमोशनल बिहेवियर थेरेपी (आरईबीटी): अल्बर्ट एलिस ने 1950 के दशक में रेशनल इमोशनल बिहेवियर थेरेपी (आरईबीटी) विकसित की, जो भावनात्मक संकट में योगदान देने वाले तर्कहीन विश्वासों की पहचान करने और उन्हें चुनौती देने पर केंद्रित थी।

आरईबीटी ने बाद में सीबीटी में उपयोग की जाने वाली संज्ञानात्मक पुनर्गठन तकनीकों के लिए आधार तैयार किया।

एरोन बेक और संज्ञानात्मक थेरेपी: 1960 के दशक में, एरोन बेक ने संज्ञानात्मक थेरेपी विकसित की, जो बाद में संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी में विकसित हुई। बेक के काम ने अवसाद और अन्य मनोवैज्ञानिक विकारों में नकारात्मक स्वचालित विचारों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इन विचारों को पहचानने और चुनौती देने के लिए तकनीक विकसित की, जिससे रोगीं की संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार होता पाया गया।

संज्ञानात्मक और व्यवहारिक दृष्टिकोण का एकीकरण: 1970 और 1980 के दशक के दौरान, चिकित्सा के लिए संज्ञानात्मक और व्यवहारिक दृष्टिकोण की पूरक प्रकृति की मान्यता बढ़ रही थी। चिकित्सकों ने विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के उपचार में विचारों और व्यवहारों दोनों को संबोधित करने के लिए संज्ञानात्मक और व्यवहारिक तकनीकों को एकीकृत करना शुरू कर दिया।

औपचारिकीकरण और विस्तार: सीबीटी ने 1980 और 1990 के दशक में अपने सिद्धांतों और तकनीकों के औपचारिकीकरण के साथ गति पकड़ी। बेक की "संज्ञानात्मक थेरेपी और भावनात्मक विकार" जैसी किताबें और बेक, रश, शॉ और एमरी द्वारा "अवसाद की संज्ञानात्मक थेरेपी" जैसे मैनुअल ने सीबीटी हस्तक्षेपों को मानकीकृत करने और चिकित्सकों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने में मदद की।

अनुभवजन्य मान्यता: पिछले कुछ दशकों में, कई अनुभवजन्य अध्ययनों ने अवसाद, चिंता विकार, पीटीएसडी, ओसीडी और मादक द्रव्यों के सेवन सहित मनोवैज्ञानिक विकारों की एक विस्तृत श्रृंखला के इलाज में सीबीटी की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया है। इस अनुभवजन्य समर्थन ने मानसिक स्वास्थ्य उपचार में अग्रणी दृष्टिकोण के रूप में सीबीटी की स्थिति को मजबूत किया है।

6.4 संज्ञानात्मक व्यवहार दृष्टिकोण का ABC मॉडल

एबीसी मॉडल संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) में एक मौलिक अवधारणा है जो व्यक्तियों को उनके विचारों, भावनाओं और व्यवहारों के बीच संबंध को समझने में मदद करती है।

A(Activating Events) = सक्रिय करने वाली घटना: "ए" सक्रिय करने वाली घटना का प्रतिनिधित्व करता है, जो बाहरी स्थिति या ट्रिगर है जो संज्ञानात्मक और भावनात्मक प्रतिक्रिया शुरू करती है। यह कोई विशिष्ट परिस्थिति, घटना, बातचीत या यहां तक कि आंतरिक विचार या स्मृति से कुछ भी हो सकता है।

B (Belief) = विश्वास: "बी" विश्वासों के लिए है, विशेष रूप से सक्रिय घटना के बारे में व्यक्ति के विचारों, व्याख्याओं या धारणाओं के लिए। ये मान्यताएँ तर्कसंगत या तर्कहीन हो सकती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं और उसके बाद के व्यवहारों को बहुत प्रभावित कर सकती हैं। विश्वास अक्सर स्वचालित होते हैं और व्यक्ति द्वारा सचेत रूप से पहचाने नहीं जा सकते हैं।

C (Consequences) = परिणाम: "सी" परिणामों का प्रतिनिधित्व करता है, जो सक्रिय घटना के बारे में व्यक्ति की मान्यताओं से उत्पन्न भावनात्मक और व्यवहारिक प्रतिक्रियाओं को शामिल करता है। इन परिणामों में भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला (जैसे, उदासी, क्रोध, चिंता) और व्यवहार (जैसे, परहेज, आक्रामकता, वापसी) शामिल हो सकते हैं।

संक्षेप में, एबीसी मॉडल सुझाव देता है कि यह स्वयं सक्रिय करने वाली घटना नहीं है जो भावनाओं और व्यवहारों को सीधे प्रभावित करती है, बल्कि घटना के बारे में व्यक्ति के विश्वासों एवं परिणामों का भी इससे परस्पर सम्बन्ध है। तर्कहीन मान्यताओं को पहचानने और चुनौती देने से, व्यक्ति अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं और व्यवहारों को बदलना सीख सकते हैं, जिससे मानसिक कल्याण और कामकाज में सुधार हो सकता है। यह मॉडल व्यक्तियों को सोचने और जीवन की चुनौतियों से निपटने के अधिक अनुकूल तरीके विकसित करने में मदद करने के लिए सीबीटी में उपयोग की जाने वाली संज्ञानात्मक पुनर्गठन तकनीकों का आधार बनाता है।

6.5 संज्ञानात्मक व्यवहार दृष्टिकोण की अवधारणाए

संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) कई प्रमुख मान्यताओं पर बनी है जो इसके सिद्धांतों और तकनीकों का मार्गदर्शन करती हैं। यहां सीबीटी की कुछ मूलभूत धारणाएं दी गई हैं:

संज्ञानात्मक विकृतियाँ: सीबीटी मानता है कि मनोवैज्ञानिक संकट अक्सर विकृत या तर्कहीन सोच पैटर्न से उत्पन्न होता है। इन संज्ञानात्मक विकृतियों मे विनाशकारीकरण, अतिसामान्यीकरण और वैयक्तिकरण शामिल हैं। इन विकृतियों को पहचानकर और चुनौती देकर, व्यक्ति अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं और व्यवहारों को बदल सकते हैं।

सीखा हुआ व्यवहार: सीबीटी की एक और धारणा यह है कि कुसमायोजित व्यवहार सीखे जाते हैं और लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से इन्हें सीखा नहीं जा सकता है। इसमें पिछले अनुभवों से प्रबलित व्यवहार, साथ ही मुकाबला करने के तंत्र शामिल हैं जो शुरू में एक उद्देश्य पूरा कर सकते हैं लेकिन अब सहायक नहीं हैं।

विचार-व्य वहार संबंध: सीबीटी विचारों, भावनाओं और व्यवहारों के अंतर्संबंध पर जोर देता है। यह मानता है कि हमारे विचार हमारी भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करते हैं, और इसके विपरीत। एक घटक (जैसे, विचार बदलना) को संबोधित करके, व्यक्ति अन्य घटकों (जैसे, भावनाएं, व्यवहार) को प्रभावी ढंग से प्रभावित कर सकते हैं।

वर्तमान-केंद्रित और लक्ष्य-उन्मुख: सीबीटी इस धारणा पर काम करता है कि वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करने और विशिष्ट, प्राप्त करने योग्य, लक्ष्य निर्धारित करने से अधिक प्रभावी चिकित्सा परिणाम प्राप्त होते हैं। पिछली घटनाओं पर ध्यान केंद्रित करने या गहरे बैठे अचेतन संघर्षों की खोज करने के बजाय, सीबीटी वर्तमान समस्याओं की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए व्यावहारिक रणनीति विकसित करने को प्राथमिकता देता है।

सहयोगात्मक दृष्टिकोण: सीबीटी मानता है कि थेरेपी तब सबसे प्रभावी होती है जब चिकित्सक और रोगी के बीच सहयोगात्मक संबंध होता है। चिकित्सक ग्राहकों के साथ

चिकित्सीय प्रक्रिया में भागीदार के रूप में काम करते हैं, शिक्षा, सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और ग्राहकों को अपने उपचार में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाते हैं।

अनुभवजन्य मान्यता: सीबीटी इस धारणा पर आधारित है कि इसकी तकनीकें अनुभवजन्य अनुसंधान पर आधारित हैं और वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से मान्य की गई हैं। साक्ष्य-आधारित अभ्यास पर यह जोर यह सुनिश्चित करता है कि हस्तक्षेप प्रभावी हैं और अनुसंधान निष्कर्षों द्वारा समर्थित हैं।

व्यवहारिक परिवर्तन महत्वपूर्ण है: सीबीटी मानता है कि स्थायी परिवर्तन व्यवहारिक संशोधन के माध्यम से होता है। जबकि विचारों और विश्वासों को बदलना महत्वपूर्ण है, अंतिम लक्ष्य इन संज्ञानात्मक बदलावों को व्यवहार में ठोस परिवर्तनों में परिवर्तित करना है जो कामकाज और कल्याण में सुधार करते हैं।

ये धारणाएँ सीबीटी के लिए सैद्धांतिक आधार प्रदान करती हैं और व्यक्तियों को मनोवैज्ञानिक कठिनाइयों को दूर करने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करने के उद्देश्य से हस्तक्षेप के विकास की जानकारी देती हैं।

6.6 संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) मॉडल का मूल्यांकन

संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (सीबीटी) मॉडल वर्षों से व्यापक मूल्यांकन और जांच के अधीन रहा है। यहां इसके गुण और सीमाओं दोनों पर प्रकाश डालने वाला एक मूल्यांकन दिया गया है:

अनुभवजन्य समर्थन: सीबीटी मनोचिकित्सा के सबसे अनुभवजन्य रूप से समर्थित रूपों में से एक है, जिसमें कई अध्ययन अवसाद, चिंता विकार, पीटीएसडी, ओसीडी और मादक द्रव्यों के सेवन सहित विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों में इसकी प्रभावशीलता का प्रदर्शन करते हैं।

केंद्रित और समय-सीमित: सीबीटी आमतौर पर संरचित और लक्ष्य-उन्मुख होता है, जो अक्सर अपेक्षाकृत कम अवधि में महत्वपूर्ण सुधार लाता है। इसकी केंद्रित प्रकृति इसे विशिष्ट समस्याओं के व्यावहारिक समाधान चाहने वाले व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाती है।

बहुमुखी प्रतिभा: सीबीटी को विविध सेटिंग्स की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित किया जा सकता है। इसे व्यक्तिगत थेरेपी, समूह थेरेपी, ऑनलाइन थेरेपी और यहां तक कि स्व-सहायता प्रारूपों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे यह व्यक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सुलभ हो गया है।

सक्रिय और सहयोगात्मक: सीबीटी सक्रिय रूप से ग्राहकों को उनके स्वयं के उपचार में शामिल करता है, उन्हें कुत्सित विचारों और व्यवहारों को पहचानने और चुनौती देने के लिए सशक्त बनाता है। चिकित्सक और रोगी के बीच सहयोगात्मक संबंध चिकित्सीय प्रक्रिया में जुड़ाव और स्वामित्व को बढ़ावा देता है।

मुकाबला करने के कौशल सिखाता है: सीबीटी व्यक्तियों को व्यावहारिक मुकाबला कौशल और रणनीतियों से लैस करता है जिसे वे थेरेपी सत्र के बाद भी लागू कर सकते हैं। ग्राहकों को नकारात्मक विचार पैटर्न को पहचानने और चुनौती देने के लिए सिखाकर, सीबीटी लचीलापन बनाने और दीर्घकालिक कल्याण को बढ़ावा देने में मदद करता है।

सीमाएँ:

सभी के लिए उपयुक्त नहीं: जबकि सीबीटी कई व्यक्तियों के लिए प्रभावी है, यह सभी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को सीबीटी की संरचित प्रकृति में संलग्न होने में कठिनाई हो सकती है या अधिक खोजपूर्ण या अंतर्दृष्टि-उन्मुख दृष्टिकोण की आवश्यकता हो सकती है।

अनुभूति पर अत्यधिक जोर: आलोचकों का तर्क है कि संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं पर सीबीटी का ध्यान मनोवैज्ञानिक कठिनाइयों को आकार देने में पारस्परिक गतिशीलता, पिछले अनुभवों और अचेतन कारकों की भूमिका को नजरअंदाज कर सकता है। यह संकीर्ण फोकस कुछ व्यक्तियों या स्थितियों के लिए इसकी प्रभावशीलता को सीमित कर सकता है।

चिकित्सक के कौशल पर निर्भरता: सीबीटी का प्रभावी कार्यान्वयन काफी हद तक चिकित्सक के कौशल और क्षमता पर निर्भर करता है। सीबीटी हस्तक्षेप को प्रभावी ढंग से वितरित करने के लिए चिकित्सकों के पास पर्याप्त प्रशिक्षण और अनुभव होना चाहिए, जो हर नैदानिक सेटिंग में हमेशा उपलब्ध नहीं हो सकता है।

दोबारा होने का जोखिम: हालांकि सीबीटी से महत्वपूर्ण सुधार हो सकते हैं, लेकिन यदि व्यक्ति चिकित्सा में सीखे गए मुकाबला कौशल का अभ्यास करना और लागू करना जारी नहीं रखते हैं तो दोबारा दोबारा होने का खतरा होता है। निरंतर सुदृढीकरण और समर्थन के बिना, सीबीटी के माध्यम से प्राप्त लाभ समय के साथ कम हो सकते हैं।

सीमित पहुंच: सीबीटी तक पहुंच लागत, प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता और सांस्कृतिक या भाषा बाधाओं जैसे कारकों से सीमित हो सकती है। यह कुछ क्षेत्रों या जनसांख्यिकीय समूहों में सीबीटी चाहने वाले व्यक्तियों के लिए चुनौतियाँ पैदा कर सकता है।

6.7 सारांक्ष

संज्ञानात्मक-व्यवहार दृष्टिकोण (सीबीटी), मनोचिकित्सा का एक व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला और अनुभवजन्य रूप से समर्थित रूप है जो विचारों, भावनाओं और व्यवहारों के बीच परस्पर क्रिया को संबोधित करता है। संज्ञानात्मक सिद्धांत और व्यवहारवाद में निहित, सीबीटी कई प्रमुख धारणाओं पर काम करता है, जिसमें संज्ञानात्मक विकृतियों की उपस्थिति, व्यवहारों की सीखने की क्षमता और विचारों, भावनाओं और व्यवहारों की परस्पर संबद्धता शामिल है।

सीबीटी की विशेषता इसकी वर्तमान-केंद्रित, लक्ष्य-उन्मुख और सहयोगी प्रकृति

है, जिसमें चिकित्सक और रोगी विशिष्ट उपचार लक्ष्यों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने के लिए मिलकर काम करते हैं। थेरेपी तर्कहीन मान्यताओं को चुनौती देने और विकृत सोच पैटर्न को संशोधित करने के लिए संज्ञानात्मक पुनर्गठन के महत्व पर जोर देती है, साथ ही स्थायी परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए व्यवहारिक हस्तक्षेप पर भी जोर देती है।

कुल मिलाकर, सीबीटी व्यक्तियों को मनोवैज्ञानिक कठिनाइयों को दूर करने, मुकाबला करने के कौशल में सुधार करने और समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियाँ प्रदान करता है। इसकी प्रभावशीलता को अनुभवजन्य अनुसंधान के एक बड़े समूह द्वारा समर्थित किया गया है, जो इसे विभिन्न प्रकार की स्थितियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य उपचार में एक अग्रणी दृष्टिकोण बनाता है।

6.8 शब्दावली

संज्ञान: यह हमारी संवेदना की क्षमता है जो हमें पर्याप्त जानकारी देने में मदद करती है।

पीटीएसडी: यह मानसिक रोग है जो घटनाओं के आकलन के बाद लंबे समय तक चिंता, अस्तव्यस्तता और अन्य लक्षणों के साथ संबंधित हो सकता है।

ओसीडी : यह एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है जो अनिवार्य विचारों और क्रियाओं के लिए अत्यधिक और अनावश्यक चिंता और आवश्यकताओं की प्रत्याशा के साथ संबंधित होती है।

6.9 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

1. अल्बर्ट एलिस द्वारा विकसित चिकित्सा का नाम है?

A) रैशनल इमोटिव बिहेवियोरल थेरेपी B) इमोशनल थेरेपी C) आर्ट थेरेपी D) मनोनाटक

उत्तर: A) रैशनल इमोशनल बिहेवियर थेरेपी

2. ABC माडल में B दर्शाता है?

A) बिहेवियर B) बिलीफ C) बायोफीडबैक D) बायोलॉजिकल

उत्तर: B) बिलीफ

4.10 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

Coleman, J.C. (1976) Abnormal Psychology & Modern Life, Taraporevala

Davidson & Neale (1974) Abnormal Psychology, John Wiley

Kapil, H.K. (2001) अपसामान्य मनोविज्ञान, भार्गव प्रकाशन, आगरा

मखीजा और मरखीजा (2001) पसामान्य मनोविज्ञान, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल प्रकाशन आगरा।

सिंह ए.के. (2009) आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, बनारसी दास, दिल्ली.

4.1निबंधात्मक प्रश्न 1

1. संज्ञानात्मक व्यवहार के असामान्य मनोविज्ञान में महत्त्व को विस्तार से समझाइए ?

2. सीबीटी (CBT) पहले या वर्तमान में इस्तेमाल किए गए उपायों या चिकित्सा तकनीकों की तुलना में अधिक प्रभावशील क्यों है?

3. सीबीटी अनुप्रयोग करने से कैसे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है, इसे साबित करने के लिए विश्वसनीय आधार हैं?

इकाई 7. चिंता विकृति (Anxiety Disorder

इकाई संरचना

7.1 प्रस्तावना
7.2 उद्देश्य
7.3 दुश्चिंता विकृति
7.4 भीशिका विकृति
7.5 दुर्भीति विकृति।
7.6 सामान्यीकृत दुश्चिंता विकृति
7.12 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न
7.13 सारांश
7.14 प्रश्नों के उत्तर
7.15 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
7.16 निबन्धात्मक प्रश्न

7.1 प्रस्तावना

दुश्चिंता विकृति से तात्पर्य व्यक्ति की उन मानसिंक विकृतियों व समास्याओं से होता है जिसके कारण व्यक्ति में चिंता व तनाव का स्तर इतना अधिक बढ़ जाता है जिससे व्यक्ति अपनी वास्तविक जिंदगी के साथ समायोजन नही कर पाता है। इन विकृतियों के कारण रोगी का व्यक्तित्व प्रभावित होता है जिससे व्यक्ति ठीक प्रकार से कार्य करने में सक्षम नही हो पाता है और उसका व्यवहार कुसमायोजित हो जाता है।

भीषिका विकृति (Panic Disorder)के व्यक्ति को दौरा पढ़ने लगते है जिससे रोगी की हृदय ग्रति तीव्र चलने लगती है। हृदय गति के तीव्र होने से रोगी में शारीरिक परिवर्तन होने लगते है।

दुभीति विकृति में रोगी को अनेको प्रकार के डर व आशंकाए सताने लगती है जिससे रोगी अपनी समाजिक परिस्थतियों के साथ समायोजन करने में सक्षम नही हो पाता है। सामान्यीकृत दुश्चिन्ता विकृति से ग्रसित रोगी में दुश्चिन्ता, डर आशंकाए आदि अत्यधिक होती है परन्तु वह इस डर, दुश्चिन्ता के कारणों का विश्लेषण उचित प्रकार से नही कर पाता हैं।
मनोग्रसित बाध्यता विकृति में रोगी न चाहते हुए विचारों को बार-बार दोहराता हैं। विचारों को अपनी इच्छा के विरूद्ध दोहराने की क्रिया में बाध्यता महसूस करता है। उत्तर अभिघातन प्रतिबल विकृति में रोगी को अत्यधिक आधात की स्थिति से गुजरना पड़ता है। इस विकृति में रोगी में प्रतिबल, तनाव की स्थिति उत्पन्न् हो जाती है जिसका कारण तीव्र आघात होते है। ये तीव्र आघात प्रियजन की मुत्यु, नौकरी छुटने व अत्यधिक गम्भीर रोग आदि भी हो सकते है जिससे रोगी अपनी वास्तविक जीवन में कुंठित व्यवहार की ओर अग्रसर हो जाते है।

7.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अर्न्तगत दुश्चिंता विकृति निम्न के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगें।

- दुश्चिंन्ता विकृति
- भीषिका विकृति
- दुर्भीति विकृति
- सामान्यीकृत दुश्चिंन्ता विकृति

7.3 दुश्चिंन्ता विकृति (Anxiety Disorder)

दुश्चिंन्ता विकृति अत्यधिक मात्रा मे लोगो में पायी जाती है इस प्रकार की विकृति के मुख्य लक्षण आंशका, भय, दुश्चिंन्ता आदि होते है। यदि व्यक्ति में दुश्चिंता की मात्रा तीव्र हो जाती है तो व्यक्ति को दौरा भी पड़ जाता है। दुश्चिन्ता के लक्षण साधारण व परिस्थिति जन्य होते है। क्योकि प्रतिबल/ तनाव की स्थिति न रहने पर लक्षण स्वतः ही समाप्त हो जाते है। दुश्चिंन्ता के उत्पन्न होने का कभी भी कोई स्पष्ट करण नही होता है। इन कारणो में परिवर्तन होता रहता है कभी एक कारण हो सकता है तो कभी दूसरा। इसे मुक्त प्रवाही दुश्चिंन्ता (Free Floating Anxiety) भी कहा जाता है।

दुश्चिंन्ता विकृति से तात्पर्य उन मानसिक विकृतियों व समस्याओं व विपदाओ से होता है जिसमें चिन्ता का स्तर इतना अधिक बढ़ जाता हैं कि व्यक्ति की वास्तविक जिंदगी प्रभावित होने लगती हैं। व्यक्ति के दिन प्रतिदिन के व्यवहार में परिवर्तन होने लगता है। व्यक्ति का वातारण के साथ समायोजन कुप्रभावित होने लगता है।

दुश्चिंन्ता प्रतिक्रिया के प्रत्यक्ष कारण के न होते हुए भी व्यक्ति में आशंका की स्थिति प्रतीत होती है। जिससें व्यक्ति में आन्तरिक तनाव उत्पन्न होने लगता है। इस तनाव को कम करने के लिए व्यक्ति शारीरिक क्रियाएं करता है, शारीरिक क्रियाएं करने के कारण व्यक्ति का शरीर भी प्रभावित होता है। व्यक्ति का तंत्रिका तत्रं भी एक प्रकार से तनाव की स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में पहुचने से व्यक्ति अपनी पूरी कार्य कुशलता से कोई कार्य नही कर पाता है। उसमें कार्य करने की शक्ति धीरे-धीरे क्षीण व समाप्त होने लगती हैं।

दुश्चिंन्ता विकृति से पीड़ित रोगी दुश्चिंन्ता के अलावा तनाव, बैचेनी और घबराहट का निरन्तर अनुभव करता है। उसमें चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कठिनाई और अनिद्रा के लक्षण भी स्पष्ट दिखाई पड़ते है। व्यक्ति में जी मिचलाने, भूख न लगने, वजन कम होने जैसे लक्षण भी उभरने लगते है। बिना किसी कारण के हृदय गति भी तीव्र होने लगती है, रक्तचाप, नाडी गति बढ़ जाती है, रोगी का आत्म विश्वास काम होने लगता है। वह आंशका व डर से हमेशा भयभीत रहने लगता है।

दुश्चिन्ता विकृति से संबंधित उदाहरण:-

एक नवयुवक को निरन्तर ये शिकायत रहती थी कि उसके साथ कुछ बुरा होने वाला है। वह बहुत महीनो से शारीरिक थकान का अनुभव कर रहा था। उसके सिर, कमर तथा पैरो मे अति तीव्र दर्द रहने लगा। कभी-कभी उसे ऐसा महसूस होने लगता है कि उसके दिल की धड़कन तेज हो जाती है और उसका जीवन समाप्त होने वाला है।

मनोचिकित्सा का उपयोग करके रोगी के बारे में पता चला कि वह युवक अपने पिता के साथ व्यवसाय करता था उसे अपने पिता का कठोर तथा कटु व्यवहार बिल्कुल पसन्द नही था और इस कारण वह अपने पिता से आन्तरिक रूप से घृणा करता था। परन्तु पिता का सामना नही करने व उसकी दी हुई नौकरी को छोड़ने को साहस नही जुटा पा रहा था।

मनोचिकित्सा के अर्न्तगत जब रोगी को स्थिति का पता चला तब वह खुलकर अपने पिता से मिलने लगा व उनके द्वारा दी गई नौकरी छोड़कर अन्य नौकरी आरम्भ कर दी तब उसके रोग के लक्षण भी लुप्त होने लगें। यह युवक अचेतन रूप से तीव्र इडिपस मनोग्रन्थि (Oedipus Complex)से पीडित था अगर रोगी इडिपसी मनोग्रन्थि से पीडित न होता, तब इससे दुश्चिन्ता तंत्रिकाताप के विभिन्न शारीरिक लक्षण भी सम्भवता दृष्टिगत न होते है।

दुश्चिंन्ता विकृति एक नैदानिक समास्या है (**DSM-IV)** के अनुसार दुश्चिंन्ता विकृति के मुख्य छः प्रकार होते है के स्लर तथा उनके सहयोगियों के अनुसार व्यस्क जनसंख्या के करीब 15 से 16 प्रतिशत लोग दुश्चिंन्ता विकृति के किसी न किसी प्रकार से आवश्यक ग्रस्त होते है। दुश्चिन्ता विकृति के छः प्रकार इस प्रकार है--

1. भीषिका विकृति।
2. दुभीति विकृति।
3. सामान्यीकृत दुश्चिन्ता विकृति।
4. मनोग्रस्ति बाध्यता विकृति।
5. उत्तर आधतीय तनाव विकृति।
6. तीक्ष्ण प्रतिबल विकृति।

7.4 भीषिका विकृति (Panic Disorder):-

इस तरह की विकृति में रोगी के बार-बार तीव्र दौरे पड़ते है। इस तरह का दौरा पड़ने पर सावेंगिक रूप से तीव्र आंशका तथा भय के लक्षण विकसित हो जाते है। इस तरह के दौरा पड़ने पर व्यक्ति की हृदयगति तीव्र हो जाती है। हाथ-पाव ठंडा हो जाते है, सीने मे दर्द होने लगता है, वह अपने पांव पर खडा नही हो सकता है। रोगी को ऐसा लगने लगता है कि जैसे वह मरने वाला है व कोई भयानक घटना घटने वाली है। इस प्रकार के दौरे पड़ने के कारण रोगी को लगता है कि उसे दिल का दौरा पड़ने वाला है, जिससे उसकी मृत्यु हो सकती है व उसका अपने शरीर के अंगों पर नियंत्रण खत्म हाने लगता हैं इस स्थिति मे व्यक्ति को भीषिका का दौरा अचानक पड़ता है। कुछ सैकंड व कुछ घण्टो के भी हो सकता है। इसीलिए रोगी चीख चीखकर कर आसपास के लोगो को इक्कठ्ठा कर लेता है और डॉक्टर के उपचार को तुरन्त बुलाने के लिए कहता है। डाक्टर के उपचार के बाद औषधि देने पर दौरे समाप्त होने लगते है पर रोगी को यह आशका व डर हमेशा रहता है कि उसे दूसरा दौरा पड़ सकता है।

इस प्रकार के दौरे दिन में कई बार पड़ सकते है। यह महिने में एक दो बार भी पड़ सकते है। दौरो के बीच के अन्तराल में रोगी सामान्य स्थिति में भी बना रहता है। परन्तु उसमें चिन्ता की भावना

पूर्णतः समाप्त नही हो जाती है बल्कि उसके जीवन का अभिन्न अंग बन जाता है जो दोबारा दौरा पड़ने पर स्वतः उभर आते है।

इस प्रकार के दौरे पड़ने पर रोगी अपनी वास्तविक, कल्पानिक, नयी पुरानी बातो, गलतियों की समीक्षा करता रहता है वह उन समस्याओं के बारे में सोचता रहता है जो अभी उसके सामने घटित भी नही हुई है। उनको लेकर हमेशा चिन्तित व आंशाकाओं से घिरा रहता है।

भीषिका विकृति घटनाक्रम:-

मेयर्स तथा उनके सहयोगियों (1984) के अनुसार इस विकृति का दर पुरूषों में 0.7 प्रतिशत तथा महिलाओं में लगभग एक प्रतिशत हेाता है। पोलार्ड एंव कार्न (1989) के अनुसार इस विकृति की शुरूआत आंरम्भिक अवस्था में होता है तथा इसका संबंध तनावपूर्ण जीवन की अनुभूतियों से होता है।

भीषिका विकृति के कारण:-

भीषिका विकृति के कारणो को दो भागों में बाटा जा सकता है।

1. जैविक कारक (Biological Factors)
2. मनोवैज्ञानिक कारक (Psychological Factors)

1. जैविक कारक (Biological Factors):-

टारगेरसन (1983) के अनुसार भीषिका विकृति एंकागी जुड़वा (Identical Twin)बच्चों में भ्रातीय जुड़वा (Fraternal Twin) बच्चो की अपेक्षा काफी अधिक पाया जाता है।

चार्नी एवं हैनगर (Charney & Heinger)(1986) के अनुसार जब व्यक्ति के मस्तिष्क का वह सर्किट जो आपात कालीन प्रतिक्रिया को धीमा करना है या बंद करना है, की क्षमता कमजोर हो जाता है, तो इससे उसमें भीषिका विकृति उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती हैं रॉकिन्स तथा उनके सहयोगियों (1986) के अनुसार भीषिका विकृति के रोगी के मस्तिष्ठ के कुछ हिस्सों में रक्त् प्रवाह तथा आक्सीजन सामान्य से अधिक होता हैं। कुछ अध्ययनों से यह भी पता चला है कि जब श्वसन वायु में कार्बन डाइआक्साइड की मात्रा सामान्य से अधिक होती हैं तो इस कारण से भी भीषिका का दौरा पड़ता है। क्योकि कि कार्बन डाई आक्साइड की मात्रा अधिक होने से अतिश्वसन (Hyperventilation) अवस्था उत्पन्न होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

2. मनोवैज्ञानिक कारण (Psychological Factors):-

क्लार्क (1989) के अध्ययन के अनुसार भीषिका विकृति उत्पन्न होने की एक महत्वपूर्ण कारण है कि व्यक्ति अपने भीतर उत्पन्न शारीरिक संवेदनाओं का सही व्याख्या नही करता है। भीषिका विकृति वाले रोगी सामान्य चिंता अनुक्रियाओं जैसे तीव्र हृदयगति, दम फूलने की स्थिति तथा चक्कर आने की स्थिति को यह मान लेते है कि अब भीषिका दौरा पड़ने वाला ही है। जब कि वास्ताविकता यह होता है कि यह अन्य कारको से उसमें होता है। ऐसी भ्रान्तिपूर्ण व्याख्या से व्यक्ति में परेशानी और भी अधिक बढ़ जाती है और अंततोगत्वा उसमें पूर्ण रूप से भीषिका विकृति उत्पन्न हो जाता है। इस बात का समर्थन होल्ट एवं एण्डरसन (1989) ने भी किया।

अध्ययनों से यह भी पता चला है कि भीषिका विकृति में प्रत्यक्षित नियंत्रण का पर्याप्त महत्तव होता है।

भीषिका विकृति के उपचार:-

इस विकृति के उपचार के लिए कुछ औषध का उपयोग किया जाता है इसमें ट्राईसाईक्लिक विषाद विरोधी औषध (Tricyclic antidepressant drugs)तथा चिन्ता विरोधी औषध ((anti-anxiety drug) जैसे:- (Alprozalam) इस विकृति के रोगियों के उपचार में कुछ मनोवैज्ञानिक चिकित्साओं का भी उपयोग किया जाता है । क्लोसको एवं उनके सहयोगियों (1990) के अनुसार यदि शारीरिक संवेदनाओं की भ्रांत व्याख्या को यदि बदल दिया जाये जो इससे विकृति अपने आप दूर हो जायेगी।

7.5 दुर्भीति विकृति:-

दुभीति विकृति एक ऐसी नैदानिक समस्या है जिसमें व्यक्ति को विशिष्ट वस्तु क्रिया या परिस्थिति से सतत् एवं असंगत डर होता है। इसमें किसी भी छोटें बालक को रात के समय अचानक अधेरे के हो जाने से भयभीत होना या बालक के अकेले हाने पर किसी भयानक पशु को देखने से भयभीत होना एक सामान्य घटना है परन्तु जब कभी एक स्वस्थ किशोर अथवा प्रौढ़ व्यक्ति रात को थोड़े अंधेरे में अपने घर में अत्यधिक भयभीत होने लगते व तालाब कुँए, नदी आदि को देखकर कॉपने लगे व पालतु गाय, कुत्ते, बिल्ली को पास आता देखकर आंतक जैसी प्रतिक्रिया करने लगे तब व्यक्ति का व्यवहार निश्चतः आसामान्य होता है। व्यक्ति के ऐसे अनियन्तीत अनैच्छिक, अंसंगत तथा अविवेकपूर्ण भय को दुभीति ही कहते हैं।

दुर्भीति विकृति के मुख्य तीन श्रेणी होती है। **एगोराफोबिया, सामाजिक दुर्भीति तथा विशिष्टि दुर्भीति**। **एगोराफोबिया** में व्यक्ति ऐसे सार्वजानिक जगहों में जाने से डरता है जिससे दूर रहना सम्भव नही है।

सामाजिक दुर्भीति में व्यक्ति वैसी सामजिक परिस्थति में जाने से डरता है जहाँ वह यह समझता है कि उसका मूल्याकंन किया जा सकता है। ऐसे लोग जन समूह के सामने बोलने या कुछ भी करने से घबराते है। ऐसे लोग शौचगृह का इस्तेमाल करने से डरते है। ऐसे व्यक्ति सामाजिक संबंधो से दूर रहना चाहते है।

विशिष्ट दुर्भीति वैसी होती है। जिसमें व्यक्ति कुछ लोग विशेष तरह के पशु पक्षी या कीड़े मकोड़े से काफी डरते है। उदाहरण स्वरूप ऐरेकनोफोबिया अर्थात मकडा से डर, साइनोफोबिया-कुत्ते का डर, टोनिट्रोफीबिया अर्थात आधी तूफान से डर आदि विशिष्ट दुर्भीति के कुछ उदाहरण है।

दुर्भीति प्रतिक्रियाएं अन्य आयु वर्गो की अपेक्षा प्रोढ़ावस्था के आरंम्भ में अधिक होती है यह पुरूषों की अपेक्षा स्त्रियों में अधिक होती है।

इसमे रोगी में दुर्भीति के अलावा कुछ शारीरिक लक्षण भी पाये जाते है। जैसे सिर का दर्द पेट में गडबड़ सिर चकराना, हीनता भावना, किसी गंम्भीर शारीरिक रोग की आंशका, अनिद्रा का मुक्त संबंधी कठिनाइया आदि। कुछ रोगियों में दुर्भीति प्रतिक्रियाओं की प्रकृति मनोग्रस्ति संबंधी होती है। मनोग्रस्ति संबंधी होती है। इसमें व्यक्ति के अचेतन में दमित अर्न्तद्वन्द्व से संबंधित तनाव व दुश्चिन्ता के प्रबल भाव तथा भय के लक्षण के रूप में एक दम फूट पडते है।

दुर्भीति उद्वीपक स्थिति से संबंधित व्यक्ति पलायन का भरसक प्रयास करते देखा जाता हैं तथा वह जितनी देर तक ऐसी स्थिति में अपने को फंसे देखता है उसके भय के लक्षण उतने ही अधिक उग्र होते ही चले जाते है।

दुर्भीति के लक्षणों के उत्पन्न होने का व्यक्ति की बौद्विक तथा सामजिक व आर्थिक स्थिति से कोई विशेष संबंध नही होता, परन्तु कुछ विशेष प्रकार की दुर्भीति की उत्पत्ति में आयु की विशिष्ट भूमिका आवश्य देखने में आती है। जैसे पशु दुर्भीति की उत्पत्ति विशेषत शैशवकाल तथा बाल्यकाल में देखने में आती है जब कि खुले स्थान की दुर्भीति विशेषता लड़कियों में यौवनारम्भ के समय पर देखने में आती हैं।

दुर्भीति का उदाहरण:-

एक स्वस्थ युवा लड़की को बहते हुए पानी से डर लगता था। भय का कारण समझने में असमर्थ थी। 7 से 20 वर्ष की आयु तक यह स्थिति बिना सुधार के ऐसी ही बनी रही। इस लड़की को बहते पानी की ध्वनि से भय लगता था। जैसे नहाने के लिए टब में पानी भरा जाता है था तो उसकी ध्वनि से दूर रहने के लिए घर से बाहर चली जाती थी। उसके परिवार के सदस्यों को काफी प्रयास करना पड़ता था। स्कूल में वह बहते हुए पानी की आवाज सुनकर मुचर्ि्छत हो जाती थी। इस प्रकार के भय के कारण उसको अपना जीवन व्यतीत करने में कठिनाई हो रही थी।

इस दुर्भीति का कारण यह था कि जब लड़की 7 वर्ष की थी तो वह अपनी माँ तथा मौसी के साथ पिकनिक पर गयी । शाम को जब माँ घर वापस आने लगी तो लड़की ने यह आग्रह किया कि वह कुछ दिन और अपनी मौसी के साथ रहना चाहती है। उसने अपनी माँ को वचन दिया कि वह मौसी की आज्ञा के बिना कुछ नही करेगी । परन्तु कुछ समय बाद लड़की वचन तोड़कर अकेले घूमने चली गयी, काफी ढूढ़ने के बाद वह लड़की झरनों के बीच में पत्थरों के नीचे फसी हुई मिली। झरने का पानी ठीक उसके सिर पर गिर रहा था। जिससे भयभीत होकर चीख रही थी। घर आते समय उसकी मौसी ने वचन दिया कि वह उसकी माँ से शिकायत नही करेंगी। परन्तु लड़की ने इस बात पर विश्वास नही किया और घर वापस आते ही वह सो गयी और रात को ही उसकी मौसी चली गयी। दूसरे दिन से उसमें बहते हुए पानी की दुर्भीति उत्पन्न हो गयी। 13 वर्ष तक निरन्तर बनी रहने वाली दुर्भीति मौसी के केवल एक वाक्य पर समाप्त हो गयी मौसी ने लड़की **से** सिर्फ इतना कहा था मैने कुछ नही बताया।

आर्डड्सन (1968) के अनुसार तंत्रिकातापी विकारों से पीडित व्यक्तियों में से लगभग 8 प्रतिशत से लेकर 12 प्रतिशत व्यक्ति दुर्भीति के प्रतिक्रिया से पीड़ित पाये जाते है। युवा रोगियों में पुरूषों की अपेक्षा स्त्रियों की संख्या अधिक रहती है। मार्क्स (1969) के अनुसार विभिन्न प्रकार की दुर्भीतियों में से पशु दुर्भीति से लगभग 95 प्रतिशत स्त्रियां पीडित पायी जाती है जबकि खुले स्थानों की दुर्भीति में उसकी सख्ंया 75 प्रतिशत तथा सामाजिक दुर्भीति से 60 प्रतिशत स्त्रियां पीड़ित पायी जाती है। स्त्रियों में भयभीत होने की क्रिया अधिक मान्य तथा स्वीकार्य है।

कारण:-

दुर्भीति प्रतिक्रियायें अनेक व्यक्तित्व विकारों और मानसिंक रोगो मे पायी जाती हैं दुर्भीतियाँ आन्तरिक अथवा बाह्य खतरो का सामना करने के ऐसे प्रयास है जिनसे इन खतरनाक पस्थितियों

को उत्पन्न होने से रोका जाये या सावधानी पूर्वक उनसे बचा जाये। दुर्भीति के उत्पन्न होने के निम्न कारण हो सकते है।

1. अनुकूलन:-

अनुकूलन सिंद्धान्त के अनुसार जब कोई तटस्थ उद्धीपक उस समय उपस्थित हो जाये जब व्यक्ति किसी दूसरे कारण से भयभीत हो तो इस तटस्थ उद्धीपक में भी बाद के अवसरों पर भय उत्पन्न करने की क्षमता उत्पन्न हो जाती है।

2. भयप्रद आवेगों के विरूद्ध सुरक्षा:-

व्यक्ति अपनी आक्रमता अथवा कामुक दमित इच्छाओं से उत्पन्न होने वाली दुश्चिन्ता से बचने और अपनी रक्षा के लिए दुर्भीति का सहारा लेता है। व्यक्ति जिस स्थिति से भयभीत होता है। वह भय का वास्तविक कारण नही होती। एक पति को नदी अथवा तालाब की दुर्भीति थी इसका कारण यह था कि उसके मन में अपनी पत्नी के डुबा देने की तीव्र इच्छा उत्पन्न होती रहती थी।

3. **दमित अन्तर्द्धन्द्ध:-**

दुर्भीति का मुख्य कारण व्यक्ति के अतीत के जीवन से संबंधित किसी एक घटना अथवा विषय वस्तु के प्रति दमित अर्न्तद्धन्द्ध रहता है।

4. प्रतिगामी व्यवहार:-

दुर्भीतिग्रस्त व्यक्ति का स्वभाव पलायनवादी तथा प्रतिगामी होता है। यदपि उसके प्रतिगमन का स्वरूप् सामान्यतः आंशिक ही रहता है। परन्तु फिर भी इसके उसमें अविवेकपूर्ण अपरिपक्व तथा शैशवकालीन व्यवहार के लक्षण एक विशेष स्थिति में एक दम से देखने में आने लगते है। मनोवैज्ञानिक दुर्भीति की उत्पत्ति बाह्य तथा पर्यावरण संबंधी कारको के अतिरिक्त शारीरिक कारको में देखने का प्रयास करते है।

उपचार:-

दुर्भीति मनोविकार के उपचार के लिए उसकी गम्भीरता तथा संबंधित रोगी की सामान्य स्थिति को आंकने की आवश्यकता होती है। दुर्भीति का उपचार इस बात पर निर्भर करता हैं कि उसका वास्तविक कारण क्या है ? यदि दुर्भीति का कारण कोई अभिघातपूर्ण अनुभव है तो उसका उपचार यह कि रोगी में इस अनुकूलन का विलोप अथवा विसंवेदन कर दिया जाये। यदि किसी बालक को कुत्ते ने काट लिया है और वह कुत्ते से भयभीत रहने लगता हो तो उसका उपचार है कि उसे बार बार आश्वस्त तथा प्रोत्सहित किया जाये ताकि वह किसी पालतू कुत्ते को छुने का साहस कर सके। यदि इस प्रक्रिया को बार बार दोहराया जाये तो वह कुत्ते की दुर्भीति से मुक्त हो जायेगा।

इससे व्यक्ति में एक निरपेक्ष घटना के प्रति भय उत्पन्न करने के स्थान पर मन पसन्द पुरस्कार देने की व्यवस्था की जाती है।

दुर्भीति ग्रस्त व्यक्ति की उपचार प्रक्रिया के लिए मनोचिकित्सक से लेकर व्यवहार रूपान्तरण तथा विद्युत आघात चिकित्सा तक की आवश्यकता पड़ सकती है। मनोचिकित्स के व्यवहार रूपांतरण से लाभ न मिलने पर विद्युत आघात चिकित्सा का उपयोग किया जाता है। ऐसी उपचार पद्धति का प्रयोग करने से उनमें रोग के तीव्र लक्षण उत्पन्न होने लगते है और दुर्भीति तीव्र हो जाती है।

7.8 सामान्यीकृत दुश्चिन्ता विकृति (Generalized Disorder or GAD):-

सामान्यीकृत दुश्चितन्ता विकृति के अर्न्तगत रोगी लम्बी अवधि तथा सत्त अवास्तिविक या अत्यधिक चिन्ता से ग्रस्त रहता है। इस प्रकार की चिंता को स्वंत्रत प्रवाही चिंता (Free Floating Anxiety) भी कहाँ जाता हैं। इस विकृति से ग्रसित व्यक्ति हमेशा तनाव, दुश्चिंन्ता एवं अवास्तिविकता की दुनियाँ में खोया रहता है। (DSM-IV)के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की जिन्दगी कम से कम छः माह ऐसे ही व्यतीत हुए हो जिसमें से अधिकांश अवधि में उसे अवास्तविक एवं अत्यधिक चिंता बना रहे तो निश्चित रूप से ऐसे व्यक्ति को सामान्यीकृत दुश्चिन्ता विकृति का रोगी ही कहा जायेगा।

7.8.1 लक्षण (Symptoms):-

सांवेगिक रूप से ऐसे रोगी बेचैन, तनावग्रस्त, दिखायी देता है। वह भविष्य में घटित हाने वाले खतरों या घटनाओं जैसे हृदय आघात, मृत्यु या नियंत्रण खोने आदि जैसी बातो के बारे में सोच-सोचकर काफी परेशान रहता है। संज्ञानात्मक रूप से वह सदैव कुछ बुरा होने की उम्मीद करते रहता है। परन्तु वह यह नही बता पाता है कि क्या बुरा होने वाला हैं। पसीना आना, हृदयगति तीव्र होना, पेट में गड़बड़ी होना, सिर दर्द, हाथ पैर ठण्डा हो जाना आदि जैसी आपातकालीन दैहिक प्रतिक्रियाएं भी देखने में आती है। रोगी का व्यवहार बहुत ही असंयमित और चिड़ाचिड़ापन वाला हो जाता है ऐसे व्यक्ति बहुत जल्दी थकान अनुभव करते है। और स्वंय को एकाग्रचित नही कर पाते है। ऐसे व्यक्ति को किसी निर्णय पर पहुचनें में अत्यधिक कठिनाई होती हैं।

7.8.2 घटनाक्रम (Incidence):-

रेपी ने (1991) के अनुसार यह विकृति सामान्य जनसंख्या के मात्र 4 प्रतिशत लोगों मे ही होता है। बारलो 1996 के अनुसार इस विकृति की शुरूवात सामान्यः 15 साल की आयु में प्रारंभ हो जाता है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते है जिन्हे यह समस्या पूरी जिंदगी के दौरान होता रहता है। यह विकृति पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं में अधिक होता है।

7.8.3 कारण (Causes):-

1) जैविक कारण (Biological Factors):-

कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार इस विकृति का कारण जैविक भी होता है। स्लेटर एवं षिल्ड (1969) ने एकांगी जुड़वा बच्चों के 17 युग्मों तथा भ्रातीय युग्मों के 28 जुड़वाँ युग्मों का तुलनात्मक अध्ययन करने के पश्चात यह परिणाम प्राप्त किया कि 49 प्रतिशत प्कमदजपबंस जूपदे बच्चों में सामान्यीकृत दुश्चिंता विकृति थी जबकि 4 प्रतिशत भ्रातीय जुड़वाँ में ही यह विकृति थी।

2)) मनोविश्लेषणात्मक कारक ((Psychoanalytic Factors):-

इस सिद्धान्त के अनुसार म्हव की इच्छा एंव प्क की इच्छा में अचेतन संघर्ष के परिणाम स्वरूप इस विकृति की उत्पत्ति होती है। चूँकि इस प्रकार के चिंता का कारण अचेतन संघर्ष होता है, अतः बिना कारण जाने ही हमेशा चिंतित एंव आशकित रहता है।

3) अधिगम सिंद्धान्त:-

ओल्पे (Wolpe)1958, ने इस प्रकार की विकृति का कारण विकृत अधिगम माना है। यदि कोई व्यक्ति जागृत अवस्था में सामाजिक संपर्क को लेकर चिंतित रहता है और यदि वह इस बात को लेकर अन्य लोगो के साथ अपना अधिक से अधिक समय व्यतीत करता है तब ऐसे व्यक्ति में सामान्य दुश्चिंता विकृति होना पाया जाता सकता है। इस सिद्वान्त के अनुसार व्यक्ति की चिंता बाह्य उद्धीपकों से अनुबंधित हो जाताहैं।

4) संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक कारक:-

बारलों के अनुसार इस विकृति से ग्रस्त रोगी धमकी पूर्ण परिस्थतियों को अपने नियन्त्रण से परे मानते है जिसके कारण से उनमें अत्यधिक चिंता बना रहता है। **केन्डाल एवं इनग्राम (1989)** तथा बेक एवं उसके सहयोगियों में अनुसार जब व्यक्ति किसी साधारण एवं नयी परिस्थति को भी तनावपूर्ण एवं धमकी भरा प्रत्यक्षण करता है तो उसमें उस व्यक्ति में अनावश्यक चिंता बढ़ जाती है। ऐसे रोगी भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं को लेकर इस प्रकार परेशान रहता है। बटलर एवं मैक्यूज (1983) के अनुसार इस प्रकार के रोगी अस्पष्ट उद्धीपकों को अधिक धमकी पूर्ण समझते है तथा स्वंय के साथ अशुभ धटनाओं के होने की अशांका से भयभीत रहते है।

7.8.4. उपचार -

इस विकार से ग्रसित रोगी के लिए मुख्यतः दो तरह की प्रविधियाँ अधिक लोकप्रिय है।

1. जैविक या मेडिकल प्रविधि ((Biological or Medical techniques):-

चिंता-विरोधी औषधि लेने से रोगी के लक्षणों में कमी हो जाती है लेकिन यह भी देखा गया है कि (anti-anxiety drug)को बन्द करने के पश्चात पुनः लक्षण दिखायी देने लगते है। रोगी फिर से सोचने लगता है कि उसके चिंता के लक्षण का स्वरूप कुछ ऐसा है जिस पर नियन्त्रण नही पाया जा सकता है। इस प्रकार की औषधि के सेवन से तत्कालिक लाभ तो मिल जाता है लेकिन स्थाई लाभ नही मिलता है।

2. **संज्ञानात्मक व्यवहारात्मक चिकित्सा (**Cognitive Behavioral Therapy):-

प्रशान्तक औषधियों के सेवन से पश्चात मनोचिकित्सा के द्वारा ही व्यक्ति की दुश्चिंता के वास्तविकता कारणों को जानकर उसे दूर किया जा सकता है। इसके अन्तर्गत व्यवहारात्मक चिकित्सा शिथिलीकरण, क्लायंट केन्द्रित चिकित्सा, शाब्दिक निर्देश, माँडलिंग, क्रियाप्रसूत, जैसी प्रतिविधियों का उपयोग किया जा सकता है।

7.12 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

- दुश्चिंता विकृति के मुख्य लक्षण कौन से है?
- DSM का पूरा नाम क्या है?
- DSM का चतुर्थ संस्करण किस सन् में प्रकाशित हुआ ?
- DSM के अनुसार दुश्चिंता विकृति के कितने प्रकार है ?

- भीषिका विकृति में दौरे पड़ने की गति कैसी होती है ?
- दुर्भीति विकृति की तीन श्रेणियों के नाम को उल्लेखित करें ?
- दुर्भीति विकृति के दो कारण बताइयें ?
- दुश्चिंता विकृति के तीन कारण कौन-कौन से हैं?
- दुश्चिंता विकति के उपचार में कौन कौन सी विधियाँ सहायक है?

7.13 सारांश

दुश्चिंता विकृति के उत्पन्न होने के लिए व्यक्ति की व्यक्तिगत समस्याये उत्तरदायी होती है। व्यक्ति अपनी जीवन की अनेको समस्याओं व विपदाओं के कारण एक सी ऐसी परिस्थति में फस जाता हैं जो उसमें दुश्चिंता उत्पन्न कर देती है जिसके कारण व्यक्ति अपने वातावरण के साथ समयोजन नही कर पाता है जिससे उसका व्यवहार कुसमायोजित हो जाता है। इस कुसमयोजित व्यवहार के कारण व्यक्ति में दुश्चिंता के लक्षण उत्पन्न होते देखे जाते है। दुश्चिंता विकृति के छः प्रकार होते है। भीषिका विकृति, दुर्भीति विकृति सामान्यीकृत दुश्चिंता विकृति मनोग्रस्तता बध्यता विकृति, उत्तर अभितीय तनाव विकृति, तीक्ष्ण प्रतिबल विकृति भीषिका विकृति से पीड़ित व्यक्ति को अत्यधिक तीव्र दौरे पड़ते है। जिसके कारण व्यक्ति को हृदय गति आसामन्य हो जाती है, सांस थमने लगती है, चक्कर आना लगते है। रोंगी को उपचार देने के पश्चात ये दौरे सामाप्त होने लगते है। दुर्भीति विकृति के अर्न्तगत रोगी को किसी वस्तु परिस्थति व सार्वजानिक स्थानों पर जाने से असंगत डर लगता हैं। दुर्भीति विकृति के कारण रोगी वातावरण में घटने वाली घटनाओं से भयभीत रहता है। दुर्भीति विकृति के उत्पन्न होने के कई कारण होते हैं जैसे अनुकूलन भयप्रद आवेगों के विरूद्ध सुरक्षा, दमित अर्न्तद्धन्द्ध प्रतिगामी व्यवहार आदि।

7.14 स्वमूल्यांकन प्रश्न के उत्तर

1. दुश्चिंता विकृति के मुख्य लक्षण आशंका, भय, डर, चिंता आदि होते हैं।
2. डी0एस0एम0 का पूरा नाम डायनगोस्टिक एण्ड स्टैटिस्टिकल मैनूअल आफ मेन्टल डिसआर्डर है।
3. डी0एस0एम0 के अनुसार दुश्चिंता विकृति के छः प्रकार है।
4. डी0एस0एम0 का चर्तुर्थ संस्करण 1994 में प्रकाशित हुआ।
5. भीषिका विकृति में दौरे पड़ने की गति तीव्र होती है।
6. दुर्भीति विकृति के तीन श्रेणिया के नाम निम्नकिंत है। एगोराफोबिया, सामजिक दुर्भीति तथा विर्शिष्ट दुर्भीति।
7. दुर्भीति विकृति के दो कारण दमित अन्तद्धन्द्ध तथा अनुकूलन।
8. मनोग्रस्ति बाध्यता से पीड़ित रोगियों का प्रतिशत असामान्ष् रोगियों में 4 से 20 प्रतिशत है।

9. मनोग्रस्ति-बाध्यता के दो कारण, 1. तनाव एवं दुश्चिंता विपत्तियों से भय। 2. कठोर एवं दोषपूर्ण सामाजीकरण।

10. टोपेक्टामी चिकित्सा का तात्पर्य यह है कि इनमें मस्तिक के विशेष अंग को विच्छेदित करके बाहर निकाल दिया जाता है जिसका संबंध मनोग्रस्ति विचार से होता है।

11. दुश्चिंता विकृति के तीन करण निम्नलिखित है। 1. जैविक कारक 2. मनोवैज्ञानिक कारक सामाजिक-साँस्कृति कारक।

12. दुश्चिंता विकृति में वैयक्तिक चिकित्सा, व्यवहारात्मक चिकित्सा, बहुमाडल चिकित्सा का उपयोग किया जाता है।

7.15 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

. Coleman, J.C. (1976) Abnormal Psychology & Modern Life, Taraporevala

. Davidson & Neale (1974) Abnormal Psychology, John Wiley

. Kapil, H.K. (2001) अपसामान्य मनोविज्ञान, भार्गव प्रकाशन, आगरा

. मखीजा और मरखीजा (2001) पसामान्य मनोविज्ञान, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल प्रकाशन आगरा।

. सिंह ए.के. (2009) आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, बनारसी दास, दिल्ली.

7.16 निबन्धात्मक प्रश्न

1. दुश्चिंता विकृति से क्या तात्पर्य है दुश्चिंता विकृति के कारणो की विवेचना कीजिए ?

2. दुश्चिंता विकृति के प्रकारो का वर्णन कीजिए व उपचारों की व्याख्या प्रस्तुत कीजिए ?

3. दुर्भीति विकृति से क्या तात्पर्य है। दुर्भीति विकृति के कारणो व उपचारो का वर्णन कीजिए ?

इकाई 8 .मनोग्रसित बाध्यता एवं अन्य सम्बंधित विकृति (Obsessive Compulsive and Related Disorders)

इकाई संरचना

8.1 प्रस्तावना
8.2 उद्देश्य
8.3 मनोग्रस्ति बाध्यता विकृति
8.4 उत्तर अभिघातजन्य प्रतिबल विकृति
8.5 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न
8.6 सारांश
8.7 प्रश्नों के उत्तर
8.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
8.9 निबन्धात्मक प्रश्न

8.1 प्रस्तावना

मनोग्रस्ति और बाध्यता दो तरह की समस्याएं होती है। मनोग्रस्तता में रोगी बार-बार मन में आने वाले किसी अतार्किक एवं असंगत व अस्वागत योग्य विचारों को न चाहते हुए भी मन में दोहराता रहता है। रोगी ऐसे विचारों की अर्थहीनता, असंगतता एवं अतार्किक स्वरूप को भली भाँति समझता हैं और उनमे से छुटकारा भी पाना चाहता है परन्तु वह ऐसा नही कर पाता है। औ एक ही विचार बार बार उसके मन में आते रहता हैं। जिससे उसकी मानसिंक शांति इस हद तक क्षुब्ध हो जाती है कि उसके समायोजन में बाधा पहुचाती है। दूसरी समस्या बाध्यता है यह एक क्रियात्मक प्रतिक्रिया होती है जहाँ रोगी अपनी इच्छा के विरूद्ध किसी क्रिया को बार-बार करने के लिए बाध्यता महसूस करता है। ऐसी क्रियाएँ अवांछित ही नही बल्कि अतार्किक एंव असंगत होती है साफ सुथरे हाथ को बार बार धोने की क्रिया, ताला ठीक से लगा देने पर भी उसे बार बार झकझोर का देखना, सड़क पर खड़े होकर आते जाते गड़ियों को नम्बर नोट करना आदि बाध्यता के कुछ उदाहरण है।

8.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अर्न्तगत दुश्चिंता विकृति के अन्य दो प्रकारो के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगें।

- मनोग्रस्ति-बाध्यता विकृति
- उत्तर अभिघातजन्य प्रतिबल विकृति।

8.3 मनोग्रस्ति बाध्यता विकृति

एक सामान्य व्यक्ति में भी कभी-कभी कुछ विचार अनैच्छिक रूप से निरन्तर आते जाते देखे जाते है। जैसे कि एक गृहणी सोने से पहले अपने घर के दरवाजे की सिटकनी बन्द करके बिस्तर पर

चली जाती है। और फिर मन ही मन जब यह शंका करने लगती है कि उसने दरवाजे की सिटकनी को ठीक प्रकार से बंद नही किया है तब उसका फिर से बिस्तर से उठकर सिटकनी के लगे होने की पुष्टि कर लेना एक प्रकार से सामान्य व्यवहार ही है, परन्तु इस संबंध में पुष्टि के हो जाने के पश्चात भी ग्रहणी द्वारा रात में बार बार अपने बिस्तर से उठकर सिटकनी के बन्द होने को देखते रहना आसामान्य व्यवहार तथा उसकी आधाभूत असुरक्षा की भावना का ही प्रतीक है जिसके कारण उसमें ऐसी मनोग्रस्ति बाध्यता देखने में आती है।

मनोग्रस्ति-बाध्यता के दो मुख्य रूप होते है। प्रथम मनोग्रस्थित बाध्यता के वे रूप जिनमें व्यक्ति के विचार तथा व्यवहार नैतिक तथा सौन्दर्यात्मक दृष्टिकोण से अवांछित तथा घृणित होते है। जैसे मानव हत्या संबंधी विचार, अनुचित काम संबंधी विचार, प्रतिशोध के घोर व कर विचार, प्रियजनों को बुरी बुरी गाली देने के विचार आदि। दूसरे मनोग्रसित बाध्यता के कुछ ऐसे रूप भी होते है जिनका संबंध व्यक्ति को समाजिक व नैतिक विचारों तथा व्यवहारों से रहता है। ऐसी स्थितियों में व्यक्ति अपनी दमित पाप, अपराध भावनाओं के प्रति प्रायश्चित करते देखा गया है या फिर उन क्रियाओं तथा पूर्व सावधानियों का सहारा लेतें देखा जाता है जिनके द्वारा आन्तरिक तनाव कम हो जाते है।

मनोग्रस्ति बाध्यता से पीड़िता रोगियों की संख्या 4 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक देखने में आती है।

लक्षण:-

इस प्रकार के व्यक्तित्व विकार का मूल स्त्रोत व्यक्ति के अचेतन में दमित रहता है तथा इस अचेतन के कारण ही व्यक्ति चेतन स्तर पर अनेक निरर्थक लगने वाली क्रियाएँ करते देखा जाता है। मनोग्रस्ति बाध्यता के लक्षणो का संबंध व्यक्ति के दमित व अचेतन काम आवेगों, विरोध व धृणा के भावों, नैतिक व अनैतिक इच्छाओं, विचारों तथा विचित्र क्रियाओं से जुडे होता है।

संशय तथा अनिश्चिता का दोष मनोग्रसित व्यक्ति में अत्यधिक पाया जाता है। ऐसे व्यक्तियों के मन में हमेशा डर व आशंका बनी रहती है जिसके कारण वह महत्वपूर्ण निर्णय नही ले पाते है और हमेशा शंकाओं से घिरा रहते है। मनोग्रस्ति व्यक्ति के मन में अनेक अनिष्ठ विचार आते रहते है। वह इन विचारों के अर्न्तगत कुछ भी सोच सकता है, जैसे किसी पर आक्रमण करना, शत्रुता करना, घृणा करना, ऐसे ही अन्य आमानवीय विचार विकसित करने का प्रयास करता है। इनका व्यवहार निरर्थक होने के साथ-साथ अनैच्छिक व पुनरावृयात्मक होता है। वह अपने निरर्थक व्यवहार की पुनरावृत्ति करते रहते है चाहे उनकी इच्छा न हो। ऐसी अवस्था में रोगी शैशवकाल की परिस्थति का अनुभव करने लगता है। उसको असुरक्षा की भावना प्रतीत होती है। इसीलिए उसका व्यवहार बच्चों के समान बचकाना होने लगता है। मनोग्रस्ति-बाध्यता से पीड़ित व्यक्ति अपने अचेतन के वेदनापूर्ण तनाव को कम करने के लिए तथा अपने अहम् को विघटित होने से बचाने के लिए रक्षायुक्तियों को भी अपने व्यवहार में अनुप्रयुक्ता करता है। इस स्थिति में व्यक्ति के व्यवहार में दोष घृणा व विरोध के भाव अत्यधिक प्रबल उठते है।

मनोग्रस्ति व्यक्ति की विभिन्न बाध्यताओं के लक्षणों का स्वरूप व्यक्तित्व के अन्य विकारों में भी मिलता है। बाध्यतामूलक क्रियाओं का संबंध प्राय कामुकता और आक्रमकता से होता है। इनके अलावा मद्योन्माद ,अग्निदहनों माद, दर्शन रति विशिष्ट प्रकार की बाध्यताएं है।

1. **मद्योन्माद बाध्यता** (Dipsomania)में संबंधित व्यक्ति में मद्यपान के लिए अतिशय सनक देखनें में आती है तथा इसके लिए उसमें कभी-कभी दुश्चिन्ता जैसे दौरे पड़ने लगते है।

2. **चौर्योन्माद ((Kleptomania)** विकार के अर्न्तगत व्यक्ति कुछ विशेष वस्तुओां की चोरी के लिए आन्तरिक रूप से अति विवश रहता है। यद्यपि उसके पास वस्तु का कोई भी अभाव नही होता है।

3. **अग्निदहानोमाद ((Pyromania**) से पीड़ित रोगी के विचारों में आग लगाने की तीव्र इच्छा होती है। सम्पत्ति को ऐसे जलाने के उसे एक विशेष प्रकार की आनन्द की अनुभूर्ति होती है।

4. **फीटिशपरायणता ((Fetishism):** इसके अन्तर्गत व्यक्ति विभिन्न कर्म काण्डों व भूत प्रेत की पूजा आदि करने के प्रति अभिप्रेरित रहता है।

5. **दर्शनरति ((Voyeurism)** -इस मनोग्रस्ति के अर्न्तगत व्यक्ति विशेषतः पुरूष युवतियों व युवा महिलाओं को देखने व उनके शरीर के विभिन्न उद्धीपक अंगों पर ही आसामान्य रूप से मोहित रहने की बाध्यता होती है।

मनोग्रसित बाध्यता के कारण:-

मनोग्रस्ति बाध्यता तंत्रिकाताप के अनेक कारण हो सकते है जो निम्न प्रकार से है।

1. दमित संवेगात्मक अनुभव व काम संबंधी प्रबल तनाव:-

मनोग्रस्ति व्यक्ति अपने अचेतन में दमित काम संबंधी आवेगो के तनाव से अत्यधिक पीड़ित रहता है। इसके कारण उनका दोषपूर्ण दमन करता रहता है। दोषपूर्ण दमन के कारण आवेग अभिव्यक्ति के लिए निरन्तर लालायित रहते हैं जिससे व्यक्ति में प्रबल तनाव बना रहता है। एक पति को यह विचार बार-बार सताता है। कि उसकी पत्नी वफादार और चरित्रवान नही है इसका कारण यह कि स्वंय पति अपनी पत्नी के प्रति वफादार नही था। व्यक्ति दमित आवेगो के मूल स्त्रोत को जान नही पाता है।

2. दमित इच्छाओं के विस्फोट से रक्षा:-

व्यक्ति की दमित इच्छाएं अचेतन में सक्रिय होती है और निरन्तर यह प्रयास करती रहती है कि चेतन स्तर पर पहुँच जाये। ये अनैतिक अथवा भयानक इच्छाएँ चेतन स्तर पर न पहुच सके इसके लिए रोगी अपने चेतन स्तर को ऐसी इच्छाओं द्वारा व्यस्त रखता है जो अपेक्षाकृत कम भयानक होती हैं

3. आत्म अवमूल्यन और अपराध भावना:-

जब काई व्यक्ति ऐसा अनैतिक व्यवहार कर लेता है जो उसमें आत्म अवमूल्यन और अपराध भावना उत्पन्न कर दे तो मनोग्रसित बाध्यता के लक्षण इसी आत्म अवमूल्यन का कारण बन जाते है।

4. विचार व व्यवहार का स्थिरीकरण:-

मनोग्रस्ति बाध्यता विकार के अर्न्तगत व्यक्ति के आंशिक प्रतिगमन का एक परिणाम यह होता है कि उसके विचार व व्यवहार में स्वच्छाता तथा गंदगी, नैतिकता तथा अनैतिकता, प्रेम तथा घृणा

के विचारों के प्रति एक प्रकार की कठोरता देखने में आती है। इससे ही उसके व्यवहार में बार-बार हाथ धोने व अत्यधिक स्वच्छ करने की बाध्यता देखी जाती है।

5. पाप तथा अपराध के लिए अचेतन स्वदंडन:-

ऐसे विकार से पीडित व्यक्ति में पराहम की कठोरता के कारण अपने पाप व अपराध के लिए दण्ड भोगने की तीव्र भय रहता है। जो कभी-कभी शारीरिक रोग के लक्षणों में भी परिवर्तित हो जाता है।

6. तनाव और दुश्चिन्ता विपत्तियों से भय:-

मनोग्रस्ति बाध्यता से पीड़ित रोगी में दुश्चिंन्ता व तनाव का भाव उत्पन्न होने लगते है। उसे सुरक्षा का आभाव व घोर विपत्तियों तथा क्षति होने का भय सताता रहता है। ऐसी संकट की स्थितियों से बचने के लिए अनेक अन्धविश्वासों का सहारा लेते है।

7. अत्यधिक कठोर व दोषपूर्ण समाजीकरण का प्रभाव:-

कैमरान के अनुसार व्यक्तित्व में मनोग्रस्ति बाध्यता की उत्पत्ति में उसकी दोषपूर्ण समाजीकरण की प्रक्रिया की भी विशिष्ट भूमिका होती है। दोषपूर्ण पारिवारिक स्थिति व सामजीकरण की प्रक्रिया के कारण भी व्यक्ति मनोग्रस्ति बाध्यता का शिकार हो जाता है।, क्योकि माता पिता के धैर्यहीन होने पर बालक भी अधीर अशान्त व शंका ग्रस्त रहने लगता है।

8. व्यक्तित्व के विशिष्ट घटक:-

मनोग्रस्ति से पीडित व्यक्ति में व्यक्तितत्व कारक अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। जैसे अर्न्तमुखिता, स्वघाती व्यवहार, आधारिक सुरक्षा का अत्यधिक अभाव, स्वदण्डन की अदम्य प्रवृत्ति, अंधविश्वासी व अपराध भाव से पीड़ित रहने का स्वभाव।

उपचार:-

इस प्रकार के व्यक्तित्व विकार के उपचार के लिए मनोचिकित्सा की अति महत्पूर्ण भूमिका होती है इसके अर्न्तगत पहले व्यक्ति के अचेतन मन के अध्ययन के लिए मनोविश्लेषण विधि के उपयोग की आवश्यकता होती है। जिससे व्यक्ति के आन्तरिक तनाव के मूलस्त्रोत का पता लग सके।

रोगी के आन्तरिक तनाव के अध्ययन में मनोविश्लेषण विधि सफल न होने पर नार्केशिस की आवश्यकता पड़ सकती है। इस स्थिति में रोगी के साक्षात्कार से महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। इन सभी विधियों के विफल होने पर विद्युत आघात विधि तथा एक अन्य शैल्य चिकित्सा तथा प्रमस्तिष्क अंशोच्छेदन(टोपेक्टामी) का अन्तिम विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है। टोपेक्टामी चिकित्सा विधि के अर्न्तगत मस्तिक के उस विशेष अंग को विच्छेदित करके बाहर निकाल दिया जाता है जिसका संबंध मनोग्रस्ति विचार से पाया जाता है। मनोग्रस्ति बाध्यता के उपचार में व्यवहार चिकित्सा की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। व्यवहार चिकित्सा के तीन प्रविधियों क्रमशः माँडलिंग फ्लडिंग तथा अनुक्रिया निवारण को संयोजित करके मनोग्रसित-बाध्यता विकृति का उपचार किया जाता है। फोआ तथा कोजाक (1999) ने अपनी समीक्षा में 16 ऐसे अध्ययनों को सम्मिलित किया जिससे 300 रोगियों को व्यवहार चिकित्सा के इन तीनो

प्रविधियों द्वारा उपचार किया गया था और परिणाम यह निकला की उसमें से करीब 83 प्रतिशत रोगियों को ऐसे उपचार से काफी फायदा हुआ।

8.4 उत्तर अभिघातीय तनाव विकृति (Posttraumatic Stress Disorder):-

यह एक ऐसी दुश्चिंता या डर है जिसकी उत्पत्ति विशिष्ट घटना से होती हैं। जैसे प्राकृतिक आपदा, आगजनी, भूकंप, बाढ़ , युद्ध आदि। इसके अतिरिक्त कुछ घटनाओं ऐसी होती हैं जिसके लिए व्यक्ति स्वंय जिम्मेदार होता है जैसे विवाह-विच्छेद, किसी को जान से मारना, बलात्कार आदि। ऐसी स्वभाविक या अस्वभाविक विशिष्ट घटना के बाद व्यक्ति में साँवेगिक तथा मनोवैज्ञानिक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण से व्यक्ति का व्यवहार कुसमयोजी हो जाता है। इस तरह की स्थिति को ही उत्तर अभिघातीय तनाव विकृति कहाँ जाता है।

लक्षण(Symptoms):-

PTSD के सम्बन्ध में (DSM-IV)में छः लक्षण या कसौटी बतलाया गया है जिसके आधार पर इसकी पहचान की जाती है।

1) व्यक्ति को अपने दिन-प्रतिदिन की जिन्दगी में गंम्भीर तनाव से उत्पन्न मानसिक आघात की याद बार-बार आती है। यह याद जागृत अवस्था में भी आ सकती या नींद में भी।

2)) व्यक्ति हमेशा उन उद्धीपको से दूर भागने की कोशिश करता है। जो उस मानसिक आघात से उत्पन्न करने वाली घटनाओं से किसी न किसी रूप से साहचर्यित होता हैं क्योकि इससे उनमें गंभीर चिंता उत्पन्न होती है।

3) व्यक्ति में हमेशा उच्चस्तरीय उत्तेजना जैसे चिरकालिक तनाव तथा चिड़चिड़ापन का अनुभव होता है। साथ ही साथ उसमें अनिद्र की शिकायत हो जाती है तथा उनमें चिड़चिड़ान या वेचैनी के स्तर को भी वह सहन नही कर पाता है।

4) व्यक्ति में एकाग्रता की शिकायत रहती है तथा स्मृति लोप तीव्र हो जाती है। इसके अतिरिक्त दर्द संबंधी संवेदनाओं के प्रति सुन्नता ;छनउइपदहद्ध का गुण भी पाया जाता है।

अण् व्यक्ति में विषाद का स्तर बढ़ जाता है। वह अपने आप को सामाजिक संपर्क से दूर कर लेता है।

अ1) उपरोक्ता सभी लक्षण करीब एक माह से अधिक व्यक्ति मे मौजूद हो।

कारण:-

उत्तर अघातीय तनाव विकृति के निम्न कारण हो सकते है।

1. जैविक कारण ((Biological factors):-

क्रिस्टल एवं उनके सहयोगियों 1989 ,के अनुसार मानसिक आघात से नारएड्रीनरजिक तन्त्र ((Noradrenergic System)) प्रभावित हो जाता है। जिससे रक्त में नोरइपाइफ्राइन ((Nor epinephrine) का स्तर बढ़ जाता है। जिसके कारण से व्यक्ति में उत्तेजना और आक्रमकता बढ़

जाती है। कोल्ब के अनुसार जब व्यक्ति में पुराने स्नायविक रास्ते नष्ट हो जाते है। जो व्यक्ति में उत्तरअभिघात तनाव के लक्षण उत्पन्न करते है।

2. मनोवैज्ञानिक कारक ((Psycholgical Factors):-

ब्रेसलाऊ के अध्ययन से यह पता चला की माता-पिता से कम उम्र में ही बिछुड जाने पर विकृति का पारिवारिक इतिहास होने पर तथा महिलाओं में मानसिक आघात होने पर उत्तर अभितीय तनाव की विकृति को बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। जोन्स एवं बारलो के अनुसार मानसिक आघात उत्पन्न होने के पहले जिन लोगो में मनोवैज्ञानिक कठिनाईया अधिक होती है उनमें PTSD के लक्षण अधिक विकसित होते है इस तरह के व्यक्तित्तव को पूर्ण विकृत व्यक्तित्व ((Premorbid Personality) कहाँ जाता है।

मनोगतिकी मॉडल के ((Pschodynamic Model) अनुसार, तीव्र एवं गहरे मानसिक आघात से निबटने की आवश्यकता के कारण व्यक्ति दमन का सहारा लेता है जिससे उसमें प्रत्याहार एवं सुन्नता के लक्षण विकसित होते है। दूसरी तरफ जब दमन कमजोर पड़ जाता है। तब व्यक्ति पुनः उस मानसिक आघात को अनुभव करने लगता है। जोन्स एवं बारलो के अनुसार जब व्यक्ति में आत्मनिन्दा, भविष्य में होने वाले मानसिक आघात की प्रत्याशा तथा भय का विकास आदि मौजूद होते है। तो ऐसी स्थिति में PTSD के लक्षण विकसित होते है।

3. सामाजिक कारक:-

उत्तर अभिघात विकृति की उत्पत्ति में सामजिक कारकों का भी योगदान होता है। इस क्षेत्र में किये गये अध्ययनों से पता चला है कि अधिक तीव्र एवं जान जाने वाली धमकी पूर्ण परिस्थतियों से भी PTSD के उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है। सामाजिक समर्थन की कमी से भी व्यक्ति में PTSD विकसित होता है। वियतनाम युद्ध से लौटने के बाद जिन सैनिको को सामजिक तिरस्कार का सामना अधिक करना पड़ा, उनमें उत्तर अभिधात विकृति का विकास तेजी से हुआ।

उपचार:-

उत्तर अभिघात कारक तनाव के लिए कुछ आपातकालीन उपाय किये जाते है। इस आपाकलीन उपायों में गहरी वैयक्तिक परामर्श से लेकर सामूहिक परिचर्चा का सहारा लिया जाता है। इस प्रकार के आपातकालीन उपाय एक तरह से निवारण(Preventive) उपाय होते है। PTSD के उपचार में विभिन्न तरह के चिंता-रोधी औषध तथा विभिन्न प्रकार के विषाद-विरोधी औषध का उपयोग किया जाता है।

मनोचिकित्सकों ने इस विकृति के उपचार हेतु कुछ विशेष सुझाव दिया है। जिन्हे निम्नक्रमानुसार उपयोग किया जा सकता है।

- क्लायंट के साथ विश्वसनीय संबंध कायम करना।
- मनसिक आघात से निबटने की प्रक्रियाओं के बारे में क्लांयट को शिक्षा देना।
- मानसिक आघात को पुनः अनुभव करने का साहस उत्पन्न करना।
- क्लायंट के अनुभवों में मानसिक आघात से संबद्ध अनुभवो को समन्वित करना।

उपरोक्त क्रम को अपनाकर उपचार करने पर काफी सफलता मिलती है।

8.5 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

. मनोग्रस्ति-बाध्यता से पीड़ित रोगियों का प्रतिशत कितना है।

. मनोग्रस्ति बाध्यता के दो कारण बताइये ?

8.6 सारांश

मनोग्रस्ति-बाध्यता में रोगी न चाहते हुए भी ऐसे कार्यो को करने के लिए विवश हो जाता है। जिनको वह करना नही चाहता है। इन कार्यों को करते समय जो न करने की इच्छा जागृत होती है इसे बाध्यता की प्रतिक्रिया कहते है।

मनोग्रस्ति-बाध्यता के कारण निम्नलिखित है जैसे दामित संवेगात्मक अनुभव, काम संबंधी प्रबल तनाव, दमित इच्छाओं के विस्फोट से रक्षा, आत्म अवमूल्यन और अपराध भावना, विचार व व्यवहार का स्थिरीकरण, पाप व अपराध के लिए अचेतन स्वदण्डन, तनाव और दुश्चिंता विपत्तियों से भय, अत्यधिक कठोर व दोषपूर्ण सामाजीकरण का प्रभाव आदि।

उत्तर अभिघात प्रतिबल विकृति में रोगी को अत्यधिक, घातक व विपत्ति जनक परिस्थतियों का सामना करना पड़ता है इसमें रोगी की किसी व्यक्ति की मृत्यु व बीमारियों जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ता है।

8.7 स्वमूल्यांकन प्रश्न के उत्तर

1 मनोग्रस्ति बाध्यता से पीड़ित रोगियों का प्रतिशत असामान्ष् रोगियों में 4 से 20 प्रतिशत है।

2 मनोग्रस्ति-बाध्यता के दो कारण, 1. तनाव एवं दुश्चिंता विपत्तियों से भय। 2. कठोर एवं दोषपूर्ण सामाजीकरण।

8.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

. Coleman, J.C. (1976) Abnormal Psychology & Modern Life, Taraporevala

. Davidson & Neale (1974) Abnormal Psychology, John Wiley

. Kapil, H.K. (2001) अपसामान्य मनोविज्ञान, भार्गव प्रकाशन, आगरा

. मखीजा और मरखीजा (2001) पसामान्य मनोविज्ञान, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल प्रकाशन आगरा।

. सिंह ए.के. (2009) आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, बनारसी दास, दिल्ली.

8.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1. मनोग्रस्ति-बाध्यता से क्या अर्थ है इनके कारणो सहित उपचार की विवेचना कीजिए ?

2. उत्तर अभिधात तनाव विकृति के कौन-कौन से कारण है इसकी उपचार प्रविधि का वर्णन कीजिए|

इकाई 9. मनोविच्छेदी विकृतियाँ (Dissociative Disorder)

इकाई संरचना

9.1 प्रस्तावना

9.2 उद्देश्य

9.3 मनोविच्छेदी विकृति

9.4 मनोविच्छेदी विकृति के प्रकार

9.5 मनोविच्छेदी विकृति के कारण

9.6 मनोविच्छेदी विकृति के लक्षण

9.7 मनोविच्छेदी विकृति का उपचार

9.8 केस स्टडी

9.9 सारांश

9.10 शब्दावली

9.11 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

9.12 सन्दर्भ सूची

9.13 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

9.1 प्रस्तावना

DSM-5 (मानसिक विकारों का निदान और सांख्यिकीय मैनुअल, पांचवां संस्करण) में, एक मनोविच्छेदी विकृति मानसिक विकारों की एक श्रेणी है जो चेतना, स्मृति, पहचान या धारणा में व्यवधान या परिवर्तन से सम्बंधित है। इन व्यवधानों में अक्सर किसी के विचारों, भावनाओं, यादों या यहां तक कि अपने शरीर से अलगाव की भावना शामिल होती है। मनोविच्छेदी विकृति वाले व्यक्तियों को स्वयं या पहचान की खंडित भावना का अनुभव हो सकता है।

9.2 उद्देश्य

1. इस इकाई के माध्यम से हम मनोविच्छेदी विकृति के बारे में जान पाएंगे

2. इस इकाई के माध्यम से हम मनोविच्छेदी विकृति के संभावित कारणों का पता लगा पाएंगे

3. इस इकाई के माध्यम से हम मनोविच्छेदी विकृति के लक्षणों के विषय में जान पाएंगे

4. इस इकाई के माध्यम से हम मनोविच्छेदी विकृति के निदान के बारे में जान पाएंगे

9.3 मनोविच्छेदी विकृति

मनोविच्छेदी विकृति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का एक समूह है जो किसी व्यक्ति की चेतना, स्मृति, पहचान और धारणा के सामान्य एकीकरण में व्यवधान के कारण होता है। ये विकार कई प्रकार के कष्टदायक अनुभवों को जन्म दे सकते हैं, जहां व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं, यादों या यहां तक कि अपने भौतिक शरीर से अलग महसूस कर सकते हैं। पृथक्करण एक सामान्य मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसका अनुभव हर कोई कुछ हद तक करता है, जैसे दिवास्वप्न देखना या विचारों में खो जाना। हालाँकि, मनोविच्छेदी विकृति में, यह प्रक्रिया स्पष्ट, चिरकालिक हो जाती है, और किसी व्यक्ति के दैनिक कामकाज और कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

मानसिक विकारों का निदान और सांख्यिकीय मैनुअल, पांचवां संस्करण (डीएसएम-5), कई अलग-अलग प्रकार के मनोविच्छेदी विकृति को वर्गीकृत करता है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी परिभाषित विशेषताएं होती हैं। इनमें डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (जिसे पहले मल्टीपल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के नाम से जाना जाता था), डिसोसिएटिव एम्नेसिया और डिपर्सनलाइज़ेशन-डीरियलाइज़ेशन डिसऑर्डर शामिल हैं। हालाँकि मनोविच्छेदी विकृति के सटीक कारणों का अभी भी अध्ययन किया जा रहा है, वे अक्सर दर्दनाक अनुभवों की प्रतिक्रिया के रूप में उभरते हैं, खासकर बचपन के दौरान।

परिभाषा –

मानसिक विकारों के निदान और सांख्यिकीय मैनुअल (डीएसएम -5) के अनुसार मनोविच्छेदी विकृति एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो किसी व्यक्ति की चेतना, स्मृति, पहचान, धारणा या वास्तविकता की भावना के सामान्य कामकाज में व्यवधान या गड़बड़ी की विशेषता है। ये व्यवधान कई प्रकार के अनुभवों को जन्म दे सकते हैं जहां व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं, यादों, परिवेश या यहां तक कि स्वयं की अपनी भावना से अलग महसूस कर सकते हैं। मनोविच्छेदी विकृति अक्सर आघात या तनाव के परिणामस्वरूप होते हैं और किसी व्यक्ति के दैनिक जीवन, रिश्तों और समग्र कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। कई अलग-अलग प्रकार के विघटनकारी विकार हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने लक्षण और नैदानिक मानदंड हैं।

(According to Diagnostic and Statistical Manual of Mental Disorders (DSM-5)-A dissociative disorder is a mental health condition characterized by disruptions or disturbances in an individual's normal functioning of consciousness, memory, identity, perception, or sense of reality. These disruptions can lead to a range of experiences where individuals may feel disconnected from their thoughts, feelings, memories, surroundings, or even their own sense of self. Dissociative disorders often result from trauma or stress and can have a significant impact on an individual's daily life, relationships, and overall well-being. There are several distinct types of

dissociative disorders, each with its own set of symptoms and diagnostic criteria.

9.4 मनोविच्छेदी विकृति के प्रकार

DSM-5 में उल्लिखित मनोविच्छेदी विकृति के कई विशिष्ट प्रकार के हैं:

1. **डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (डीआईडी) Dissociative Identity Disorder (DID):** इसे पहले मल्टीपल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के रूप में जाना जाता था, डीआईडी में दो या दो से अधिक विशिष्ट पहचान स्थितियों की उपस्थिति शामिल होती है जो किसी व्यक्ति के व्यवहार, चेतना और स्मृति को नियंत्रित करती हैं। इन पहचानों (जिन्हें परिवर्तन भी कहा जाता है) की अपनी विशिष्ट विशेषताएं, यादें और व्यवहार हो सकते हैं।

2. **डिसोसिएटिव एम्नेसिया (Dissociative Amnesia:):** इस विकृति में महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी को याद करने में असमर्थता शामिल है, जो आमतौर पर दर्दनाक या तनावपूर्ण प्रकृति की होती है, जो सामान्य भूलने की बीमारी से परे होती है। स्मृति लोप आम तौर पर प्रतिवर्ती होता है और किसी चिकित्सीय स्थिति के कारण नहीं होती है।

3. **प्रतिरूपण-व्युत्पत्ति विकार (Depersonalization-Derealization Disorder):** प्रतिरूपण का तात्पर्य किसी के अपने शरीर, विचारों या भावनाओं से अलग होने की भावना से है, जैसे कि स्वयं को बाहर से देख रहा हो। व्युत्पत्ति में आस-पास के वातावरण से असत्यता या अलगाव की भावना शामिल होती है, अतः इस विकृति में अपने शरीर अपने विचारों भावनाओं के साथ बाहरी वातावरण के प्रति असत्यता एवं अलगाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

4. **अन्य निर्दिष्ट और अनिर्दिष्ट मनोविच्छेदी विकृति (Other Specified Dissociative Disorder and Unspecified Dissociative Disorder):** इन श्रेणियों में मनोविच्छेदी विकृति के लक्षणों की प्रस्तुतियाँ शामिल हैं जो ऊपर उल्लिखित विशिष्ट विकारों के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण संकट या हानि का कारण बनते हैं।

9.5 मनोविच्छेदी विकृति के कारण

मनोविच्छेदी विकृति के कारण जटिल हैं और इसमें मनोवैज्ञानिक, जैविक और पर्यावरणीय कारकों का संयोजन शामिल हो सकते है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आघात या तनाव का अनुभव करने वाले हर व्यक्ति में मनोविच्छेदी विकृति विकसित नहीं होगी, और सटीक कारण

व्यक्ति-दर-व्यक्ति भिन्न हो सकते है। मनोविच्छेदी विकृति के कुछ संभावित कारक न्निन्म्लिखित हैं

1. **आघात और दुर्व्यवहार: (Trauma and Abuse)** गंभीर आघात या बार-बार आघात के संपर्क में आना, विशेष रूप से बचपन के दौरान, मनोविच्छेदी विकृति के लिए प्राथमिक जोखिम कारकों में से एक माना जाता है। शारीरिक, यौन या भावनात्मक दुर्व्यवहार, साथ ही दर्दनाक घटनाओं को देखना, किसी व्यक्ति की सामना करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुद को आघात के पूर्ण प्रभाव से बचाने के तरीके के रूप में मनोविच्छेदी प्रतिक्रियाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

2. **प्रारंभिक लगाव और विकासात्मक कारक: (Early Attachment and Developmental Factors:)**प्रारंभिक लगाव वाले रिश्तों में व्यवधान और बचपन के दौरान असंगत देखभाल मनोविच्छेदी प्रवृत्ति के विकास में योगदान कर सकती है। जिन बच्चों के पास सुरक्षित और पोषित वातावरण की कमी है, वे भावनात्मक आत्म-संरक्षण के साधन के रूप में अलग होना सीख सकते हैं।

3. **जैविक कारक**: **(Biological Factors)** कुछ शोधों से पता चला है कि मनोविच्छेदी विकारों के लिए आनुवंशिक या न्यूरोबायोलॉजिकल कारक ज़िम्मेदार हो सकते है। मस्तिष्क के कार्य में परिवर्तन, जिसमें स्मृति और भावना विनियमन के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के क्षेत्रों में परिवर्तन शामिल हैं, ये परिवर्तन विघटनकारी लक्षणों के विकास में भूमिका निभा सकते हैं।

4. **कोपिंग मैकेनिज्म: (Coping Mechanisms)** अत्यधिक तनाव या आघात के जवाब में पृथक्करण एक मुकाबला तंत्र के रूप में काम कर सकता है। जब ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जो इतनी कष्टकारी होती हैं कि उनसे निपटना मुश्किल होता है, तो कुछ व्यक्ति अपनी भावनाओं और अनुभवों को विभाजित करने या उनसे अलग होने के तरीके के रूप में मनोविच्छेदी प्रवृति विकसित कर सकते हैं

5. **व्यक्तित्व लक्षण**: **(Personality Traits)** कुछ व्यक्तित्व लक्षण, जैसे उच्च सुझावशीलता, अवशोषण के प्रति संवेदनशीलता और कल्पना करने की प्रवृत्ति, मनोविच्छेदी लक्षणों के विकसित होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं।

6. **तनाव**: **(Stress)** हालाँकि आघात एक महत्वपूर्ण कारक है, यहाँ तक कि दीर्घकालिक तनाव या चल रही जीवन चुनौतियों का लंबे समय तक संपर्क भी विघटनकारी लक्षणों के विकास में योगदान कर सकता है। गंभीर तनाव व्यक्ति की सामना करने की क्षमता पर दबाव डाल सकते हैं, जिससे मनोविच्छेदी अनुभव हो सकते हैं।

7. **अक्रियाशील पारिवारिक वातावरण**: **(Dysfunctional Family Environments)** शिथिलता, संघर्ष, या असंगत समर्थन वाले पारिवारिक वातावरण में बड़ा होना मनोविच्छेदी प्रवृत्तियों के विकास में योगदान कर सकता है।

   यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि विघटनकारी विकार जटिल और बहुआयामी स्थितियाँ हैं। किसी व्यक्ति के अनूठे अनुभवों और कमजोरियों के साथ-साथ इन कारकों की परस्पर क्रिया, विघटनकारी लक्षणों के विकास में योगदान करती है।

9.6 मनोविच्छेदी विकृति लक्षण

मनोविच्छेदी विकृति के लक्षण विशिष्ट प्रकार और व्यक्ति के अनुभवों के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं। यहां विभिन्न प्रकार के मनोविच्छेदी विकृति से जुड़े कुछ सामान्य लक्षण दिए गए हैं:

डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (DID): (Dissociative Identity Disorder)

दो या दो से अधिक विशिष्ट पहचान अवस्थाओं या व्यक्तित्व अवस्थाओं की उपस्थिति, जिन्हें अक्सर "परिवर्तन या बदलाव " कहा जाता है। अर्थात दो या दो से अधिक व्यक्तित्व का होना

रोजमर्रा की घटनाओं, व्यक्तिगत जानकारी या दर्दनाक अनुभवों के लिए स्मृति में अंतराल।

परिवर्तित व्यक्तित्व के अलग-अलग नाम, उम्र, लिंग और अलग-अलग यादें, व्यवहार और दृष्टिकोण हो सकते हैं।

परिवर्तित व्यक्तित्वों में एक-दूसरे के बारे में जागरूकता का स्तर अलग-अलग हो सकता है।

डिसोसिएटिव एमनेसिया (Dissociative Amnesia:)

महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी को याद करने में असमर्थता, जो अक्सर दर्दनाक या तनावपूर्ण घटनाओं से संबंधित होती है।

स्मृति अंतराल जो सामान्य भूलने की बीमारी से अधिक व्यापक हैं।

स्मृति हानि को एक विशिष्ट अवधि तक स्थानीयकृत किया जा सकता है या किसी व्यक्ति के जीवन के पूरे हिस्से में सामान्यीकृत किया जा सकता है।

प्रतिरूपण-व्युत्पत्ति विकार: (Depersonalization-Derealization Disorder)

वैयक्तिकरण: अपने शरीर, विचारों, भावनाओं या संवेदनाओं से अलग महसूस करना। व्यक्तियों को ऐसा महसूस हो सकता है मानो वे स्वयं को अपने शरीर के बाहर से देख रहे हों।

व्युत्पत्ति: यह महसूस करना कि बाहरी दुनिया असत्य, स्वप्न-जैसी या विकृत है। परिवेश अपरिचित या अजीब लग सकता है।

अन्य निर्दिष्ट और अनिर्दिष्ट विघटनकारी विकार:(**Other Specified and Unspecified Dissociative Disorder)**

इन श्रेणियों में मनोविच्छेदी लक्षणों का एक संयोजन शामिल हो सकता है जो विशिष्ट विकारों के मानदंडों में फिट नहीं होते हैं लेकिन फिर भी संकट या हानि का कारण बनते हैं।

लक्षणों में पहचान संबंधी भ्रम, स्मृति संबंधी गड़बड़ी, बदली हुई धारणाएं और वास्तविकता के असामान्य अनुभव शामिल हो सकते हैं।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मनोविच्छेदी लक्षण गंभीरता, आवृत्ति और प्रभाव में भिन्न हो सकते हैं। मनोविच्छेदी लक्षणों वाले हर व्यक्ति में पूर्ण विकसित मनोविच्छेदी विकृति नहीं होता है। ये लक्षण परेशान करने वाले हो सकते हैं और किसी व्यक्ति के दैनिक जीवन, रिश्तों और कामकाज में हस्तक्षेप कर सकते हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित विघटनकारी लक्षणों के कारण अत्यधिक परेशानी का अनुभव कर रहा है, तो मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से मदद लेने की सिफारिश की जाती है। उचित निदान और उपचार व्यक्तियों को इन लक्षणों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और निपटने में मदद कर सकता है।

9.7 मनोविच्छेदी विकृति का उपचार

मनोविच्छेदी विकृति के उपचार के दृष्टिकोण में आम तौर पर मनोचिकित्सा, दवा और सहायक हस्तक्षेप का संयोजन शामिल होता है। चूंकि मनोविच्छेदी विकृति अक्सर आघात या तनाव से उत्पन्न होते हैं, थेरेपी अंतर्निहित कारणों को संबोधित करने, मुकाबला करने के कौशल सिखाने और व्यक्तियों को स्वयं की भावना को एकीकृत करने में मदद करने पर केंद्रित होती है। यहां कुछ सामान्य उपचार दृष्टिकोण दिए गए है

ट्रॉमा-केंद्रित थेरेपी Trauma-Focused Therapy ट्रॉमा-फोकस्ड कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (टीएफ-सीबीटी) या आई मूवमेंट डिसेन्सिटाइजेशन एंड रिप्रोसेसिंग (ईएमडीआर) जैसे दृष्टिकोण मनोविच्छेदी विकृति उपयोग अक्सर उन दर्दनाक अनुभवों को संबोधित करने के लिए किया जाता है जो पृथक्करण में योगदान करते हैं।

पृथक्करण-केंद्रित थेरेपी Dissociation-Focused Therapy चिकित्सक पृथक्करण को संबोधित करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि ग्राउंडिंग व्यायाम, माइंडफुलनेस और बदलते व्यक्तित्वों के बीच आंतरिक संचार (डीआईडी के मामले में)।

जैविक उपचार Biological Treatment आमतौर पर मनोविच्छेदी विकृति के लिए प्राथमिक उपचार नहीं है, लेकिन इसका उपयोग चिंता, अवसाद या नींद की गड़बड़ी जैसे विशिष्ट लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए किया जा सकता है जो इन विकारों के साथ हो सकते हैं। मनोचिकित्सक के मार्गदर्शन में अवसादरोधी और चिंता-विरोधी दवाएं निर्धारित की जा सकती हैं।

एकीकरण और सहयोग Integration and Collaboration: डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (डीआईडी) के मामलों में, लक्ष्य अलग-अलग व्यक्तित्वों के बीच सहयोग और संचार को बढ़ावा देना हो सकता है, अंततः उन्हें स्वयं की अधिक सामंजस्यपूर्ण भावना में एकीकृत करना हो सकता है।

मुकाबला करने के कौशल का निर्माण Building Coping Skills व्यक्तियों को संकट से निपटने, भावनाओं को नियंत्रित करने और मनोविच्छेदी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी मुकाबला रणनीतियाँ सिखाना।

माइंडफुलनेस और ग्राउंडिंग विधि Mindfulness and Grounding Techniques ये तकनीकें व्यक्तियों को मनोविच्छेदी लक्षणों का अनुभव होने पर वर्तमान और वास्तविकता से जुड़े रहने में मदद करती हैं।

सहायक चिकित्सा: Supportive Therapy: व्यक्तियों को अपने अनुभवों और भावनाओं का पता लगाने के लिए एक गैर-निर्णयात्मक और सहायक स्थान प्रदान करना अपने आप में उपचारात्मक हो सकता है।

समूह चिकित्सा और सहायता समूह: Group Therapy and Support Groups: समूह चिकित्सा समुदाय और साझा समझ की भावना प्रदान कर सकती है। यह व्यक्तियों को सामाजिक कौशल का अभ्यास करने और प्रतिक्रिया प्राप्त करने में भी मदद कर सकता है।

पारिवारिक थेरेपी: Family Therapy कुछ मामलों में, चिकित्सा में परिवार के सदस्यों को शामिल करने से उन गतिशीलता को संबोधित करने में मदद मिल सकती है जो विघटनकारी लक्षणों में योगदान करती हैं, खासकर यदि विकार बचपन में उत्पन्न हुआ हो

9.8 केस स्टडी: डिसोसिएटिव एम्नेशिया के साथ सोनिया का संघर्ष

35 वर्षीय महिला सोनिया पिछले कुछ महीनों से एक हैरान करने वाली और परेशान करने वाली समस्या का सामना कर रही है। वह अक्सर खुद को ऐसी स्थितियों में पाती है जहां उसे अपने जीवन के महत्वपूर्ण विवरण याद नहीं रहते। ये स्मृति अंतराल अक्सर तनाव के समय से जुड़े होते हैं या जब वह अपने अतीत से संबंधित ट्रिगर्स का सामना करती है।

एक दिन, सोनिया अपने अपार्टमेंट में जागती है और उसे पिछली शाम की कोई याद नहीं रहती। वह यह जानकर चिंतित हो गई कि वह एक महत्वपूर्ण कार्य बैठक से चूक गई है जिसकी तैयारी वह कई हफ्तों से कर रही थी। वह अपना फोन जांचती है और उसे टेक्स्ट संदेश और नोट्स मिलते हैं जिन्हें लिखना उसे याद नहीं है। सोनिया भ्रमित और चिंतित महसूस करती है, जो कुछ हुआ उसे जोड़ने में असमर्थ है।

जैसे-जैसे सप्ताह बीतते हैं, सोनिया की याददाश्त में कमी अधिक बार और स्पष्ट हो जाती है। वह अपने द्वारा की गई बातचीत, जिन कार्यक्रमों में वह शामिल हुई थी और यहां तक कि करीबी दोस्तों के नाम भी भूल जाती है। वह प्रतिबद्धताओं को लेकर चिंतित हो जाती है, उसे डर होता है

कि कहीं वह उन्हें भूल न जाए। वह लगातार अलग-थलग होती जा रही है, क्योंकि उसे अपनी याददाश्त की कमी के कारण खुद को शर्मिंदा होने की चिंता सता रही है।

अपनी भलाई के बारे में चिंतित सोनिया एक चिकित्सक से मदद मांगती है। थेरेपी सत्र के दौरान, वह अपने अनुभवों के बारे में खुलकर बात करती है और बचपन के आघात के इतिहास का खुलासा करती है। वह एक विशेष रूप से परेशान करने वाली घटना का वर्णन करती है जो तब घटी थी जब वह किशोरी थी, जिसे उसने अपनी स्मृतियों में गहराई से दबा लिया था। चिकित्सक इन अनुभवों को सोनिया की **डिसोसिएटिव एम्नेशिया** के संभावित ट्रिगर के रूप में पहचानता है।

थेरेपी के माध्यम से, सोनिया एक सुरक्षित और सहायक वातावरण में अपनी दर्दनाक यादों का पता लगाना और संसाधित करना शुरू कर देती है। वह अपनी चिंता और विघटनकारी घटनाओं को प्रबंधित करने के लिए मुकाबला करने की रणनीतियाँ सीखती है। उसका चिकित्सक ग्राउंडिंग तकनीकों का परिचय देता है जो संकट के समय में उसे वर्तमान क्षण से जुड़े रहने में मदद करता है।

जैसे-जैसे थेरेपी आगे बढ़ती है, सोनिया को इस बात की जानकारी मिलती है कि उसके आघात से जुड़ी जबरदस्त भावनाओं से खुद को बचाने के तरीके के रूप में उसकी **डिसोसिएटिव एम्नेशिया** कैसे विकसित हुई। मार्गदर्शन के साथ, वह अपने अतीत के अनुभवों को एक अधिक सामंजस्यपूर्ण कथा में एकीकृत करना शुरू कर देती है, जिससे उसकी स्मृति अंतराल की शक्ति कम हो जाती है।

समय के साथ, सोनिया की याददाश्त में कमी कम और गंभीर हो गई। वह ट्रिगर्स के प्रति अपनी प्रतिक्रियाओं पर नियंत्रण की बेहतर समझ विकसित करती है और अपनी चिंता को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना सीखती है। निरंतर चिकित्सा और सहायता के साथ, वह एक ऐसे भविष्य की ओर काम करती है जहां उसकी **डिसोसिएटिव एम्नेशिया** अब उसके जीवन को नियंत्रित नहीं करती है।

यह केस अध्ययन दर्शाता है कि **डिसोसिएटिव एम्नेशिया** किसी व्यक्ति के दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित कर सकती है और स्थिति को प्रबंधित करने और अंतर्निहित आघात को संबोधित करने में थेरेपी और मुकाबला करने की रणनीतियाँ क्या भूमिका निभाती हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मनोविच्चछेदी विकृति के साथ प्रत्येक व्यक्ति का अनुभव अपूर्व है, और उपचार के तरीकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाना चाहिए।

9.9 सारांश

मनोविच्चछेदी विकृति में आघात या तनाव के कारण स्मृति, पहचान और धारणा में व्यवधान शामिल है। उनमें डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (एकाधिक व्यक्तित्व), डिसोसिएटिव एम्नेसिया (मेमोरी गैप), और डिपर्सनलाइज़ेशन-डीरियलाइज़ेशन डिसऑर्डर (अलग-थलग महसूस करना) शामिल हैं। उपचार में थेरेपी (आघात और लक्षण प्रबंधन के लिए), दवा, सुरक्षा उपाय, मुकाबला करने के कौशल और कुछ मामलों के लिए पहचान का एकीकरण शामिल है।

सहायता समूह और समग्र दृष्टिकोण भी व्यक्तियों को लक्षणों का प्रबंधन करने और उनकी भलाई में सुधार करने में मदद करने में भूमिका निभाते हैं।

9.10 शब्दावली

पृथक्करण: अक्सर अत्यधिक तनाव या आघात से निपटने के एक तरीके के रूप में, किसी के विचारों, भावनाओं, यादों या पहचान की भावना से अलग होने या अलग होने की मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया।

आघात: एक दुखद घटना या घटनाओं की श्रृंखला जो किसी व्यक्ति की सामना करने की क्षमता को प्रभावित करती है, जिससे संभावित रूप से स्थायी भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक या शारीरिक प्रभाव पड़ता है।

पहचान: स्वयं की भावना जो किसी व्यक्ति के विचारों, विश्वासों, यादों, भावनाओं और अनुभवों को शामिल करती है, जो कि वे कौन हैं की सुसंगत समझ में योगदान करती है।

वैयक्तिकरण: एक मनोविच्चछेदी लक्षण जो स्वयं के शरीर, भावनाओं, विचारों या अनुभवों से अलग महसूस करता है, जैसे कि स्वयं को दूर से देख रहा हो।

व्युत्पत्ति: एक मनोविच्चछेदी विकृति जिसमें बाहरी दुनिया से अवास्तविकता या अलगाव की भावना शामिल होती है, जिससे परिवेश अपरिचित, अजीब या स्वप्न जैसा महसूस होता है।

एकीकरण: किसी व्यक्ति की पहचान, विचारों और अनुभवों के विभिन्न पहलुओं को एक साथ लाने और एकजुट करने की प्रक्रिया, अक्सर मनोविच्चछेदी विकृति के इलाज में एक लक्ष्य होता है।

मुकाबला करने के तंत्र: वे रणनीतियाँ जिनका उपयोग व्यक्ति तनाव, चिंता या चुनौतीपूर्ण स्थितियों को प्रबंधित करने के लिए करते हैं, जो प्रकृति में स्वस्थ या अस्वस्थ हो सकती हैं।

9.11 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

1. पृथक्करण का अनुभव करने वाले व्यक्तियों के लिए ग्राउंडिंग तकनीकों का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? क) दिवास्वप्न देखने और वास्तविकता से भागने को प्रोत्साहित करना।

ख) पर्यावरण से अलगाव की भावना को बढ़ावा देना।

ग) व्यक्तियों को वर्तमान क्षण और वास्तविकता से जुड़े रहने में मदद करना।

घ) एक मुकाबला तंत्र के रूप में पृथक्करण को प्रोत्साहित करना।

2. विघटनकारी विकारों के संदर्भ में "आघात" शब्द का क्या अर्थ है?

क) अत्यधिक खुशी और संतुष्टि की स्थिति।

ख) दुर्घटना या गिरने से लगी शारीरिक चोट।

ग) दुखद घटनाएँ या अनुभव जो किसी व्यक्ति की सामना करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

घ) विश्राम और तनाव कम करने का एक रूप।

उत्तर

ग) व्यक्तियों को वर्तमान क्षण और वास्तविकता से जुड़े रहने में मदद करने के लिए।

ग) दुखद घटनाएं या अनुभव जो किसी व्यक्ति की सामना करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

9.12 सन्दर्भ सूची

Boon, S., Steele, K., & van der Hart, O. (2011). Coping with Trauma-Related Dissociation: Skills Training for Patients and Therapists. W. W. Norton & Company.

Courtois, C. A. (2015). Treating Complex Trauma: A Relational Blueprint for Collaboration and Change. The Guilford Press.

Haddock, D. B. (2001). The Dissociative Identity Disorder Sourcebook. McGraw-Hill.

van der Hart, O., Nijenhuis, E. R. S., & Steele, K. (2006). The Haunted Self: Structural Dissociation and the Treatment of Chronic Traumatization. W. W. Norton & Company.

van der Kolk, B. A. (2014). The Body Keeps the Score: Brain, Mind, and Body in the Healing of Trauma. Penguin Books.

9.13 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1-डिसोसिएटिव आइडेंटिटी डिसऑर्डर (डीआईडी) विकसित होने के संभावित कारणों और जोखिम कारकों पर चर्चा करें। बचपन का आघात विशिष्ट परिवर्तनशील व्यक्तित्वों के विकास में कैसे योगदान दे सकता है?

2-मनोविच्छेदी विकृति वाले व्यक्तियों के लिए आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले उपचार दृष्टिकोण का वर्णन करें। बताएं कि कैसे आघात-केंद्रित थेरेपी और ग्राउंडिंग तकनीक व्यक्तियों को उनके लक्षणों को प्रबंधित करने और एकीकरण की दिशा में काम करने में मदद करने में फायदेमंद हो सकती है।

3-पृथक्करण की अवधारणा और मनोविच्छेदी विकृति में इसकी भूमिका की व्याख्या करें। किसी व्यक्ति के विचारों, भावनाओं या व्यवहारों में अलगाव कैसे प्रकट हो सकता है, इसके उदाहरण प्रदान करें।

इकाई 10 मनोविदालता, उद्वर्धन एवं अन्य मनोविकृत विज्ञान (Schizophrenia , Spectrum & Other Mental Disorders)

इकाई संरचना

10.1 प्रस्तावना।
10.2 उद्देश्य ।
10.3 मनोविदलता।
10.3 मनोविदलता का अर्थ।
10.3.1 मनोविदलता के लक्षण।
10.3.3 मनोविदलता के प्रकार।
10.3.4 मनोविदलता के कारण।
10.3.5 मनोविदलता की उपचार प्रक्रिया।
10.3.6 स्वमूल्यांकन हेतु **प्रश्न**।
10.4 व्यामोह
10.4 व्यामोह विकृति का अर्थ।
10.4.1 व्यामोह विकृति के लक्षण।
10.4.2 व्यामोह के प्रकार।
10.4.3 व्यामोह के कारण।
10.4.4 व्यामोह प्रतिक्रिया से प्रकार।
10.4.5 व्यामोह की उपचार प्रक्रिया।
10.4.6 स्वमूल्यांकन हेतु **प्रश्न**।
10.5 सारांश
10.6 शब्दावली
10.7 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
10.8 सन्दर्भ ग्रन्ध सूची
10.9 निबन्धात्मक प्रश्न

10.1 प्रस्तावना

मनोविदलता तथा व्यामोह दो ऐसे आसमान्य मनोविज्ञान से संबंधित मनस्ताप है जो व्यक्ति के व्यवहारो को प्रभावित करते है। असामान्य मनोविज्ञान में इन दोनो ही विकारों की पूर्णत विवेचना की गई है।

मनोविदलता तथा व्यामोह जैसे रोग मनोस्तापों में सर्वोपरि रोग है, मनोविदलता एक बहुत ही अति गम्भीर जटिल, क्षतिजनक, विघटनकारी भयानक मानसिक रोग है। इस मानसिक रोग से व्यक्ति के व्यक्तित्व में विघटन उत्पन्न हो जाता है। यह व्यक्ति के व्यवहार के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे ज्ञानात्मक, क्रियात्मक भावात्मक व्यवहारात्मक पक्षों को प्रभावित करता है। जिससे व्यक्ति के व्यवहारों में विघटन आ जाता है। इस रोग से व्यक्ति में मानसिंक संवेगात्मक विघटन तीव्र गति से होना प्रारम्भ हो जाते है।

मनोविदलता तथा व्यामोह दोनो ही मनस्तापों का संबंध चिन्तन प्रक्रिया से होता है। मनोविदलता में रोगी वास्तविक जीवन से हटकर काल्पनिक दुनिया में डूबने लगता है तथा व्यामोह से पीडित व्यक्ति में भ्रमासक्तियों की प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलती है इसमें व्यक्ति का सामाजिक, आर्थिक जीवन व पास्स्परिक संबंध पूर्णत विकृति जन्य होने लगते है। ऐसे व्यक्ति मिथ्या धारणाओं पर अधिक विश्वास करते है और भ्रमासक्तियों से ग्रसित रहते है। इस रोग से व्यक्ति में अंहकारी और स्वार्थी हाने की भावना उत्पन्न हो जाती है।

10.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अन्तर्गत हम मनोविदलता तथा व्यामोहों के बारे में जानकारी प्राप्त करेगें। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप जान पायेगें कि -

1. मनोविदलता का अर्थ क्या है
2. मनोविदलता के लक्षण
3. मनोविदलता के प्रकार
4. मनोविदलता के कारण
5. मनोविदलता का उपचार
6. व्यामोह विकृति के क्या कारण है
7. व्यामोह के प्रकार
8. व्यामोह विकृति के कारक
9. व्यामोह विकृति के उपचार|

10.3 मनोविदलता का अर्थ

मनोविदलता असाध्य मानसिक रोग है। जब व्यक्ति इस रो के चुगल में फँस जाता है तो उसके लिए सामान्य स्वास्थ प्राप्त करना अत्यन्त जटिल हो जाता है।

सन् 1860 में बेल्जियम के मनोचिकित्सक ने 13 वर्षीय बालक का उदाहरण प्रस्तुत किया |जिसमें यह बालक पहले अत्यधिक कुशाग्र बुद्धि वाला था परन्तु कुछ समय बाद उसकी रूचि पढने में नही रही। वह दूसरो से खिंचा-खिचा सा रहने लगा, अल्पभाषी हो गया, वह बिना संकोच के अपने पिता को मारने की बात करने लगा, बालक की इस तरह की स्थिति को मोरेल ने मानसिंक हास कहा। क्रेपलिन ने इसे असामजिक मनोहास या डिमेन्सिया प्राईकोक्स (Dementia Praecox) का नाम दिया। 1911 में स्विस मनोचिकित्सक ब्लूलर ने इस रोग का नाम शिजोफेनिया रखा, जिसका अर्थ व्यक्ति के व्यक्तिव में दरार पड़ना है या फिर खण्डित मन अथवा अत्याधिक विघटित व विभक्त व्यक्तित्व होता है।

मनोविदलता की स्थिति में व्यक्ति सांसरिक वास्तविकताओ से दूर हो जाता है और अनेको मिथ्या विभ्रमों में लिप्त हो जाता है।

कोलमैन के शब्दों में **मनोविदलता एक ऐसा विवरणात्मक शब्द है जिससे मानस्तापी विकारों के एक ऐसे समूह का बोध होता है जिससे व्यापक रूप से विकृतरूपों, प्रत्यक्षण, चिन्तन तथा संवेग के विघटन तथा खण्डन के साथ साथ सामाजिक अन्तःक्रिया से पलायन देखने में आता है।**

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि इससे व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षो में विघटन उत्पन्न होता है, जिससे व्यक्ति का जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है।

आयु की दृष्टि से यह रोग सभी उम्र के व्यक्तिओं मे पाया जाता है। इनमे से 75 प्रतिशत रोग प्रायः 15 वर्ष की आयु से लेकर 45 वर्ष की आयु तक के ही व्यक्ति के ही व्यक्ति रहते है। यह रोग स्त्रियों की अपेक्षा पुरूषो मे अधिक होता है यह नगर निवासियों तथा अविवाहित व्यक्तियों में अत्यधिक होता है|

10.3.1 मनोविदलता के लक्षण:-

मनोविदलता एक एकल मनोरोग न होकर विभिन्न विकारो का सामूहिक रूप है मनोविदलता को लक्षणो का मंडल भी कहा जाता है।

1. जीवन की वास्तविकता से पलायन:-

मनोविदलन की इस स्थिति मे व्यक्ति अपने वास्तविक जीवन से दूर हटने का प्रयास करने लगता है। वह अपने आस पास रहने वाले लोगो से दूर होने लगता है व उनमें रूचि कम लेता है। उसे किसी भी बाहरी गतिविधि का कोई ज्ञान नही रहता है और वह धीरे धीरे सांसरिक सुखों से मुक्ति प्राप्त कर कल्पना की दुनिया में विलीन होने लगता हे।

2. स्वलीनता:-

मनोविदलता का रोगी बाह्य जगत से दूर होकर अपनी छोटी से स्वप्नमयी दुनिया बना लेता है और वह उसी में बना रहना चाहता है और उसी के अनुसार कार्य करता है ऐसी स्थिति में यदि रोगी को किसी भी प्रकार की क्षति होती है तो उसे, उस बात का अनुभव नही होता है या फिर कम होता है।

3. व्यापक मानसिक ह्रास तथा विघटन:-

मनोविदलता के रोगी में जब व्यक्तित्व का विघटन प्रारम्भ होता है तब व्यक्ति की मानसिक शक्तियो तथा उसके द्वारा अर्जित कुशलताओं का हास व विघटन तेजी से होने लगाता है जिससे व्यक्ति के व्यवहार में जैसे चिन्तन, प्रत्यक्षण, अवधान व साहचर्य संबंधी अनेक विकार प्रदर्शित होने लगते है।

4. व्यवहार की विसंगतियाँ:-

मनोविदलता के रोगी के व्यवहार में अनेको विकृतियाँ आने लगती है। इसमें रोगी को अपने बारे में कुछ ज्ञान नही होता हैं वह सब कुछ भूलने लगता है कि वह कौन है तथा क्या करता है। वह स्वंय को काफी धनवान समझने लगता है, तो वह सेठ की तरह व्यवहार करने लगता है और कभी-कभी वह अपने आप को गरीब समझने लगता हैं और भिखारियों जैसा व्यवहार करने लगता है। उसकी सोचने समझने की शक्ति क्षीण होने गलती है।

5. भ्रमासक्तियाँ और विभ्रम:-

इसमें रोगियों मे अनेको प्रकार के विभ्रम पैदा हो जाते है जिससे उसे अपने जीवन में समयोजन बनाये रखने में कठिनाई उत्पन्न होने लगती है वह जीवन की वास्तविकता को समझने का प्रयास नही करता है और वह अपनी मिथ्यापूर्ण बातों को ही सच समझता है कभी कभी उसे ऐसा भी लगने लगता है कि मानो सभी उसके दुश्मन है और उसके विरूद्ध कोई षडयन्त्र बना रहे है। ऐसी ही भ्रमासक्तियों तथा विभ्रगों से व्यक्ति अन्य व्यक्तियों को अपना दुश्मन बना लेता है।

6. भाषा संबंधी विकार:-

मनोविदालिता के रोगी में भाषा से संबंधी विकार उत्पन्न हो जाते है। क्योकि मनोविदलता के रोगी होने के कारण उसकी सोचने समझनें की शक्ति कम हो जाती है जिससे वह समझ नही पाता है कि वह क्या बोल रहा है । वह मनगढन्त कहानी बनाने लगता है। शब्दों का उच्चारण भी सही ढंग से करने में सफल नही हो पाता है। भाषा का सही प्रकार से उपयोग न होने पर उसके व्यवहार अमाननीय व अपमान जनक हो जाता है।

7. संवेगात्मक विमुखता तथा अनुपयुक्तता:-

ऐसे रोगियों की संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं का स्वरूप उदासीनता, विमुखता तथा अनुपयुक्तता का ही होता है। ऐसे व्यकित्यों को अपने वास्तविक जीवन से प्रेम नही रहता है उसका व्यवहार विच्छेदित हो जाता है, उसका अपने आपसी संबंधो पारिवारिक व व्यक्तिगत संबंधो के प्रति लगाव कम होने लगता है और वह अपने संबंधो को खत्म करने का प्रयास करने लगता है। जिससे उसमें उदासी की भावना उत्पन्न हो जाती है |उसका व्यवहार विचलित हो जाता है |वह सुखद परिस्थिति में भी दुख अनुभव करने लगता है और अति विचित्र प्रतिक्रियाएँ करने लगता है।

10.3.2. मनोविदलता के प्रकार –

अमेरिकन साइकियाट्रिक ऐसोसिएशन के अनुसार मनोविदलता के निम्नलिखित प्रकार होते है।

1. सरल प्रारूप मनोविदलता:-

मनोविदलता के सरल प्रारूप् के अर्न्तगत इसके लक्षण धीरे धीरे तथ शनै शनै क्रमिक रूप से उत्पन्न तथा विकसिक होते है। इस प्रकार के मनोविदलता के रोगी की रूचियाँ, इच्छाएँ सकुचित होती है जो धीरे धीरे खत्म होने लगती है।ऐसे व्यक्ति अत्यधिक उदासीन रहने लगते है, जिससे उनके सामाजिक संबंध भी टूटने लगते है रोगी अपनी ही दुनिया में खोया रहने लगता है |उसे अपने जीवन से मोह कम होने लगता है |उसे अच्छे बुरे तक का भी ज्ञान नही रहता है। यहा तक कि उसे अपनी सफलता तथा असफलता की कोई परवाह नही होती है वह किसी भी कार्य को पूरा करने में असमर्थ होने लगता है इस प्रकार के रोगी अपने बाल्यकाल में तो ठीक होते है और व्यवहार भी ठीक प्रकार से करते है |परन्तु धीरे धीरे उनके लक्षण बदलने लगते है। ऐसे व्यक्तियों को घर पर रखकर सुधारा जा सकता है| परन्तु कुछ रोगियों को कभी-कभी मानसिंक चिकित्सालायों तथा सुधार गृहो मे रखने की आवश्यकता होती है। इसी से संबंधित एक अध्ययन (ओ0 केन्ट 1948) में दशार्य गया जो कि 64 रोगियों पर किया गया इस रोग के धटित होने का औसत आयु विस्तार 17-24 वर्ष था इन रोगियों के व्यवहार संबंधी प्रतिक्रियाएँ घटित होने का निम्न प्रतिशत था।

व्यवहार का प्रकार घटित होने का प्रतिशत

आक्रमक व्यवहार	65.0
व्यामोह और/या विभ्रम	42.9
लैगिक या मद्यपान संबंधी व्यवहार	39.07
अत्यन्त विघटित व्यवहार	34.09
अति स्वास्थ्य संबंधी चिन्ताएँ	30.2
संसार से अतिरिंजित विमुखता	22.3

इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि रोगी में आक्रामक व्यवहार की अभिव्यक्ति अधिक होती है।

एक नवयुवती हाईस्कूल पास करने के दो वर्ष उपरान्त पढ़ने के उदेश्य से कालेज गई वह कालेज में चिन्तित एवं उदास रहती थी तथा व्यवहार विचित्र था। वह अपना कोई कार्य ठीक प्रकार से नही कर पाती थी। उसके अनुसार जब वह 16 वर्ष की थी, तब उसका परिचय एक नवयुवक से हुआ जिसने उसे घर पहुचाया तथा विदाई लेते समय चुम्बन ले लिया। वह चाहती थी कि वह नवयुवक पुनः लौट आवे और उससे मिले। यह सरल प्रारूप मनोविदलता का स्पष्ट उदाहरण है।

2. युवा विदलन (हीवी फ्रैनिक) प्रारूप:-

हीवी फ्रैनिक प्रारूप का सर्वप्रथम वर्णन सन् 1871 में जर्मनी मनोरोग चिकित्सक एडवाल्ड हैकर ने किया। हीवीफ्रैनिया शब्द ग्रीक भाषा से लिया गया है जिसका अर्थ है युवा मन। इस प्रकार की मनोविदलता कम आयु वालो को होती है। ऐसे व्यक्ति अजीव तथा विचित्र प्रकार व्यवहार करते है। ऐसे व्यक्तियों का व्यवहार सामान्य व्यक्तियों से भिन्न होता है जो स्वंय के लिए भी घातक हो जाता है। इस प्रकार के रोगी के प्रमुख लक्षण सवेंगात्मक अस्थिरता, विभ्रम, भ्रान्ति व चिन्तन, वाकदोष तथा विघटित व्यक्तित्व होता है। जैसे-जैसे यह रोग बढता जाता है रोगी में एक सवेगात्मक उदासीनता आनी प्रारम्भ हो जाती है।

इस प्रकार की अवस्था में रोगी को अत्यधिक विभ्रम घेर लेते है जिससे उसमें भ्रान्ति होना उत्पन्न हो जाती है रोगी को कभी कभी ऐसा लगने लगता है जैसे उसे किसी जहरीले कीडे ने काट लिया है। जिससे उसके पेट के अन्दर विषाक्त गैस भरी रहती है। यदि वह मुँह खोलेगा तो लोग मर जायेगे। इस प्रकार के रेागी का व्यवहार एक बच्चे के समान हो जाता हैं। ऐसी भ्रमासक्तियों के अनेक रूप होते है। धार्मिक भ्रमासिक्त के कारण ऐसी स्थिति में रोगी अपने को एक दैविय अवतार ही समझने लगता हैं वह कभी कभी स्वंय को धार्मिक सुधार के ठेकेदार ही समझनें लगता है।

3. कैटाटोनिक प्रारूप मनोविदलता (Catatonic Type):-

कैटाटोनिक मनोविदलता का सर्वप्रथम वर्णन जर्मनी चिकित्सक कार्ल कहलबॉम ने 1868, में किया था। इस प्रकार की मनोविदलता रोगी में अचानक ही तथा विचित्र ढंग से देखने को मिलती है। ऐसे रोगी वास्तविकता से बहुत दूर होते है। इस प्रकार की मनोविदलता की दो स्थितिया होती है -जडिमा अवस्था तथा उतेजना अवस्था। जडिमा अवस्था में रोगी अत्यन्त शान्त प्रकृति का हो जाता है जैसे उसकी चैतन्यता समाप्त हो गई हो। ऐसे रोगी एक ही स्थान पर कई घण्टो तथा कई दिनो तक बैठे रहते है जिससे उसके हाथ पैर नीले पड जाते है व सूजन आ जाती है| ऐसी स्थिति में रोगी के पेशीय तन्त्र में कठोरता तथा संवेदन हीनता आ जाती है। जिसके कारण यदि उसे उसको

क्षति भी पहुचाये जाये तो वह अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त नही कर पाता है उसे अपनी शारीरिक प्रतिक्रियाओं का भी ज्ञान नही रहता है ऐसी स्थिति में रोगी को कभी कभी लोग पागल भी कह देते है|ऐसे रोगी किसी से ज्यादा बोलना भी नही पंसद करते है।

उत्तेजना अवस्था:-

उत्तेजना अवस्था जडिमा अवस्था के विपरित होती है। इस अवस्था में रोगी अत्यधिक सक्रिय हो जाता है और जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगता हैं वह स्वंय को हानि भी पहुँचा सकता है आत्महत्या भी कर सकता है तथा दूसरो की हत्या का प्रयास भी कर सकता है। वह अपने साथ-साथ दूसरो के लिए भी हानिकारक हो सकता है |मोरसिन (1973) ने 110 रोगियों के अध्ययन में देखा कि जडिमा अवस्था की प्रधानता वाले रोगियों के अध्ययन की संख्या सर्वाधिक होता है। उदाहरण: एक 19 वर्षीय युवती जो दो वर्ष पूर्व ही विक्षिप्त हो गई थी कुछ समय बाद उसने भोजन करना बन्द कर दिया। वह अवाजे सुनती थी। जब उसे चिकित्सालय में भरती कर दिया गया तब भी खाना नही खाती थी और अनेको अजीवों गरीब हरकते करती रहती थी। कभी कभी यह कहती थी कि क्या मैने आराम किया था। डाक्टर साहब मुझे क्षमा कर दीजिए। उसे वास्तविक दुनिया से कोई संबंध नही होता वह तो सदैव अपनी दुनिया में विचरण किया करती थी।

4. व्यामोह (पैरानायड) प्रारूप मनोविदलता:-

इस प्रकार के रोगियों की संख्या अन्य मनोविदलता प्रारूप की तुलना में सर्वाधिक होती है। इस प्रकार के रोगियों मे लक्षण संवेगात्मक अस्थिरता उदासीनता, संशय, भ्रमासक्तियाँ आदि होती है। इस रोग से ग्रसित व्यक्ति अत्यधिक शक्की प्रवृति के होते है उनके अन्दर हमेशा यह भय सदैव बना रहता है कि कोई उन्हे मारने की कोशिश कर रहा है या उसके खिलाफ पंडयन्त्र रच रहा है। रोगी यह भी सोचने लगता है कि अन्य लोग उसकी निन्दा कर रहे है। मनोविदलता के रोगियों के व्यामोह अतार्किक एवं परिवर्तनशील होते है। वही पैरानोईया के रोगियों के व्यामोह तार्किक व स्थायी होते है। व्यामोह प्रारूप मनोविदलता का लक्षण व्यक्ति के जीवन की लगभग 35 वर्ष की अवस्था में उभरता है। उत्पीड़न भ्रमासक्ति (Delusion of Persecution) से ग्रसित रोगी को लगाता है कि उसके सगे संबंधी उसके दुश्मन हो गये है और वे उसे क्षति पहुँचाने को ताक में हमेशा रहते है, जब कि महानता भ्रमासाक्ति (Delusion of Grandeur) से ग्रसित रोगी को ऐसा लगता है कि लोग उसकी महानता से जलते है क्योंकि वह एक महान अभिनेता या नेता है। इसी कारण से लोग उसे विष देकर मारना चाहते है तथा उसकी प्रत्येक गतिविधियों के बारे में विद्युतीय उपकरण के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करते है। उपरोक्त भ्रमासक्तियों के अतिरिक्त रोगी को श्रृवण, दृष्टि, त्वचा आदि से संबंधित विभ्रम भी होते हैं |

5. बाल्यकालीन मनोविदलता प्रारूप (Childhood Type Schizophrenia:-

इस प्रकार की मनोविदलता का जन्म वाल्यावस्था से ही आरम्भ हो जाता है। इस प्रकार के रोगियों मे मुख्य लक्षण, लोगो से दूर भागना, विचार प्रक्रिया का विघटित होना, अंनियत्रित कम व आक्रामक प्रवाहो का होना, पारस्परिक संबंधो का अभाव, चिन्तन का विघटन, असंगत व्यवहार, भाषा संबंधी विकार जैसे धीरे धीरे बोलना और शब्दो का विरूपण और मनोग्रस्ता आदि। इसमें बालको का विकास अनियमित ओर मन्द गति से होता है। वास्तविकता का ज्ञान विकसित नही हो पाता तथा खाने, सोने आदि की आदतो मे विध्न उत्पन्न हो जाता है। गोल्डफार्ड (Goldford)

(1961) के अनुसार इस रोग का मुख्य कारण बालक के मस्तिष्क का आँगिक रूप से क्षतिग्रस्त होना होता है।

6. तीव्र अविभेदित प्रारूप मनोविदलन (Acute Undifferentiated type) :-

इस प्रारूप में मनोविदलता के लक्षण अचानक उत्पन्न हो जाते है जिसका कोई स्पष्ट कारण नही होता है, परन्तु कुछ समय बाद पुन उत्पन्न भी हो जाते हैं यह प्रारूप मनोविदलता की प्रारम्भिक अवस्था होती है। यदि इस रोग का समय से उपचार नही हो पाता, तब यह मनोविदलता के किसी एक मुख्य रूप में परिवर्तित हो जाता है।

7. दीर्घकालिक अविभेदित प्रारूप मनोविदलन:-

दीर्ध कालिक प्रारूप के लक्षणो में विविधता होती है और ये लम्बे समय तक बने रहते है। मनोविदलता के लक्षण होते हुए भी रोगी किसी न किसी सीमा तक अपना समायोजन करने में सफल और जीविका को चलाता रहता है। इसके अर्न्तगत सम्बन्धित रोगी के व्यक्तित्व में अनेक लक्षण जैसे- बौद्धिक ह्रास संवेगात्मक विकारो व व्यवहारगत् विचलनों के लक्षण दिखायी देते है।

8. भाव प्रारूप मनोविदलता:-

इस प्रारूप मनोविदलता संबंधी लक्षणों के साथ साथ रोगी मे उल्लास व आवसाद संबंधी लक्षण देखने में आते है इस प्रारूप से पीड़ित व्यक्ति कभी उल्लास व उन्मादी लक्षण को दर्शाता हैं तथा साथ ही साथ भ्रमासक्तियाँ तथा विभ्रमों के लक्षण भी देखने को मिलते है।

9. अवशिष्ट मनोविदलता:-

इसमें वे रोगी आते है जो चिकित्सालयों के उपचार के बाद काफी ठीक हो जाते है परन्तु उनमें मनोविदलता के लक्षणों के कुछ अवशेष विद्यमान होते है।

8.3.3. मनोविदलता के कारण:-

मनोविदलता के कारणो को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है जैविक कारक, मनोवैज्ञानिक कारक, एवं सामजिक कारक ।

1. जैविक कारक:-

जैविक कारक के अर्न्तगत निम्न तत्व मुख्य रूप से आते है।

अ. आनुवंशिकता :-

कालमैन (1953) के अनुसार एक व्यक्ति जितना अधिक मनोविदलता के रोगी से रक्त के अधार पर संबंधित होगा उसमें मनोविदलता के रोग होने की सम्भावना उतनी ही अधिक होगी। समरूप ;प्कमदजपबंस जूपदद्ध यमज में यह सभ्भावना 86.2 प्रतिशत है जबकि सगे भाई बहनों में यह केवल 10.2 प्रतिशत है।

ब. तन्त्रिका क्रियावृत्ति (Neurophysiology):-

आनुवांशिकता और पर्यावरण संबंधी कारको से प्रभावित व्यक्तियों के जीवन में जब तीव्र प्रतिबल उत्पन्न होता है तो उनके मस्तिक की तंत्रिका क्रियात्मक प्रक्रियाएँ प्रभावित हो जाती है। तुलाने (1954) के अनुसार जब स्वायत तंत्रिका तन्त्र के कार्य विकृत हो जाते है, तब उसके उच्चतर मानसिक कार्यो पर भी दूषित प्रभाव पडते देखा जाता है। होगलैण्ड (1954) ने अपने अध्ययनों के आधार पर यह पाया कि एड्रीनल कार्टेक्स मनोविदलता के रोगियों में प्रतिबलक स्थितियों के सम्मुख अल्प मात्रा में ही कार्य करता है। जब कि सेक्लर (1952) के अनुसार (Adrenal cortex) की अत्यधिक क्रियाशीलता के कारण ही मनोविदलता के लक्षण उत्पन्न् होते देखे जाते है।

स. शरीर संरचना (Body Constitution):-

शरीर संरचना के सम्बनध में क्रेशमर (1925) के अनुसार दुर्बलकाय (Aesthetic), सुडौलकाय (Athletic), लोग मनोविदलता से अधिक पीड़ित होते है। जब कि शैल्डन (1954) के अनुसार लम्बाकृतिक (Ectomorphic) तथा मध्याकृतिक (Mesomorphic) लोग अन्य मनस्तापों की अपेक्षकृत मनोविदलन से अधिक पीड़ित होते है। डेविडसन (1957) के अनुसार दुबले व पतले व्यक्तियों में दुश्चिन्ता और संवेदनशीलता अधिक होती है जिसके परिणाम स्वरूप वे सामान्य सामाजिक अन्तःक्रिया से दूर रहते है जो मनोविदलन उत्पन्न होने का प्रमुख कारण है।

2. मनोवैज्ञानिक कारण (Psychological Causes):-

कैपलिन तथा ब्लूलर ने मनोविदलता के उत्पन्न होने में मनोवैज्ञानिक कारणो पर बल दिया है-

अ. विकृतिजनक पारिवारिक प्रतिरूप:-

मनोविदलता की उत्पत्ति में उसके परिवारिक पृष्ठभूमि का महत्वपूर्ण स्थान होता है। रोगी अपने परिवार से ही अनेक दोषपूर्ण अभिवृतियों, प्रतिक्रियाओं, दोष पूर्ण समाजिक कारण को सीखता है। माता पिता के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करते हे। फ्रोमरिकमान (Fromm-Reichmann 1948)ने मनोविदलता के रोगी की माँ के लिए विशेष पद जैसे मनोविदलतायी माँ (Schizophrenic mother) का प्रयोग किया ऐसी माताएँ अपने बच्चो की आवश्यकताओं के प्रति उदासीन, दंबग एवं अप्रभावशील आदि होती है। फ्रोमरिकमान के अनुसार ऐसी माताएँ ऊपर से अपने बच्चों के प्रति समर्पित दिखती है परन्तु सचमुच में वे ऐसा नही होती है और बच्चो का उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए करती है। वे अपने बच्चों के प्रति अति सुरक्षात्मक एवं तिरस्कारात्मक मनोवृत्ति दिखाती है जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों में मनोविदलता उत्पन्न होने की एक मजबूत पृष्ठभूमि तैयार होती है। वार्रिंग एवं रिक्स (1965) के अध्ययन के परिणाम में यह पाया गया कि मनोविदलता के रोगियों की मात्राएँ अत्याधिक भज्जालू, अपर्याप्त, प्रत्याहारी (Withdrawn) , चिंतित शक्की एवं असंगत की जब कि सामान्य व्यक्यिों की माताओं में बहुत सारे वैसे गुण पाये गये जिसे फ्रोम रिभमान ने मनोविदलतायी माँ का गुण बतलाया था।

ब आरम्भिक मानसिक आघात और वचन (Early psychic Trauma and Deprivation)-

मनोविदलन के रोगी अपनी वाल्यावस्था में अनेक तरह के कष्टकारी अनुभवों, दुखद, मानसिक आघात सह चुके होते है जिसमें उनका मानसिक गठन प्रायः अति निर्बल, संवेदनशील, पराजित तथा अपरिपक्व रह जाता है। ऐसी स्थिति में रोगी कई विकारो से ग्रस्त हो जाता है।

स. अत्यधिक प्रतिबल:-

मनोविदलन के उत्पन्न होने का एक कारण तीव्र प्रतिवल भी हो सकता है। तीव्र प्रतिबल की स्थिति में रोगी अपना मानसिक सन्तुलन खोने लगता है। किशोरवस्था और आरम्भिक प्रौढ़ावस्था के प्रतिबल का सम्बन्ध अधीनता, स्वाधीनता, आक्रमकता और कामुकता आदि से होता है। माता पिता द्वारा परस्पर विरोधी मांगे और अवास्ताविकपूर्ण आकाँक्षा स्तर प्रतिबल को और अधिक बढ़ा देता है। वह समाजिक सहभागिता से दूर रहने का प्रयास करता हैं, परन्तु यह उसका प्रत्यागमन भी उसके प्रतिबल के कम नही कर पाता है और वह धीरे धीरे वास्तविक संसार से दूर होने लगता है तथा मनोविदलन का शिकार हो जाता है।

3. सामजिक कारण:-

कैरेन हार्नी ने मनोविदलता का कारण सामजिक असमायोजन माना है । सामाजिक कारकोमेंगरीबी, वेकारी, असुरक्षा, सामाजिक विद्यटन, गन्दी बस्तियाँ तथा व्यक्तिगत समस्याएँ प्रमुख है। हालिगषेड व रेडलिक (1954) ने अपने अध्ययन के आधार पर बताया कि मनोविदलता का रोग निम्न सामजिक, तथा आर्थिक स्तर के व्यक्तियों में अधिक घटित होता है। बड़े बड़े नगरो की झुग्गी - झोपड़ियों में मनोविदलन के रोगी अधिक पाये जाते है और उच्च सामजिक आर्थिक स्तर की वस्तियों में कम होता है। न्यूयार्क के श्वेत नागरिकों की आपेक्षा नीग्रो नागरिकों में मनोविदलन अधिक पाया जाता है।

10.3.4 मनोविदलन का उपचार:-

मनोविदलता के उपचार के लिए प्रशान्तक औषधियों और ऊर्जावर्द्धक औषधियों का उपयोग किया जाता है। इन औषधियों द्वारा रोगियों की उत्तेजना, चिड़ापन चिन्तन विकार, दुश्चिन्ता घबराहट, तनाव आदि को नियत्रिंत किया जाता है। यह औषधिया रोगी का मूड ठीक करने तथा वातावरण में रूचि उत्पन्न करने मे सहायक होती है। प्रशान्तक औषधियों की सहायता से रोगी को तनाव मुक्त किया जा सकता है |इन औषधियों का उपयोग करने से व्यकित निद्रा की आवस्था मे पहुच जाता है। प्रशान्तक औषधियों के साथ साथ कुछ रोगियों को विद्युत आघात की चिकित्सा भी दी जाती है।

मनोविदलता के रोगियों के उपचार के लिए मुख्यतः आघात चिकित्सा, इन्सुलिन पद्धति, शल्य चिकित्सा, व्यवासयिक चिकित्सा सामजिक चिकित्सा, मनो सामजिक चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता है।

दीर्घकालिक रोगियों की अपेक्षा तीव्र रोगियों में औषधियों का प्रभाव अधिक पड़ता है। इन औषधियों द्वारा रोगियों की भ्रमासक्तियों और विभ्रमों में कमी आ जाती है। यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि औषधियों के सेवन से केवल ऊपरी लक्षणों का उपचार होता है। रोग के वास्तिविक उपचार के लिए मनोचिकित्सा बहुत आवश्यक होता है। मनोचिकित्सा रोगी को इस

योग्य बना देती है कि वह अपनी विरूपित अभिवृत्तियों को सही कर सकें और रोगी सामान्य व्यक्तियों की भाति अपना जीवन व्यतीत कर सकें।

10.3.5 स्वःमूल्यांकन हेतु प्रश्न

1. मनोविदलता का अर्थ क्या है ?
2. मनोविदलता को मानसिक ह्रास के रूप में किसने प्रदर्शित किया?
3. मनोविदलता शब्द किस भाषा से लिया गया ?
4. क्रेपलिन ने मनोविदलता को क्या नाम दिया ?
5. ब्लूलर किस देश से संबंधित मनोचिकित्सक था ?
6. मनोविदलता कितने प्रकार का होता है ?

10.4 व्यामोह विकृति का अर्थ:-

व्यामोह विकार से पीडित व्यक्तियों मे विभिन्न प्रकार की व्यामोह प्रतिक्रियांएँ देखने को मिलती है इसमें व्यक्ति अपनी चिन्ता के दमित तीव्र तनाव को भ्रमासक्तियों द्वारा दूर करने का प्रयास करता है। व्यामोह शब्द दो ग्रीक शब्दो से (Para + Nous), मिलकर बना है जिसका अर्थ गलत और मन है यानि कि गलत मन है। प्राचीन काल से ही व्यामोह शब्द का प्रयोग मानसिंक रोगो के लिए किया जाता है, हिप्पो केटीज इस शब्द का प्रयोग सभी प्रकार के पागलपन और मानसिक रोगी के लिए करते थे। परन्तु आज के समय मेंव्यामोह केवल मानसिक रोगी तक ही सीमित हो गया है जिसमें व्यक्ति की मानसिक दशा तो ठीक होती परन्तु उसमें अनेक प्रकार भ्रम उत्पन्न हो जाते है। व्यामोह का प्रमुख लक्षण उसका भ्रमासक्ति तन्त्र होता है जिसमें व्यक्ति को अपने जीवन की वास्तविकता को स्वीकारने के लिए अनेको विभ्रमो से पीडित होता है। व्यामोह की स्थिति में भ्रमासक्तियों का स्वरूप अधिक तांर्किक तथा स्थायी होता है।

कैमरान (1963) के अनुसार:- इस प्रकार का रोगी तनाव और चिन्ता से बचाव हेतु अस्वीकारीकरण और प्रेक्षपण करता है और फलस्वरूप इन रोगियों में व्यवस्थित व्यामोह के लक्षण उत्पन्न हो जाते है। व्यामोह से पीडित सपूर्ण व्यक्तियों मे केवल 1 प्रतिशत लोग ही मानसिक चिकित्सालयों में भर्ती होते है अन्य रोगी अपना उचार घर मे रहकर ही करवाते है व्यामोह से पीड़ित व्यक्तियों की आयु 25 से 65 वर्ष होती है। व्यामोह रोग स्त्री एवं पुरूषो में लगभग बराबर मात्रा में घटित होता है।

10.4.1 व्यामोह विकृति के लक्षण:-

1. व्यामोह विकृति के लक्षण एक व्यक्ति मे सहसा ही उभरते नही देखे जाते बल्कि इन लक्षणों के उत्पन्न होने का प्रक्रम अति व्यवस्थित एवं दीर्धकालिक होता है। यह रोग रोगी के शैशवकालीन जीवन से संबंधित होता है।

2. इस रोग में रोगी को अपनी अविकसित क्षमताओं के प्रति मिथ्या धारणाओं पर अति अटूट् विश्वास होता है| वह अपनी मिथ्या धाराणाओ को ही सही समझता है जिससे उसमे

अंहकारी एवं स्वार्थी होने की भावना उत्पन्न हो जाती है। ऐसे व्यक्तियों का दूसरे व्यक्तियो पर विश्वास बहुत कम होता है और वह दूसरो को संदेह की दृष्टि से देखने लगता है।

3. व्यामोह के रोगी यह भी समझने लगते है कि इस संसार में रहने वाले सभी व्यक्ति स्वार्थी, कठोर निष्ठुर व निर्दयी है और उसे पीडा व कष्ट पहुचँना चाहते है।

4. व्यामोह के रोगी में यह शंका उत्पन्न हो जाती है कि दुसरे व्यक्ति उसकी महान उपलब्धियों, योग्यताओं और महानता की अलोचना करते है व उसके प्रति षडयन्त्र बना रहे है उसकी उपलब्ध्यो की प्रशंसा न करके उससे ईर्ष्या करते है।

5. इस रोग से पीडित व्यक्ति के सामजिक एवं आर्थिक स्तर पर मूलरूप से पास्परिक सबंध भी अत्यधिक संवेदनशील, असंतोषजनक आक्रोश जनक व विकृति जन्य हो जाते है।

6. व्यामोह के रोगियों में भ्रमासक्तियों का जाल इतना सुव्यवस्थित, संगठित, तर्कपूर्ण होता है कि रोगी को विश्वास होने लगता है कि वह जो कुछ कह रहा है वही सब सत्य है और इसके अतिरिक्त सब कुछ गलत है।

7. व्यामोह के रोगी की भ्रमासक्तियों का संबंध जायदाद, धन, दौलत, महत्वपूर्ण पद, धार्मिक विश्वासों आदि से संबंधित होता है। उदाहरण: एक बार प्रोफेसर ब्राउन ने सडक पर खडे एक सैलानी को अपनी कार में स्थान दे दिया। रास्ते मे बातचीत करते हुए सैलानी ने प्रोफेसर ब्राउन को बताया कि वह एक विश्वविघालय में अनुसधानकर्ता है और बेरोजगारी की समस्या पर अनुसंधान कर रहा है प्रो0 बाउन उस सैलानी की बातो से इतना प्रभावित हुए कि उन्होने उसे अपनी कक्षा के सामने व्याख्यान करने का निमन्त्रण दिया। जब अनुसंधानकर्ता समय पर नही पहुँचा तो उन्होने उसके विश्वविघालय को फोन किया विश्वविघालय के अधिकारियों ने प्रो0 को बताया कि इस नाम का कोई व्यक्ति यहा कार्य नही करता है इस कथन से स्पष्ट होता है कि वह सैलानी व्यामोह का रोगी और महानता भ्रमासक्ति से पीड़ित था।

व्यामोह अस्थायी मनस्पाती प्राय तात्कालिक रूप से उत्पन्न हो जाती है। रोगी कुष्ठा, दून्द्ध और दवाब से उत्पन्न प्रतिबल का सामना करने के लिए प्रतिरक्षा क्रिया तन्त्रो के रूप में असंगत भ्रमासकित्यां विकसित कर लेता है।

व्यामोह आवस्थी अनुस्तापी प्रतिक्रिया है जो प्रतिबल उपस्थित होने पर उत्पन्न हो जाती है और प्रतिबल के दूर हो जोने पर समाप्त हो जाते है।

10.4.2 व्यामोह के सामान्य रूप:-

1. उत्पीडन संबंधी व्यामोह:-

इस व्यामोह के अन्तर्गत रोगी में यह भ्रमासक्ति बनी रहती है कि उसके पडोसी, रिश्तेदार, व्यवसाय आदि से संबंधित व्यक्ति उसकी कुशलता और सफलता को देखकर तरह तरह की बाते बनाते रहते है और किसी गलत कार्य में फसा देना चाहते है। एक अटूट भ्रमसाक्ति बन जाती है जिससे कभी कभी रोगी शत्रुता के विचार से उन पर आक्रमण कर देता है व उनकी हत्या करने का प्रयास करने की कोशिश करता है |इस प्रकार के रोगियों में उत्पीड़न व्यामोह की प्रधानता होती हैं|

2. रोगो से संम्बधित व्यामोह:-

इस प्रकार के व्याहमोह के रोगियों में यह विश्वास दृढ रूप से पाया जाता है कि उसे कोई असाध्य रोग हो गया है। वह यह सोचने लगता है कि उनका स्वास्थ्य गिरता जा रहा है वे रोग के उपचार के लिए अनेको डाक्टरों के पास जाते है परन्तु उन्हे यह पूर्ण रूप से विश्वास जो जाता है कि कोई भी चिकित्सक उसके रोग का उपचार नही कर पायेगा।

3. महानता संबंधी व्यामोह:-

महानता से संबंधी व्यामोह सभी प्रकार के रोगियों मे पाये जाते है। परन्तु कभी कभी रोग के आरम्भ से ही रोगी में विभिन्न प्रकार के महानता संबंधी विचारों का जन्म हो जाता है। इस प्रकार के रोगी अपने को महान् व्यक्ति समझने लगते है। इस व्यामोह से पीडित रोगी अपने आप को एक अति लोक प्रिय नेता, अभिनेता, गणितज्ञ, वैज्ञानिक डाक्टर, संगीतज्ञ, कलाकार, चित्राकर, इन्जीनियर, व करोड़ पति व्यक्ति आदि बताते हुए सुना जाता है।

4. कामुक व्यामोह (Erotic paranoia):-

ऐसे पीडित व्यक्ति में यह विश्वास दृढ हो जाता है कि विरोधी लिंग के व्यक्ति उसके ऊपर मोहित होते रहते है। इस प्रकार के रोगियों में लैगिकता संबंधी व्यामोह की प्रधानता अधिक होती है। यह रोगी समझने लगते है कि उनसे कोई युवक या युवती प्रेम करने लगा है। उदा. फिशर ने इस प्रकार के रोगी का वर्णन प्रस्तुत किया है। एक व्यक्ति को व्यामोह हो गया कि एक उच्च कुल की युवती उससे प्रेम करने लगी है। उसने अपनी इस प्रेमिका को प्रेम पत्र लिखा परन्तु उसका कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ तब उसने सोचा कि वह युवती उससे विवाह करना चाहती है। अतः उसने अपनी तरफ से युवती के पिता को एक पत्र लिखा और कहा कि उनकी युवती उससे विवाह करना चाहती है। युवती के पिता ने इस युवक को मानसिक अरोग्यशाला मे चिकित्सा हेतु भेज दिया।

5. विवादी व्यामोह:-

इस प्रकार के व्यामोह मे रोगी विवाद संबंधी परिस्थितियों में घिरा रहता है। उसमे यह भ्रसासक्ति विश्वास बना लेती है कि उसे अपने अधिकारो के लिए अन्य लोगो से लडते रहना आवश्यक है। ऐसे रोगी निरन्तर मुकदमों में लीन रहते है। इनको मुकदमें बाजी या कानूनी झगडे करने का शौक होता है। वह अपने दोषो को अन्य लोगो पर आरोपित करते है।

6. ईर्ष्यात्मक व्यामोह:-

इस प्रकार के व्यामोह मे रोगी की यह धारणा बन जाती है कि वह एक महान व्यक्ति है। इसके कारण लोग उससे जलते है और प्रति ईर्ष्या की भावना रखते है। इस प्रकार के व्यामाहे मेंपति पत्नी आपस में एक दूसरे के प्रति ईर्ष्या की भावना रखते है।

7. सुधारात्मक व्यामोह:-

इस प्रकार के व्यामोह रोगी मे सुधार संबंधी व्यामोह पाये जाते है इन योगियों की दृष्टि से दुनिया संकट से घिरी हुई है तथा आर्थिक समाजिक व राजनैतिक रूप से शीध्र सुधा होने की आवश्यकता है। रोगी यह मानता है कि वही इस संसार का सुधार कर सकता है।

8. धार्मिक व्यामोह:-

धार्मिक व्यामोह के रोगी अपने को परमात्मा का अवतार या भगवान का दूत या धार्मिक सुधारक समझते है। वे रोगी यह सोचते है कि मेरा जन्म संसार की रक्षा करने के लिए हुआ है। यह रोगी दूसरे लोगो का ध्यान आकर्षित करने के लिए धार्मिक उत्थान से संबंधित उपदेश भी देते रहते हैं। अनपढ अशिक्षित तथा पिछडें हुए समाज के व्यक्ति ऐसे धार्मिक व्यामोह से पीडित व्याक्ति की बाते ध्यान से सुनते है।

10.4.3 व्यामोह के कारण:-

1. जैविक कारण:-

कुछ विद्वाना का विचार है कि व्यामोह का कारण आंनुवशिकता और शरी संरचना संबंधी कारक है परन्तु यह विचार त्रुटिपूर्ण है एक अध्ययन में यह देखा गया है कि व्यामोह और वशानुक्रम कोई सबंधं नही है।

2. मनोवैज्ञानिक कारण:-

व्यामोह के उत्पन्न होने में मनोवैज्ञानिक कारण अत्यधिक महत्वपूर्ण है-

1. दोषपूर्ण व्यक्तित्व विकास:-

व्यामोह के रोगियों को बाल्यकाल में जब अत्यधिक संघर्षपूर्ण संवेगात्मक तनाव, चिन्ताये, दुविधापूर्ण स्थिति, विरोध प्रतिशोध जैसे कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है तो यह बाल्यावस्था की स्थिति मे ही अधिक शक्की, जिद्दी, एकान्तप्रिय या क्रोधशील हो जाते है तथा बड़े होने पर वह जीवन की कदु स्थितियो के कारण चिडचिडे और कदु स्वभाव के हो जाते है |उसमें स्नेह पूर्ण संबंधो तथा दूसरो व्यक्तियों के प्रति विश्वास का अभाव होता है। ऐसे रोगियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि अत्यधिक निरकुंशादी होती है तथा इनके घर का वातावरण भी अलोचनात्मक पूर्ण होता है। यह रोगी अपनी कमियों को दूसरो के ऊपर थोपता रहता हैं।

2. सफलता और हीनता की भावना:-

व्यामोह से पीडित रोगी का जीवन असफलताओं से पूर्ण रहता है यह सफलताएँ सामजिक, आर्थिक, व्यावसाहिक आदि किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो सकती है इन असफलताओं को कारण रोगी का अवास्तविक जीवन लक्ष्य तथा दूसरो के साथ मिलजुलकर न रह सकने की योग्यता आदि है।

नवफ्रायडवादियों के अनुसार व्यामोह का कारण असफलता, हीनता अपराध भावना है। ये रोगी अपनी हीनता भावना को छिपाने के लिए वह झूठी श्रेष्ठता भावना का जाल सा बना लेता है यह व्यक्ति दूसरे के मुख से अपनी प्रसन्नता सुनता चाहते है पर अलोचना सहन नही कर पाते है।

3. लैंगिक असमायोजन या कुसमायोजन:-

व्यामोह के रोगियों के लक्षणों की उत्पत्ति का कारण उनका लैगिंक असमायोजन है। सामान्य लैगिंक समायोजन का अभाव व्यामोह से पीडित रोगियो में होता है यह रोगी उच्च नैतिकता के वातावरण में पले हुए होते है यह रोगी लैगिंक सन्तुष्टि को पापमय या घृणा की दृष्टि से देखते है ऐसे व्यक्ति यदि विवाह करते है तो बहुत ही जल्दी तलाक ले लेते है।

फॉयड ने व्यामोह का मुख्य आधार दमित समजाति लैंगिकता को बताया है।

4. जीवन की वास्तविकता का अकुषल परीक्षण:-

बाल्यावस्था में जब व्यक्ति का जीवन की कठिनाइयों व कठोरतओं के प्रति परीक्षण अति निर्बल व निष्क्रिय रह जाता है, तब उसमें इस संबंध में आवश्यक व्यवहार कुशलताएँ विकसित नही हो पाती है ऐसी अकुशलता व अयोग्यता से उसमे आगे चलकर व्यामोह के लक्षण उत्पन्न हो जाते है।

5. सुरक्षा का विस्तार:-

व्यामोह के रोगी में लक्षणो की उत्पत्ति तब होती है जब वह अपनी सुरक्षा का विस्तार करता है। व्यामोह से पीडित व्यक्तियों को हमेशा यह शंका रहती है कि कोई व्यक्ति उसका अहित न कर दें वह इसी भ्रम में दूसरो से दूर रहने लगता है जिससे उसे किसी प्रकार सहायता की आवश्यकता न पड़े।

सामाजिक कारण:-

व्यामोह से पीडित रोगी अधिकतर उच्च सामजिक आर्थिक स्तर के होते है इनका शैक्षिक स्तर भी उच्च होता है इनके जीवन लक्ष्य भी उच्च स्तर के होते है। जिनको कभी-कभी ये रोगी प्राप्त नही कर पाते है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जूझते रहते है और व्यामोह जैसे मानसिक विकार से ग्रस्त हो जाते ह। जब व्यक्ति सामाजिक व आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने में असफल हो जाता है ता उसमें नैराश्य का भाव उत्पन्न हो जाता है जो आग्र चलकर व्यामोह के लक्षण का रूप ले लेता हैं।

10.4.4 व्यामोह का उपचार:-

व्यामोह आवस्थाएँ कुछ दिनो तथा सप्ताह में स्वतः समाप्त हो जाती है रोगी को दूर करने के लिए अनेक औषधियों का उपयोग किया जाता है| रोग की प्रारम्भिक अवस्था में मनोचिकित्सा व विधुत आघात चिकित्सा लाभदायक होती है परन्तु रोग के बढ जाने पर मनोचिकित्सा की कोई भी पद्वति लाभकारी सिद्व नही होती है। ऐसे रोगियों की चिकित्सा के लिए इन्सुलीन व्यावसायिक प्रणाली सामूहिक चिकित्सा, औषधि चिकित्सा सामजिक चिकित्सा आदि का प्रयोग किया जाता है।

व्यामोह के रोगी के रोगी ठीन होने की सम्भावना अपेक्षाकृत कम होती है व्यामोह के रोगियों को चिकित्सालय में भर्ती करना एक गम्भीर समस्या है उपचार काफी लम्बा चलता है।व्यामोह के रोगी को अस्पताल में रखना मुश्किल हो जाता है|

10.4.5 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न:-

1. व्यामोह से क्या तात्पर्य है ?
2. व्यामोह का प्रमुख लक्षण क्या है ?
3. व्यामोह मे पीडित व्यक्तियों का कितने प्रतिशत भाग चिकित्सालय में जाते है ?
4. व्यामोह की प्रारम्भिक अवस्था में कौन सी चिकित्सा लाभदायक है?

10.5 सारांश

. मनोविदलता एक प्रकार का मानसिक रोग है जिसके प्रभाव से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विघटन होना प्रारम्भ हो जाता है इसमे व्यक्ति को अपने बारे सोचने की शक्ति समाप्त होने लगती है वह यह समझ नही पाता है कि वह वातावरण में उचित व्यवहार नही कर रहा है।

. स्विस मनोचिकित्सक ब्लूलर ने इस रोग को शिजोफ्रेनिया का नाम दिया। यह रोग एकल मनोरोग न होकर विभिन्न विकारों का सामूहिक रूप है।

. मनोविदलता नौ (9) प्रकार की होती है:- 1. सरल प्रारूप मनोविदलता 2. युवा विदलन हीवीफ्रेनिक मनोविदलता 3. कैटाटोनिक प्रारूप मनोविदलता, 4. व्यामोह पैरानायड प्रारूप मनोविदलता, 5. बाल्यकालीन मनोविदलता, 6. तीव्र अविभेदित प्रारूप् मनोविदलता, 7. दीर्धकालीन अविभेदित प्रारूप मनोविदलन, 8. भाव प्रारूप मनोविदलन, 9 अवशिष्ट मनोविदलता।

. मनोविदलता के कारण तीन प्रकार के होते है:- 1. जैविक कारक, 2. मनौवैज्ञानिक कारक, 3. समाजिक कारक।

. व्यामोह विकार से ग्रस्त व्यक्ति अनेको प्रकार शंकाओं से ग्रस्त होता है। व्यक्ति तनाव की स्थिति में अनेक प्रकार भ्रमासक्तियों से ग्रसित हो जाता है जिनका दोषी दूसरे व्यक्तियो को ठहराता है के सामान्यतः आठ रूप होते है:- 1. उत्पीडन संबंधी व्यामोह, 2. रोगी से संबंधित व्यामोह, 3. महानता से संबंधी व्यामोह, 4. कामुक व्यामोह, 5. विवादी व्यामोह, 6. ईष्योत्मक व्यामोह, 7. सुधारात्मक व्यामोह, 8. धार्मिक व्यामोह।

10.6 शब्दावली

. मनोविदलता:-

यह शब्द एक मानसिक रोग है जिससे तात्पर्य खण्डित मन तथा विभक्त व्यक्ति होता है।

. भ्रमासक्तियाँ:-

किसी विषय व तथ्य के बारे गलत विचार व धाराएँ भ्रमासाक्तियाँ कहलाती है।

. व्यामोह:-

व्यामोह से पीडित रोगियो मे तनाव, दुश्चिन्ता के कारण भ्रमासक्तियों उत्पन्न हो जाती है इसे व्यामोह विकार कहते है।

10.7 अभ्यास प्रश्नो के उत्तर -

. मनोविदलता का अर्थ व्यक्ति के व्यक्ति में दरार पडना है या फिर खण्डितमन अथवा अत्यधिक विद्यटित व विभक्त व्यक्तित्व होता है।

. मनोविदलता का मानसिंक हास के रूप में मोरेल ने प्रस्तुत किया।

. मनोविदलता 9 प्रकार के होते है।

- व्यामोह शब्द दो ग्रीक भाषा के शब्दो ;चूंतंजदवनेद्धसे मिलकर बना है जिसका अर्थ गलत और मन है यानि गलत मन है।
- व्यामोह का प्रमुख लक्षण भ्रमासक्तियाँ विभ्रम है।
- व्यामोह से पीडित व्याक्त्यिों का 1प्रतिशत भाग ही मानसिक चिकित्सालय जाते है।
- व्यामोह 8 प्रकार के होते है।
- व्यामोह को प्रारम्भिक अवस्था में मनोचिकित्सा व आघात चिकित्सा अत्यधिक लाभदायक सिद्व होती है|

10.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची -

- Coleman, J.C. (1976) Abnormal Psychology & Modern Life, Taraporevala
- Davidson & Neale (1974) Abnormal Psychology, John Wiley
- Kapil, H.K. (2001)अपसामान्य मनोविज्ञान, भार्गव प्रकाशन, आगरा
- मखीजा और मरखीजा (2001) पसामान्य मनोविज्ञान, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल प्रकाशन आगरा।
- सिंह ए.के. (2009) आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, बनारसी, दास दिल्ली|

10.9 निबन्धात्मक प्रश्न

.मनोविदलता से क्या तात्पर्य है मनोविदलता के लक्षणो का वर्णन **कीजिये** |

.मनोविदलता कितने प्रकार की होती है मनोविदलता के उपचार की विधियों की विवेचना **कीजिये** |

.व्यामोह को परिभाषित कीजिए व्यामोह के प्रकारो की उदाहरण सहित व्याख्या **कीजिये** |
.व्यामोह के लक्षणों की विवेचित कीजिए तथा कारणो की विवेचना **कीजिये**|

यूनिट 11 द्विध्रुवी विकार

संरचना

11.1 परिचय

11.2 उद्देश्य

11.3 द्विध्रुवी विकार

11.4 द्विध्रुवी विकार का विकास

11.5 द्विध्रुवी विकार के लक्षण

11.6 द्विध्रुवी विकार के प्रकार

11.6.1 द्विध्रुवी I विकार

11.6.2 द्विध्रुवी II विकार

11.6.3 साइक्लोथाइमिक विकार (साइक्लोथिमिया)

11.6.4 अनिर्दिष्ट द्विध्रुवी विकार

11.7 इकाई अंत प्रश्न

11.8 शब्दावली

11.9 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

11.1 परिचय

यद्यपि मनोविज्ञान विशेषकर असामान्य मनोविज्ञान के क्षेत्र की सभी समस्याये अध्ययन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है तदापि जब हम द्विध्रुवी विकार की बात करते है तो यह अध्ययन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है जिसे उन्मत्त-अवसादग्रस्तता विकार, द्विध्रुवी भावात्मक विकार या उन्मत्त अवसाद इत्यादि नामों से जाना जाता है। द्विध्रुवी विकार एक प्रकार का मनो-निदानात्मक रोग है जो व्यक्ति की उस मनोस्थिति का वर्णन करता है जिसमें व्यक्ति में असामान्य रूप से ऊंचे ऊर्जा स्तर, अनुभूति और मनोदशा के एक या अधिक एपिसोड की उपस्थिति का सामना करता है।

सामान्य शब्दों में, द्विध्रुवी विकार में एक ही व्यक्ति दो भिन्न प्रकार की मनोस्थिति (ऊंचे या निम्न) से ग्रस्त होता है। जहाँ एक ओर, उच्च व्यवहारिक स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में उन्माद कहा जाता है तो वहीँ दूसरी ओर निम्न मानसिक स्थिति को अवसाद कहा जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न अध्ययनों में यह भी स्पष्ट हुआ कि द्विध्रुवी विकृत व्यक्ति उन्माद के साथ-साथ एक दुसरे ही पल में अवसाद के लक्षणों को भी प्रकट करता है जो सामान्यत: "सामान्य" मनोदशा की अवधि से अलग होते हैं परन्तु फिर भी कुछ व्यक्तियों में, उत्साह-विषाद के लक्षणों में बहुत ही तीव्रता से परिवर्तन देखने को मिलता है। वर्तमान इकाई का प्रमुख उद्देश्य द्विध्रुवी विकारों को न केवल समझना है बल्कि इसके द्वारा इसके विभिन्न प्रकारो, लक्षणों और उन उपचारात्मक प्रक्रिया को समझना है जो एक चिकित्सकीय मनोवैज्ञानिक के लिए अनिवार्य हैं।

11.2 उद्देश्य

वर्तमान इकाई को पढ़ने के बाद अध्ययनकर्ता-

- ❖ द्विध्रुवी विकार की प्रकृति को स्पष्ट रूप से समझ सकेंगे
- ❖ इसके अतिरिक्त द्विध्रुवी विकारों के विभिन्न लक्षणों को भी स्पष्ट रूप से समझ सकेंगे
- ❖ द्विध्रुवी विकारों और अवसादग्रस्तता विकार के अन्य रूपों के बीच के अंतर का विश्लेषण करने में समर्थ होंगे।`

11.3 द्विध्रुवी विकार

द्विध्रुवी विकार को एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के रूप लिया जाता है जिसमें व्यक्ति के व्यवहार, ऊर्जा और गतिविधियों के स्तर पर प्रभाव पड़ता है जिसमे व्यक्ति अवसाद के साथ-साथ अत्यधिक उन्माद के लक्षणों को महसूस करता है। द्विध्रुवी विकार एक गंभीर प्रकार का मानसिक रोग है जिसे आमतौर पर मनोदशा विकार के रूप में भी लिया जाता है। इस रोग से ग्रसित व्यक्ति की मनोदिशा बारी-बारी से दो भिन्न एवं अधिकाशत: विपरीत दिशाओं में आती-जाती रहती है जिसे चिकित्कीय भाषा में उन्माद और अवसाद की अवस्था कहते हैं। प्राय: ऐसा देखा गया है कि जब व्यक्ति उन्माद की अवस्था में होता है तो व्यक्ति में सामान्य से अधिक आशावादिता देखने को मिलती है, वह अपने बारें में बढ़ी-चढ़ी धारणा रख लेता है, अत्यधिक क्रियाशील हो जाता है इत्यादि तो वहीँ दूसरी ओर अवसाद की मनोदशा में व्यक्ति में उदाशीनता के लक्षण देखने को मिलते है। साथ अवसाद की मनोदशा व्यक्ति थकान, स्वयं के प्रति दोषारोपण

या आशाहीनता को महसूस करता है। द्विविमीय भावनात्मक अस्थिरता को द्विध्रुवी विकार वाले लोगों की महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में लिया जाता है। यद्यपि भावनात्मक अस्थिरता का गुण बिना द्विध्रुवी विकार वाले लोगों में भी भावनाओं के उतार-चढ़ाव के रूप में देखने को मिलता है। हालाँकि, सामान्य व्यक्तियों में भावनात्मक परिवर्तन आमतौर पर कुछ दिनों के बजाय कुछ घंटों तक चलता हैं। इसके अतिरिक्त सामान्य व्यक्तियों में होने वाले भावनात्मक परिवर्तन से व्यक्ति के दैनिक और सामाजिक दिनचर्या में कोई बाधा नहीं होती है। अध्ययनों ने स्पष्ट किया है कि उपचार की अनुपलब्धता के कारण कुछ लोगों में, जो इस समस्या से पीड़ित होते है, अपने दैनिक जीवन के कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पादित करने की अक्षमता देखने को मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ के अनुसार, अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4.5 प्रतिशत वयस्क अपने जीवनकाल में एक समय द्विध्रुवी विकार से जूझते है।

11.4 द्विध्रुवी विकार का विकास

चिकित्सा साहित्य में द्विध्रुवी विकार का सबसे पहला उल्लेख प्राचीन ग्रीस के एक चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स (460-370 ईसा पूर्व) से मिलता है, जिन्हें अक्सर "चिकित्सा का जनक" कहा जाता है जिन्होंने दो चरम मनोदशाओं का दस्तावेजीकरण करने का प्रयास किया। हिप्पोक्रेट्स के अनुसार, द्विध्रुवी विकार में व्यक्ति दो चरम परन्तु विपरीत दिशाओं में अग्रसरित भावनात्मक मनोदशाओं को महसूस करता है। जहाँ एक ओर हिप्पोक्रेट्स ने अत्यधिक दुःख की स्थिति को "उदासी" कहा तो वहीँ दूसरी ओर अत्यधिक ऊर्जावान या उत्साहित महसूस करने को 'उन्माद' की संज्ञा दी। पहली शताब्दी के एक अन्य यूनानी चिकित्सक, कप्पाडोसिया के ऐरेटियस ने मूड स्पेक्ट्रम की अवधारणा को प्रस्तुत करने का श्रेय जाता है। इसके अतिरिक्त, ऐरेटियस वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने उत्साह और विषाद को मानसिक समस्या के रूप में स्वीकार किया। ऐरेटियस के अनुसार उत्साह और विषाद एक ही स्केल के दो अलग-अलग छोर होते हैं। एथेनियन दार्शनिक, प्लेटो (428-348 ईसा पूर्व) ने उन्माद की अवधारणा को गहनता से समझते हुए अपने लेखन में इसके दो प्रकारों का वर्णन किया। द्विध्रुवी विकारों के प्रकारों को स्पष्ट करते हुए प्लेटो ने स्पष्ट किया कि एक (संभवतः उन्माद) में मानसिक तत्व शामिल होता है जिसकी उत्पत्ति शारीरिक कारणों से होती तो वहीँ दूसरी (संभवतः विषाद) को दैवीय प्रकोप का परिणाम माना गया। अपने

अध्ययनों के माध्यम से हिप्पोक्रेट्स और ऐरेटियस दोनों के बीच के अंतर को समझाते हुए कहा कि उदासी और उन्माद किसी स्थिति के लिए केवल मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रियाएं नहीं, बल्कि जैविक स्थितियां भी है। द्विध्रुवी विकारों की उत्पत्तिं को व्यक्ति की चितप्रकति के आधार पर भी स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। ऐसा माना गया है कि जहाँ एक ओर काले पित्त की अधिकता व्यक्ति में अवसाद का कारण बनती है तो वहीँ दूसरी ओर उन्माद बहुत अधिक पीले पित्त के कारण होता है। 19वीं सदी के मध्य तक, अवसाद और उन्माद को व्यक्ति की दो अलग-अलग लक्षणों वाली स्थितियाँ के रूप लिया जाता था। 1850 का दशक द्विध्रुवी विकार के अध्ययन का स्वर्णिम काल के रूप में लिया जाता है क्योकिं इस दसक में जीन-पियरे फाल्रेट (1794-1870) नामक फ्रांसीसी मनोचिकित्सक ने दोनों विकारों को सयुक्त करते हुए एक नया और अलग विकार बनाया जिसे उन्होंने "फोली सर्कुलर" कहा, जिसमें किसी को अवसाद, उन्माद और बीच-बीच में अलग-अलग समय के अंतराल का निरंतर चक्र होता था। इसी समय, जूल्स बैलेर्गर नामक एक अन्य फ्रांसीसी मनोचिकित्सक और न्यूरोलॉजिस्ट ने एक अन्य स्थिति का वर्णन किया जिसे उन्होंने "फोली ए डबल फॉर्मे" कहा। दोनों विकारों के रूप को स्पष्ट करते हुए जूल्स बैलेर्गर ने कहा कि समय के साथ-साथ एक की अति दूसरी की अति में बदल जाती है। जर्मन निवासी एक अन्य मनोचिकित्सक कार्ल काहलबौम (1828-1899) ने मानसिक विकारों को दो श्रेणियों, एक वे जो मन में सीमित अशांति पैदा करती है और दूसरी वे जो मन में पूरी तरह से अशांति उत्पन्न करती है, में विभक्त किया और कहा की मन की इन्हीं दो स्थितियों को उत्साह और विषाद के रूप लिया जा न्सकता है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य जर्मन मनोचिकित्सक एमिल क्रेपेलिन (1856-1926) जिन्हें आधुनिक मनोचिकित्सा का जनक कहा जाता है, ने सभी प्रकार के भावात्मक विकारों को एकीकृत कर उन्मत्त-अवसादग्रस्तता पागलपन का नाम दिया जिसे कुछ विरोधों के बावजूद वर्तमान समय में भी स्वीकार किया जाता है। द्विध्रुवी विकार एक गोलाकार पैटर्न है जिसे उत्पादक, संतुलित जीवन जीने के लिए बाधित किया जाना चाहिए। एक अनुमान के अनुसार, वयस्क पुरुषों और महिलाओं दोनों में ही इस विकार से सम्बंधित लक्षणों की आवृत्ति समान होती है।

11.5 द्विध्रुवी विकार के लक्षण

नेशनल अलायंस ऑन मेंटल इलनेस (NAMI) के अनुसार, "द्विध्रुवी विकार वाले लोग उच्च और निम्न मनोदशाओं का अनुभव करते हैं जिन्हें उन्माद और अवसाद के रूप में जाना जाता है जो कि अधिकांश लोगों द्वारा अनुभव किए जाने वाले सामान्य उतार-चढ़ाव से भिन्न होता है।" इस प्रकार हम कह सकते है कि एक सामान्य व्यक्ति के व्यवहार में भी परिवर्तन देखने को मिलता है परन्तु जब द्विध्रुवी विकार वाले व्यक्तियों के व्यवहारों का अध्ययन किया जाता है तो हम पाते है कि इन लोगों में होने वाला व्यवहारात्मक परिवर्तन तीव्र और अकस्मात् होने के साथ ही उस व्यक्ति और उससे जुड़े अन्य के साथ उसके समायोजन को प्रभावित करता है। दूसरे शब्दों में, तीव्र और अकस्मात् भावनात्मक परिवर्तन द्विध्रुवी विकार वाले लोगों की प्रमुख विशेषता है। इसके अतिरिक्त द्विध्रुवी विकार वाले लोग असामान्य रूप से तीव्र भावना की अवधि और नींद के पैटर्न और गतिविधि के स्तर में बदलाव का अनुभव करते हैं, और ऐसे व्यवहार में संलग्न होते हैं जो उनके चरित्र से बाहर होते हैं। इन विशिष्ट अवधियों को मूड एपिसोड कहा जाता है। मूड एपिसोड व्यक्ति के सामान्य मूड और व्यवहार से बहुत अलग होते हैं। एक प्रकरण के दौरान, लक्षण अधिकांश दिन तक बने रहते हैं। एपिसोड लंबी अवधि तक भी चल सकते हैं, जैसे कई दिन या सप्ताह तक।

चित्र सं०: 11.1: द्विध्रुवी विकार के लक्षण



द्विध्रुवी विकारों के प्रमुख लक्षणों को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है-:

तालिका 11.1: उत्साह-विषाद के प्रमुख लक्षण

क्रम सं	उत्साह के लक्षण	विषाद के लक्षण
1.	बहुत उत्साहित, उत्साहित, उत्साहित, या बेहद चिड़चिड़ा या मार्मिक महसूस करना	बहुत उदास या उदास, या चिंतित महसूस करना
2.	उछल-कूद या घबराहट महसूस होना, सामान्य से अधिक सक्रिय होना	धीमा या बेचैन महसूस करना
3.	नींद की आवश्यकता कम होना	सोने में परेशानी होना, बहुत जल्दी उठना, या बहुत अधिक सोना
4.	कई अलग-अलग चीजों के बारे में तेजी से बात करना ("विचारों की उड़ान")	बहुत धीरे-धीरे बात करना, कहने के लिए कुछ भी न ढूंढ पाना या बहुत कुछ भूल जाना
5.	रेसिंग के विचारों	ध्यान केंद्रित करने या निर्णय लेने में परेशानी होना
6.	बिना थके एक साथ कई काम करने में सक्षम महसूस करना	साधारण कार्य भी करने में असमर्थता महसूस होना
7.	खाने, पीने, सेक्स या अन्य आनंददायक गतिविधियों के लिए अत्यधिक भूख होना	लगभग सभी गतिविधियों में रुचि की कमी होना
8.	असामान्य रूप से महत्वपूर्ण, प्रतिभाशाली या शक्तिशाली महसूस करना	निराश और बेकार महसूस करना, या मृत्यु या आत्महत्या के बारे में सोचना

अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कभी-कभी एक व्यक्ति में एक ही प्रकरण में उन्मत्त और अवसादग्रस्तता दोनों लक्षण होते है जिसे मिश्रित विशेषताओं वाला प्रकरण कहा जाता है। इस मिश्रित विशेषताओं वाला प्रकरण में एक व्यक्ति कभी बहुत उदास, खाली या निराश महसूस करने के साथ ही अत्यधिक ऊर्जावान भी महसूस करता हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि एक द्विध्रुवी विकार विकृत व्यक्ति में लक्षणों के तीव्रता कम या ज्यादा कुछ भी सकती है। उदाहरण के लिए द्विध्रुवी II विकार वाले कुछ लोग हाइपोमेनिया का अनुभव करते हैं, जो उन्माद का एक कम गंभीर रूप है।

हाइपोमेनिक एपिसोड के दौरान, एक व्यक्ति बहुत अच्छा महसूस कर सकता है, काम पूरा करने में सक्षम हो सकता है, और दिन-प्रतिदिन के जीवन को जारी रख सकता है। व्यक्ति को यह महसूस नहीं होता है कि कुछ भी गलत है, लेकिन परिवार और दोस्त मूड या गतिविधि के स्तर में बदलाव को द्विध्रुवी विकार के संभावित लक्षणों के रूप में पहचान सकते हैं। उचित उपचार के बिना, हाइपोमेनिया से पीड़ित लोगों में गंभीर उन्माद या अवसाद विकसित हो सकता है।

11.6 द्विध्रुवी विकार के प्रकार

द्विध्रुवी विकार व्यक्ति के व्यवहार से संदर्भित एक गंभीर समस्या है जिसका प्रभाव उचित उपचार के अभाव में आजीवन रहता है। इस विकार के लक्षण इतने सामान्य होते है कि एक व्यक्ति कब इससे ग्रसित हो जाता है, उसको पता ही नहीं चलता और कुछ ही समय के उपरांत व्यक्ति के व्यवहार में अचानक बदलाव आने लगता है। उन्माद और अवसाद के प्रकरणों,उनकी तीव्रता, और अन्य लक्षणों इत्यादि के आधार पर द्विध्रुवी विकारों को विभिन्न प्रकार से श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। द्विध्रुवी विकारों का सर्वमान्य वर्गीकरण DSM-IV-TR और ICD-10 में दिया गया है जिसमें द्विध्रुवी विकारों के तीन प्रमुख और एक उप-प्रकार को दर्शाया गया है जिसको अध्ययन की दृष्टि से निम्न प्रकार से समझा जा सकता है-:

चित्र सं०:11.2: द्विध्रुवी विकार के प्रकार



11.6.1 द्विध्रुवी I विकार: यह बीमारी का प्राचीनतम रूप है। **द्विध्रुवी I विकार में** कम से कम एक उन्मत्त या मिश्रित प्रकरण देखने को मिलता है जो कम से कम सात दिनों तक चलते हैं। इस समस्या कुछ मामलों में लक्षणों की तीव्रता इतनी अधिक होती है कि रोगी को तत्काल अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता होती है। आम तौर पर, द्विध्रुवी-I विकार वाले व्यक्तियों में अवसादग्रस्त एपिसोड भी देखने को मिलते हैं, जो आम तौर पर कम से कम दो सप्ताह तक चलते हैं, जो दैनिक कामकाज को काफी हद तक खराब कर देते हैं और परेशानी का कारण बनते हैं। द्विध्रुवी I विकार (उन्माद के दौरान) के सामान्य लक्षण निम्नलिखित हैं:

- ❖ फुली हुई आत्म-छवि (भव्यता)
- ❖ तेज़ और तेज़ भाषण
- ❖ सक्रियता के साथ बढ़ी हुई ऊर्जा
- ❖ बहुत ज्यादा या बहुत कम सोना
- ❖ अतिकामुकता
- ❖ मादक द्रव्यों का सेवन
- ❖ विचारों या विषयों का त्वरित परिवर्तन
- ❖ आसानी से विचलित होना
- ❖ अवसादग्रस्त मनोदशा में रहते हुए, व्यक्ति निम्नलिखित लक्षणों का अनुभव करता है:
- ❖ बेचैनी या उत्तेजना महसूस होना
- ❖ ऊर्जा की हानि या थकान
- ❖ बार-बार आत्मघाती विचार आना और मृत्यु होना
- ❖ सभी प्रमुख गतिविधियों में रुचि की हानि
- ❖ बेकार या दोषी महसूस करना

11.6.2 द्विध्रुवी II विकार: इस अवस्था में, व्यक्ति विशेष रूप से हाइपोमेनिया और गंभीर अवसाद दोनों के एपिसोड का अनुभव करता हैं। एपिसोड के बीच लोग अपने सामान्य कार्य पर

लौट आते हैं। द्विध्रुवी II वाले व्यक्ति अक्सर अवसादग्रस्त उन लक्षणों, जो गंभीर हो सकते हैं, के उपचार की तलाश करते हैं। उन्हें अक्सर अन्य सहवर्ती मानसिक बीमारियाँ होती हैं, जैसे चिंता विकार या मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार। द्विध्रुवी II के लक्षण द्विध्रुवी I के समान लगते हैं और पुरुषों के बजाय महिलाओं में इसका निदान प्रमुखता से किया जाता है। द्विध्रुवी I और द्विध्रुवी II विकार दोनों के लिए औसत आयु 21 वर्ष है। द्विध्रुवी 1 और द्विध्रुवी 2 के बीच प्राथमिक अंतर यह है कि द्विध्रुवी II फॉर्म द्विध्रुवी 1 का हल्का रूप नहीं है, बल्कि एक अलग निदान है। जबकि द्विध्रुवी I विकार के उन्मत्त एपिसोड गंभीर और खतरनाक हो सकते हैं, द्विध्रुवी II विकार वाले व्यक्ति लंबे समय तक उदास रह सकते हैं, जिससे महत्वपूर्ण हानि हो सकती है।

11.6.3 साइक्लोथाइमिक विकार (साइक्लोथिमिया): यह द्विध्रुवी विकार का हल्का रूप है जिसमें चक्रीय मनोदशा परिवर्तन होते हैं। इसमें निम्न स्तर के अवसाद की अवधि शामिल होती है जो हाइपोमेनिया की अवधि के साथ वैकल्पिक होती है। द्विध्रुवी II और साइक्लोथाइमिया के बीच एक बुनियादी अंतर यह है कि मन की यह स्थिति आम तौर पर दो साल या उससे अधिक समय तक बनी रहती है, जिसमें दोनों मूड के बीच बार-बार बदलाव होता रहता है। हालाँकि, लक्षण पूर्ण विकसित उन्माद या अवसाद से कम गंभीर होते हैं। लक्षणों में शामिल हैं:

- ❖ उत्साह (ख़ुशी की अतिरंजित अनुभूति)
- ❖ जोखिम भरे विचार
- ❖ सामान्य से अधिक बात करना
- ❖ खराब राय
- ❖ आत्महत्या के बारे में सोच रहे हैं
- ❖ ग्लानि की भावना
- ❖ वजन घटना

11.6.4 अनिर्दिष्ट द्विध्रुवी विकार: अनिर्दिष्ट द्विध्रुवी विकार का निदान आमतौर पर तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति के लक्षण पूरी तरह से उपरोक्त श्रेणियों में नहीं आते हैं, लेकिन वह अभी

भी अवसादग्रस्तता, उन्मत्त या हाइपोमेनिक लक्षणों का अनुभव करता है। कुछ मामलों में, अनिर्दिष्ट द्विध्रुवी विकार के लक्षण अन्य चिकित्सीय स्थितियों, जैसे नशीली दवाओं और शराब के दुरुपयोग के कारण हो सकते हैं। उन्मत्त लक्षणों के मामले में सबसे गंभीर है जो गंभीर समस्याओं और अस्पताल में भर्ती होने का कारण बन सकता है।

11.7 इकाई अंत प्रश्न

1. द्विध्रुवी विकार से आप क्या समझते हैं? यह अन्य मनोदशा संबंधी विकारों से किस प्रकार भिन्न है?
2. द्विध्रुवी विकारों के लक्षणों पर विस्तार से चर्चा करें।
3. द्विध्रुवी विकार के प्रकारों पर चर्चा करें। द्विध्रुवी I विकार और द्विध्रुवी II विकार के बीच अंतर करें।

11.8 शब्दावली

- **द्विध्रुवी विकार:** मनोदशा संबंधी विकार जिसमें व्यक्ति अनुभव करता है।
- **साइक्लोथाइमिक विकार:** एक लंबे समय तक चलने वाला विकार जिसमें उन्माद दोनों शामिल हैं।
- **अवसाद:** दुःख की व्यापक भावना जो किसी नुकसान या तनावपूर्ण घटना के बाद शुरू हो सकती है, लेकिन उसके बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है।
- **अवसादग्रस्तता विकार:** अवसादग्रस्तता लक्षण जो निदान के अनुरूप हों।

11.9 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- Alloy L.B., Abramson L.Y., Urosevic S., Walshaw P.D., Nusslock R., Neeren A.M. (2005) The psychosocial context of bipolar disorder: environmental, cognitive, and developmental risk factors. Clinical Psychology Review. 25, 1043–1075.
- Ambelas, A. (1987). Life events and mania: A special relationship. British Journal of Psychiatry, 150, 235-240.

- American Psychiatric Association (1994). Diagnostic and Statistical Manual of Mental Disorder (4th ed.) (DSM-IV), Washington DC: American Psychiatric Association.
- Aronson, T. A. & Shukla, S. (1987). Life events and relapse in bipolar disorder: The impact of a catastrophic event. Acta Psychiatrica Scandinavica , 57, 571-576.
- Bertelson, A,. Harvald, B,. & Hauge, M (1977). A Danish twin study of manic- depressive disorders. British Journal of psychiatry, 130, 330-351.
- Bowden, C.L. (1993). The clinical approach to differential diagnosis of bipolar disorder. Psychiatric Annals, 23, 57-63.
- Burmeister, M., Melvin G. M., & Sebastian, Z. (2008). Psychiatric genetics: Progress and controversy. Nature Reviews Genetics 9, 527–540.
- Gabriele, S., Leverich, A., Robert, M. (2006). Post course of bipolar disorder after history of childhood trauma. The Lancet, 367, 1040–1042.
- Goodwin, F. K. & Jamison, K. R. (1990). Manic depressive illness. New York: Oxford University Press.
- Hallam, K. T., Olver, J. S., Horgan, J. E., McGrath, C., & Norman, T. R. (2005). "Low doses of lithium carbonate reduce melatonin light sensitivity in healthy volunteers". Int. J. Neuropsychopharmacol. 8, 255–9.
- Kallman, F. J. (1958). The use of genetics in psychiatry. J. Ment. Sci. 104, 542- 549.
- Kato, T. (2007). "Molecular genetics of bipolar disorder and depression." Psychiatry Clinical Neuroscience, 61, 3–19.
- Katz, R. & McGuffin, P. (1993). The genetics of affective disorders. In L. J. Chapman,
- J. P. Chapman & D.C. Fowles (Eds.) Progress in experimental personality and psychopathology research (Vol. 16). New York: Springer.

- Kempton, M.J., Geddes, J.R, Ettinger, U. (2008). Meta-analysis, database, and meta-regression of 98 structural imaging studies in bipolar disorder. Archives of General Psychiatry, 65, 1017–1032
- Kieseppä, T., Partonen, T., Haukka, J., Kaprio, J., & Lönnqvist, J. (2004). High concordance of bipolar I disorder in a nationwide sample of twins. American Journal of Psychiatry 161, 1814–1821.
- KraeplinE. (1899). Psychiatrie. Ein Lehrbuch fur studiernde und aerzte (6th ed.) Leipzig: Barth.
- Lewy, A.J., Nurnberger, J.I., Wehr, T.A. (1985). Supersensitivity to light: Possible trait mark for manic-depressive illness. American Journal of Psychiatry 142, 725–727.
- Louisa, D, Grandin, L. B., Alloy, L. Y. & Abramson (2007). Childhood stressful life events and bipolar spectrum disorder. Journal of Social and Clinical Psychology, 26, 460–478
- McGuffin, P; Rijsdijk, F; Andrew, M; Sham, P; Katz, R; & Cardno, A (2003). The heritability of bipolar affective disorder and the genetic relationship to unipolar depression. Archives of General Psychiatry, 60, 497–502.
- Miklowitz, D. J. and Kiki, D. C. (2008). Prevention of bipolar disorder in at-risk children: Theoretical assumptions and empirical foundations. Development of Psychopathology, 20, 881–897.
- Mitchell, P., Mackinnon, A., & waters, B. (1993). The genetics of bipolar disorder. Australia and New Zealand Journal of Psychiatry, 27, 560-580.
- Perris, C. (1992). Bipolar-unipolar distinction. In E.S. Paykel (Ed.) Handbook of Affective disorders (2nd ed.), New York: Guilford.
- Plomin, R., DeFries, J. C., McLearn, G.E., & Rutter, M. (1997). Behaviour genetics (3rd ed.), New York: W. H. Freeman.
- Quick Reference to the Diagnostic Criteria from DSM-IV-TR. Arlington, VA: American Psychiatric Association, 2000.

- Reich, T., Clayton, P. J. and Winokur, G. (1969). Family history studies-V The genetics of Mania. American Journal of Psychiatry l25, l358–1369.
- Serretti, A. & Mandelli, L. (2008). The genetics of bipolar disorder: genome 'hot regions,' genes, new potential candidates and future directions. Mol. Psychiatry, 13,742–771.
- Strakowski, S. M., DelBello, M. P, Sax, K.W. (1999). Brain magnetic resonance imaging of structural abnormalities in bipolar disorder. Archives of General Psychiatry, 56, 254–260.
- Tohen, M., Zarate, C. A. Jr., Hennen, J., Khalsa, H. M., Strakowski, S. M., Gebre- Medhin, P., Salvatore, P., & Baldessarini, R. J. (2003). The McLean-Harvard first- episode mania study: Prediction of recovery and first recurrence. American Journal of Psychiatry. 160, 2099-20107.
- Whalley, L. J., Perini, T., Shering, A., & Bennie, J. (1991). Melatonin response to bright light in recovered, drug-free, bipolar patients. Psychiatry Res. 38, 13–9.
- Whybrow, P. C. (1997). A mood apart. New York: Basic Books.

वेव-सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- https://www.webmd.com/bipolar-disorder/history-bipolar
- https://www.cadabams.org/blog/bipolar-disorder-types
- https://sunhouston.com/types-of-bipolar-disorders/
- https://sprintmedical-in.translate.goog/blog/bipolar-disorder-manic-depression-symptoms-causes-and-treatments
- https://www.nimh.nih.gov/health/topics/bipolar-disorder

इकाई 12 . व्यक्तित्व विकृतियाँ (Personality Disorders

इकाई संरचना

12.1 प्रस्तावना

12.2 उद्देश्य

12.3 व्यक्तित्व विकार का अर्थ एवं स्वरूप

12.4 व्यक्तित्व विकार के प्रकार

12.5 स्वमूल्यांकन हेतु प्रश्न

12.7 सारांश

12.8 शब्दावली

12.9 अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

12.10 सन्दर्भ ग्रन्ध सूची

12.11 निबन्धात्मक प्रश्न

12.1 प्रस्तावना

व्यक्तित्व एक ऐसा तंत्र है जिसके मानसिंक या मनोवैज्ञानिक तथा शारीरिक दोनो ही पक्ष होते है यह तंत्र ऐसे तत्वों का एक गठन होता है जो आपस में अन्तक्रिया करते है व्यक्तित्व ना तो पूर्णत मानसिंक या मनोवैज्ञानिक होता है और न पूर्णत शारीरिक ही। व्यक्तित्व इन दोनो तरह के पक्षों का मिश्रण है।

जब किसी भी व्यक्ति में शारीरिक व मानसिक रूप में विकार उत्पन्न होने लगते है तब ऐसे विकारों को व्यक्तित्व विकार के रूप में जाना जाता है।

व्यक्ति के व्यक्तित्व में विकार उत्पन्न् होने का कारण केवल शरारीरिक व मानसिक ही नही होता बल्कि व्यक्ति के व्यवहार पर निर्भर करता है कि व्यक्ति कैसा व्यवहार करता है व्यक्ति के व्यवहार में यदि असमायोजन अत्यधिक होता है तब व्यक्ति के व्यक्तित्व में विकार उत्पन्न होने लगते है। व्यक्तित्व विकृति वैसा विकृति है जो पर्यावरण को कुसमायोजित ढ़ग से प्रत्यक्ष करने तथा उसके प्रति अनुक्रिया करने की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। इसके अर्न्तगत सम्बन्धित व्यक्ति जीवन में अपनी अत्यधिक सुःखवादी, आवेगी व समाज विरोधी इच्छाओं की पूर्ति निर्द्धन्द तथा निः कोच रूप से सम्पन्न करते देखा जा सकता है।

12.2 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई के अर्न्तगत हम व्यक्तित्व विकार के स्वरूप व इनके प्रकारों, कारणो तथा उपचार का अध्ययन करेगें-

a)व्यक्तित्व विकार का अर्थ ।

b)व्यक्तित्व विकार के प्रकार।

c)समाज विरोधी व्यवहार, लक्षण, कारण, उपचार।

d)बाल अपराध, कारण एवं उपचार

e)प्रौढ़ अपरोध व नव अपराधी।

f)कामुक विचलन, कामुक विचलन के कारण, कामुक विचलन के प्रकार एवं उपचार।

g)मद्यव्यसनिता।

h)मद्यव्सनिता के प्रकार।

12.3. व्यक्तित्व विकार का अर्थ एवं स्वरूप

मनस्ताप तथा मनोस्नायुविकृति व मनोविक्षिप्तता आदि मानसिक रोगो की तरह विभिन्न प्रकार के व्यक्तित्व विकारो की प्रतिक्रियाएँ भी दोषपूर्ण व्यक्तित्व विकार के कारण उत्पन्न होती है मानसिक रोगो मे अनेक प्रकार के मानसिक एवं संवेगात्मक लक्षण पाये जाते है परन्तु व्यक्तित्व विकारों में इन लक्षणो के स्थान पर कुसमायोजित बाहा व्यवहार होता है। इसलिए व्यक्तित्व विकारो से ग्रस्त व्यक्तियों में न तो क्लेश अथवा विपत्ति की भावना रहती है और न ही वे स्वयं को मानसिक रोगी मानते है।

जब किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व मे विकार उत्पन्न होने लगते है तो उसका व्यक्तित्व विघटित् होने लगता है जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिंक स्थिति पर प्रभाव पडता है। परन्तु फिर भी यह व्यक्ति अपने आप को किसी भी तरह शारीरिक व मानसिंक रूप से रोगी नही मानते है व्यक्तित्व में विकार आने के कारण इनके सामजिक संबंधो में विखण्डन हो जाता है। परन्तु किसी भी प्रकार के भी विपत्ति के समय वह अडिग रहते है। और विपत्ति का सामाना करते रहते है।

किसी भी प्रकार के मनोस्नायुविकृति से गस्त होने पर व्यक्ति की मानसिक स्थिति खराब होने लगती है उसी प्रकार व्यक्ति के व्यक्तित्व में विकार आ जाने पर उसके बाहा व्यवहार में भी परिवर्तन आने लगता है। वह समाज विराधी प्रतिक्रियाएँ करना आरम्भ कर देता है । जिससे उसका शारीरिक और मानसिंक सन्तुलन बिगडने लगता है और उसका व्यक्तित्व विकारों से ग्रस्त होने लगता है। डेविसन और निल के अनुसार "व्यक्तित्व विकृति, विकृतियों का विषय समूह है जो वैसे व्यवहारों एवं अनुभूतियों का स्थायी एवं अनम्य पैटर्न होता है जो सांस्कृतिक प्रत्याशाओ से विचलित होता है और तकलीफ या हानि पहुचाता है"।

12.4 व्यक्तित्व विकार के प्रकार

व्यक्तित्व विकारो को मुख्य रूप से पांच प्रकारो में बाटा जा सकता है।

1. समाज विरोधी विकृत प्रति क्रियाऐं।
2. बालापचार
3. प्रौढ अपराध एवं नव अपराधी
